2 फरीदाबाद
नई शिक्षा नीति को बनाएंगे रोजगार परक

6 अभिमत
श्रीलंकाः सुलह-समझौते के प्रयास

9 देश-विदेश
विपक्ष के प्रश्नों का ठोस जवाब नहीं देने का आरोप लगाया

11 स्पेशल
चाय-कॉफी नहीं सर्दी में इन पांच तरीकों से पीएं दूध, सुधरेगी सेहत

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 328
फरीदाबाद, मंगलवार, 09 जनवरी, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट से संन्यास लिया

पेज - 12

बाजार

सेंसेक्स	71355	▼ 670.93	
निफ्टी	21513	▼ 197.80	
सोना	63200	▼ 250	/10 gm
चांदी	76300	▼ 400	/kg

मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 16.00°C
न्यूनतम 08.00°C

क्विक न्यूज

हमारे लिए, स्वास्थ्य केवल राष्ट्र तक सीमित नहीं : मनसुख

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को राजधानी दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश और दुनिया की स्वास्थ्य चिंताओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना और दुनिया के स्वास्थ्य की चिंता करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, हमारे लिए, स्वास्थ्य केवल राष्ट्र तक सीमित नहीं है। हम वसुधैव कुटुंबकम के दर्शन में विश्वास करते हैं। विश्व हमारा परिवार है, ये हमारे मूल्य, सभ्यता और जीवनशैली हैं। हम जो ज्ञान प्रदान करते हैं उसका पेटेंट नहीं कराते हैं।

मणिपुर के मोरेह में पुलिस और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी

इंफाल। भारत-म्यांमा सीमा से सटे मोरेह शहर में सोमवार सुबह मणिपुर पुलिस और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों को उस समय निशाना बनाया, जब वे मोरेह शहर से गुजर रहे थे। उन्होंने कहा कि उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर मोर्टार से गोले दागे। उन्होंने बताया कि दोनों तरफ से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार की रात भी वार्ड-7 और मोरेह बाजार में गोलीबारी की सूचना मिली थी।

बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर बोले- शोषण के स्थल हैं मंदिर

सासाराम। बिहार में राजद के वरिष्ठ नेता और राज्य के शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर द्वारा मंदिरों को षड्यंत्रकारियों की जेबें भरने के लिए स्थापित शोषण स्थल कहे जाने से एक ताजा विवाद खड़ा हो गया है। रोहतास जिले के डेहरी-ऑन-सोन में एक समारोह को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर ने यह भी कहा कि 2024 में विद्रोह का समुद्र उन लोगों को डुबो देगा जो छद्म राष्ट्रवाद और नकली हिंदुत्व की राजनीति में लगे हुए थे। विपक्षी भाजपा का नाम लिए बिना, उसकी तरफ इशारा करते हुए चन्द्रशेखर ने राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह की ओर से समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की जयंती के अवसर पर आयोजित एक समारोह में किया गया।

एससी से खारिज की आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के आरोप मे घिरी झारखंड की निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका को आज (8 जनवरी) खारिज कर दिया। इस मामले में अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। इसी मामले आरोपी बनाए गए पूजा के पति अभिषेक झा फिलहाल एंटीसिपेटरी बेल पर जेल से बाहर चल रहे हैं।

पंजाब और हरियाणा में बारिश का अलर्ट, धुंध भी छाई रहेगी

हिमाचल में कोल्ड वेव से तापमान गिरेगा, चंडीगढ़ में सात फ्लाइट रद्द

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

पंजाब और हरियाणा के 4-4 जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। सुबह और शाम के समय दोनों ही राज्यों में धुंध का ऑरेंज अलर्ट भी है। उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते लगातार कोल्ड वेव से तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। हिमाचल के 5 जिलों में ठंड का येलो अलर्ट है।

मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब के अमृतसर, पठानकोट, तरनतारन और गुरदासपुर में मौसम खराब रहेगा। हरियाणा में महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, नूंह और पलवल में बारिश

हो सकती है। दोनों राज्यों में 2 दिन ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है।

वहीं मौसम विभाग ने हिमाचल के कांगड़ा, मंडी, बिलासपुर, सोलन और सिरमौर में कोल्ड वेव का येलो अलर्ट जारी किया है। पांचों जिलों में तापमान सामान्य से कम रहने का अनुमान है और हल्की धुंध भी रहेगी। चंडीगढ़ एयरपोर्ट से कोहरे की वजह से रविवार को 7 उड़ानें रद्द कर दी गईं। वहीं 10 उड़ानें लेट रहीं। रद्द होने वाली उड़ानों में चंडीगढ़-मुंबई, चंडीगढ़-पुणे, चंडीगढ़-दिल्ली, चंडीगढ़-जयपुर, चंडीगढ़-अहमदाबाद, चंडीगढ़-बेंगलुरु की फ्लाइट शामिल थी। एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली तीन फ्लाइट अपने निर्धारित समय से तकरीबन 2 से 3 घंटे देरी से रवाना हुई। जबकि सात फ्लाइट 20 से 35 मीटर की देरी से गई।

हिमाचल से मैदान में आएंगी कोल्ड वेव

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते पंजाब-हरियाणा में बादल छाए रहने का अनुमान है। हिमाचल से ठंडी हवाएं नीचे प्लेन एरिया की तरफ बहेंगी। जिससे पंजाब और हरियाणा में ठंड बढ़ सकती है। इतना ही नहीं, पंजाब-हरियाणा में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 5 से 8 डिग्री तक कम रिकॉर्ड किया जा रहा है।

चंडीगढ़ में पारा सात डिग्री

चंडीगढ़ मौसम विभाग ने सोमवार को दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी का अनुमान जाहिर किया है। यहां न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री और अधिकतम तापमान 11.4 डिग्री दर्ज हुआ। दिन का तापमान 16 डिग्री तक पहुंच सकता है, जिससे लोगों को कुछ हद तक ठंड से राहत होगी।

एससी ने पुणे लोकसभा उपचुनाव कराने के मुंबई हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई

एजेंसी। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को मुंबई उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें निर्वाचन आयोग को पुणे लोकसभा सीट पर तुरंत उपचुनाव कराने को कहा गया था। पुणे की लोकसभा सीट सांसद गिरीश बापट की मृत्यु के बाद 29 मार्च 2023 से ही रिक्त है। न्यायालय ने कहा कि वह यह उपचुनाव आयोजित करने के लिए दिशा-निर्देश तय करेगा।

शीर्ष अदालत ने जल्द से जल्द चुनाव कराने के कानून के बावजूद इतनी लंबी अवधि तक इस सीट पर उपचुनाव नहीं कराने के लिए निर्वाचन आयोग को फटकार भी लगाई। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, 29 मार्च 2023 को यह सीट खाली हो गई थी। हम इस रिक्ति के आधार पर चुनाव कराने को लेकर दिशा-निर्देश तय करेंगे। पीठ ने निर्वाचन आयोग की इस दलील पर ध्यान दिया कि मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल इस साल 16 जून को समाप्त हो रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार का फैसला पलटा

बिलकिस बानो के 11 दोषी फिर जाएंगे जेल

एससी बोला गुजरात सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग किया | दोषियों को दो सप्ताह में जेल भेजने का निर्देश | गुजरात सरकार ने सजा में छूट का आदेश बिना सोचे समझे दिया

एजेंसी। नई दिल्ली,

उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को सोमवार को रद्द कर दिया और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि सजा में छूट का गुजरात सरकार का आदेश बिना सोचे समझे पारित किया गया और पूछा कि क्या महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध के मामलों में सजा में छूट की अनुमति है , चाहे वह महिला किसी भी धर्म या पंथ को मानती हो।

घटना के वक्त बिलकिस बानो 21 साल की थीं और पांच माह की गर्भवती थीं। बानो से गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद 2002 में भड़के दंगों के दौरान दुष्कर्म किया गया था। दंगों में मारे गए उनके परिवार के सात सदस्यों में उनकी तीन साल की बेटी भी शामिल थी। गुजरात सरकार ने सभी 11 दोषियों को 15 अगस्त 2022 को सजा में छूट दे दी थी और उन्हें रिहा कर दिया था। पीठ ने कहा, हम गुजरात सरकार द्वारा शक्तियों का दुरुपयोग करने के आधार पर सजा में छूट के आदेश को रद्द करते हैं। पीठ ने 100 पन्नों से अधिक का फैसला सुनाते हुए कहा कि गुजरात सरकार सजा में छट का आदेश देने के लिए उचित सरकार नहीं है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि जिस राज्य में किसी अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, उसे ही दोषियों की सजा में छूट संबंधी याचिका पर निर्णय लेने का अधिकार होता है। दोषियों पर महाराष्ट्र द्वारा मुकदमा चलाया गया था।

पीठ ने कहा, हमें अन्य मुद्दों को देखने की जरूरत नहीं है। कानून के शासन का उल्लंघन हुआ है, क्योंकि गुजरात सरकार ने उन अधिकारों का इस्तेमाल किया, जो उसके पास नहीं थे और उसने अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया। उस आधार पर भी सजा में छूट के आदेश को रद्द किया जाना चाहिए।

अंतत न्याय की जीत हुईः प्रियंका

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि अंतत: न्याय की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप की शिकार बिलकिस बानो के आरोपियों की रिहाई रद्द कर दी है। इस आदेश से भारतीय जनता पार्टी की महिला विरोधी नीतियों पर पड़ा पर्दा हट गया है। इस आदेश के बाद जनता का न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत होगा। बहादुरी के साथ अपनी लड़ाई को जारी रखने के लिए बिलकिस बानो को बधाई।

बृंदा करात ने फैसले का स्वागत किया

वामपंथी पार्टी सीपीआई (एम) की वरिष्ठ नेता बृंदा करात ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। कम से कम यह फैसला न्याय की कुछ उम्मीद जगाता है। खासकर, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और गुजरात सरकार की क्षमताओं पर जो टिप्पणी की। यह गुजरात सरकार ही थी, जिसने दस्तावेज स्वीकार किए थे। कोर्ट ने इसे फर्जी माना है। बृंदा करात ने याचिकाकर्ता की ईमानदारी पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार और गुजरात सरकार का भी उसे समर्थन प्राप्त था। गृह मंत्रालय पर निशाना साधते हुए वामपंथी नेता ने कहा कि यह गृह मंत्रालय ही था, जिसने याचिका को प्रोत्साहित किया, जिससे दोषियों की रिहाई हुई। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत होना चाहिए।

ओवैसी बोले- बिलकिस बानो ने अपने दम पर लड़ी लड़ाई

एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कहा कि बिलकिस बानो ने अपने दम पर न्याय की लड़ाई लड़ी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा गुजरात सरकार ने दोषियों के साथ मिलकर काम किया। भाजपा सरकार दुष्कर्मियों की मदद कर रही थी। भाजपा के दो विधायकों ने तो इन दुष्कर्मियों का समर्थन किया था। ओवैसी ने कहा पहले दिन से हम कह रहे हैं कि भाजपा पीड़ित का साथ देने के बजाय हमेशा उन लोगों के साथ खड़ी रही, जिन्होंने जघन्य अपराध किया। यह बिलकिस बानो है, जिसने बहादुरी से यह लड़ाई लड़ी और इसके लिए अपनी जान की बाजी लगा दी।

कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस ने गुजरात की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा की सोच अपराधियों को बचाने वाली थी ना कि पीड़िता को न्याय दिलाने की। गुजरात कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह पहली घटना नहीं है, जहां दोषियों को बचाने की कोशिश की गई बल्कि पहले भी सरकार ने पीड़ितों की रक्षा करने के बजाय अपराधियों को बचाया है। यह समाज के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सरकार कानून के मुताबिक चले। सरकार पीड़िता को इस जघन्य अपराध के मामले में न्याय दिलाने में नाकाम रही है।

ईडी ने धन शोधन मामले में पूर्व विधायक दिलबाग और सहयोगी को किया गिरफ्तार

छापेमारी के दौरान करीब 20 स्थानों की तलाशी ली

अवैध खनन मामला

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित अवैध खनन से जुड़े धन शोधन के एक मामले में हरियाणा के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और उनके सहयोगी कुलविंदर सिंह को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सिंह यमुनानगर विधानसभा सीट से इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के पूर्व विधायक हैं। एजेंसी ने चार जनवरी को उनके और सोनीपत से कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार के यहां छापेमारी की थी और पांच दिनों तक चली तलाश सोमवार को समाप्त हुई।

पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और उनके सहयोगी कुलविंदर सिंह को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया है और दोनों को एक स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा जहां एजेंसी अवैध खनन मामले के साथ-साथ अवैध आग्नेयास्त्र रखने के एक ताजा मामले में उनकी हिरासत के लिए अनुरोध करेगी।

ईडी ने दिलबाग सिंह और उनसे जुड़े अन्य लोगों के परिसरों से कम से कम पांच अवैध राइफल, 300 कारतूस और खोखे, 100 से अधिक

ईडी ने सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका का विरोध किया

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दलील दी कि उनकी अर्जी को देखकर पता चलता है कि उन्हें राहत देने के बारे में सोचने की कोई जरूरत नहीं है। इसने कहा कि याचिकाकर्ता बहुत प्रभावशाली और शक्तिशाली हैं तथा जमानत मिलने पर वह जांच को प्रभावित कर सकते हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने चेन्नई की एक अदालत में कहा कि इसके बजाय अदालत को अभियोजन पक्ष के गवाहों की सूची को तलब करके मुकदमा शुरू करने और आरोप साबित करने पर विचार करना चाहिए।

शराब की बोतलें और पांच करोड़ रुपए बरामद किए हैं। तलाशी के दौरान बरामद किए गए हथियारों के बारे में केंद्रीय एजेंसी को पता चला कि उनके लाइसेंस समाप्त हो चुके थे, जिसके बाद ईडी ने प्रताप नगर पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। ईडी ने शराब की बोतलें बरामद करने के बारे में हरियाणा आबकारी विभाग से भी जानकारी साझा की है, जिसके बाद कथित तौर पर शराब की बोतलें अवैध रूप से संग्रहीत करने पर पुलिस को एक और शिकायत दी गई है। यमुनानगर जिले के रायनवाला गांव में बने फार्महाउस से शराब की पेटियां और बोतलें बरामद की गई हैं।

लीज समाप्त होने और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी यमुनानगर और इसके आसपास के जिलों में पत्थर, बजरी और रेत के कथित अवैध खनन को लेकर हरियाणा पुलिस की ओर से कई प्राथमिकी दर्ज की गई थीं।

केंद्र गंगासागर मेले को उचित मान्यता नहीं दे रहा : ममता

सागर द्वीप। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि हालांकि गंगासागर मेला दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक उत्सवों में से एक है लेकिन केंद्र ने इसे उचित मान्यता नहीं दी है।

दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में एक आधिकारिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह उनकी सरकार है जो केंद्र से कोई मदद नहीं मिलने के बावजूद वार्षिक आयोजन के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, कुंभ मेला एक बड़ा मेला है और इसे केंद्र से पूरी मदद मिलती है। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि कुंभ मेला स्थल सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है।

मायावती ने अपने पार्टी दफ्तर की सुरक्षा को बताया खतरा

एजेंसी। लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार में बसपा के राज्य मुख्यालय के पास बने पुल को पार्टी कार्यालय की सुरक्षा के लिए खतरा करार देते हुए प्रदेश सरकार से बसपा कार्यालय को किसी सुरक्षित स्थान पर ले जाने की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मायावती के इस बयान पर पलटवार करते हुए बसपा को भाजपा से मिली हुई पार्टी बताया और कहा कि पार्टी नेतृत्व को अगर लगता है कि उसकी सुरक्षा को खतरा है तो वह केन्द्र सरकार को चिट्ठी लिखकर इस पुल को तुड़वा दे। इस बीच यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी मायावती का समर्थन करते हुए सपा पर निशाना साधा और कहा कि बहन मायावती और जनता की सुरक्षा को लेकर सरकार हमेशा सतर्क रही है।

हरियाणा के सिरसा में कार पेड़ से टकराई, 6 लोगों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा

हरियाणा के सिरसा में बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। परिवार के लोग हिसार निवासी ससुर के संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। हरियाणा के सिरसा के गांव शेरगढ़ के समीप सोमवार को एक अनियंत्रित डिजायर कार पेड़ से जा टकराई। जिससे कार में सवार तीन महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई।

हादसा इतना भीषण था कि डिजायर कार के परखच्चे उड़ गए। मृतकों की पहचान दर्शना देवी पत्नी बनवारी लाल, गुड्डी देवी पत्नी कृष्ण कुमार, चंद्रकला पत्नी ओम प्रकाश निवासी गांव गोलूवाला गंगानगर (राजस्थान) तथा सुभाष चंद्र पुत्र रामचंद्र निवासी राजस्थान के तौर पर हुई है।

हादसे के बाद सूचना मिलते ही डबवाली एंबुलेंस के चालक कुलवंत सिंह व शहर थाना पुलिस डबवाली के प्रभारी शैलेंद्र कुमार भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को कार से बाहर निकाला। लेकिन पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने ट्रैक-ट्रेस प्रॉसेस का रिव्यू किया

फैक्ट्री से लेकर गोदाम-दुकान तक होगी शराब बोतल की स्कैनिंग

जुर्माना राशि वसूलने की अधिकारियों को हिदायत

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा के यमुनानगर-अंबाला में जहरीली शराब कांड से हुई 20 मौतों के बाद सरकार सख्त हो गई है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि लगातार फैक्ट्री से लेकर दुकान तक शराब की बोतलों के पहुंचने की प्रक्रिया को रिव्यू कर रहे हैं।

सोमवार को भी पंचकूला में एक्साइज एंड टैक्सेशन डिपार्टमेंट की रिव्यू मीटिंग में डिप्टी सीएम ने शराब फैक्ट्री से लेकर गोदाम-दुकान तक बोतलें ट्रैक किए जाने के निर्देश दिए। मीटिंग में उन्होंने डिस्टलरीज और शराब ठेकेदारों पर लगाए गए जुर्माने की बकाया राशि को भी जल्द से जल्द वसूलने की अधिकारियों को हिदायत दी।

डीईटीसी से भी फीडबैक लेगा विभाग

दुष्यंत चौटाला ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ट्रैक एंड ट्रेस समेत अन्य नई तकनीकों के बारे में जिलों के डीईटीसी से भी फीडबैक लें और सकारात्मक फीडबैक मिलने पर पूरे स्टेट में लागू किया जा सकता है। हरियाणा की विभिन्न डिस्टलरीज से कई देशों को निर्यात की जाने वाली शराब तथा अल्कोहल के बारे में भी जानकारी ली और इस संबंध में उचित दिशा निर्देश दिए। मीटिंग में विभाग प्रधान सचिव देवेंद्र सिंह कल्याण, आयुक्त अशोक कुमार मीणा, उपमुख्यमंत्री के ह्रस्ष्ठ कमलेश भादू, आबकारी विभाग के कलेक्टर आशुतोष राजन के अलावा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राजस्व चोरी रोकें अधिकारी

मीटिंग में दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आबकारी विभाग में राजस्व की चोरी कतई सहन नहीं की जाएगी। डिस्टलरीज में शराब बनने से लेकर, गाड़ी में लोड होने और गोदाम तक पहुंचने में प्रत्येक पॉइंट पर बार-कोड की स्कैनिंग होनी चाहिए। डिप्टी सीएम ने डिस्टलरीज में फ्लो-मीटर लगाने के बारे में आज फिर समीक्षा की। कहा कि इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नियमों की अवहेलना करने वाले कुछ ठेकेदारों पर लगाई गई पैनल्टी के मामले में पूछताछ करते हुए कहा कि बकाया एरियर को जल्द से जल्द रिकवर किया जाए।

ट्राला की टक्कर से सुरक्षाकर्मी के ऊपर गिरा लोहे का बॉक्स, मौत

पत्नी का आरोप - लापरवाही से गई जान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेक्टर-58 स्थित एक कंपनी में ट्राला की टक्कर से लोहे का बॉक्स सुरक्षाकर्मी के ऊपर गिर गया। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

मृतक की पहचान मूल रूप से बिहार के जिला वैशाली के मदुरापुर निवासी चंद्रशेखर के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ सेक्टर-आठ के सीही गांव में किराये के मकान में रहते थे। वह सेक्टर-58 थाना एरिया की एक कंपनी में सुरक्षाकर्मी थे। शनिवार को कंपनी के परिसर में एक ट्राला सामान छोड़ने आया था। आगे पीछे करने के दौरान ट्राला लोहे के एक बॉक्स से टकरा गया। टक्कर लगते ही बॉक्स गार्ड चंद्रशेखर के ऊपर गिर पड़ा। गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पाकर चंद्रशेखर की पत्नी पूजा मौके पर पहुंच गई।

पूजा का आरोप है ट्राला चालक की लापरवाही से उनके पति की जान गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। ट्राला अपने कब्जे में ले लिया है।

भारत एक बेहतर वैश्विक खेल पर्यटन स्थल है : सीईओ ऐनबॉल

पलवल के प्रताप सिंह चौहान बने एफआईएबी के सीईओ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हरियाणा के पलवल जिले के गांव औरंगाबाद के रहने वाले प्रताप सिंह चौहान को सर्वसम्मति से फेडरेशन इंटरनेशनल ऐनबॉल (एफआईएबी) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चुना गया है। यह घोषणा 15 दिसंबर से 19 दिसंबर, 2023 तक मोरक्को में अंतरराष्ट्रीय ऐनबॉल कांग्रेस के दौरान हुए ऐतिहासिक चुनाव के मद्देनजर आई है।

कृषि से जुड़े परिवार में जन्मे प्रताप की ऐनबॉल महासंघ में नेतृत्व के शिखर तक पहुंचने की यात्रा बेहद दिलचस्प है। भारतीय सेना में उनके पिता की सेवा ने प्रताप में अनुशासन और समर्पण के मूल्यों को स्थापित किया, जिससे कम उम्र से ही उनके चरित्र का निर्माण हुआ। जेसीबी स्कूल में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद, प्रताप ने स्ट्रैटफोर्ड विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय

प्रबंधन में एमबीए किया, खुद को उस कौशल और ज्ञान से तैयार किया जो बाद में उन्हें खेल प्रबंधन की दुनिया में सबसे आगे ले गए।

ग्रामीण खेलों और फिटनेस के प्रति प्रताप के जुनून ने उन्हें 2013 में योटी फाउंडेशन की स्थापना करने के लिए प्रेरित किया। शुरुआत में उन्होंने क्रिकेट और कबड्डी जैसे कार्यक्रमों के आयोजन पर ध्यान केंद्रित किया, लेकिन 2014 में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया, जब एक अंतरराष्ट्रीय खेल समागम के दौरान उनकी मुलाकात मिस्टर हमाने से हुई, जो शोध कर रहे थे ऐनबॉल विचार पर। ऐनबॉल की खूबियों को पहचानकर, प्रताप ने अपने प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय पटल पर अंकित किया और सह-संस्थापक के रूप में अंतरराष्ट्रीय ऐनबॉल फेडरेशन की स्थापना 2015 में मोरक्को में जाकर करवाई। बाद में 2019 में अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय को फ्रांस में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया और अंततः सीईओ को अब भारत में अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय स्थापित करने के लिए पूर्ण समर्थन मिला है।

योटी फाउंडेशन की ऐनबॉल के प्रति प्रतिबद्धता को 2018 में हरिद्वार में ऐनबॉल प्रथम राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन के साथ गति मिली, जहां भूतपूर्व खेलमंत्री नारायण सिंह राणा शामिल हुए, जोकि भारत में खेल के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ और पूरी दुनिया मे आइनबाल के प्रचार के लिए योटी फाउंडेशन को चुना गया।

मोरक्को की अपनी यात्रा के दौरान, प्रताप ने ऐनबॉल खेल के माध्यम से की गई कूटनीतिक प्रगति पर चर्चा करने के लिए भारतीय राजदूत राजेश वैष्णव से मुलाकात की। जहां प्रताप ने राजदूत के समर्थन और सहायता के लिए आभार व्यक्त किया, वहीं महामहिम ने हमारे अंतरराष्ट्रीय संबंधों में खेल कूटनीति को एक अहम हिस्सा बताया।

नई शिक्षा नीति को बनाएंगे रोजगार परक

कर्टन रेजर कार्यक्रम में उच्चतर शिक्षा मंत्री शर्मा ने बायोटेक संस्थान में ब्रोसर का किया लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने सोमवार को संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में समारोह का कर्टन रेजर जारी किया और वहां उपस्थित युवा वैज्ञानिकों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने ब्रोसर का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य भारत में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचारों के क्षेत्र में उपलब्धियों की एक विस्तृत श्रृंखला का जश्न मनाना और उजागर करना है। आईआईएसएफ का विषय अमृत काल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक आउटरीच है।

मूलचंद शर्मा ने आईआईएसएफ के आयोजन स्थल के रूप में फरीदाबाद को चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से बड़ी संख्या में फरीदाबाद और हरियाणा के अन्य जिलों के स्कूली बच्चों को साइंस एंड टेक्नोलॉजी का लाभ मिलेगा। उन्होंने आयोजन स्थल को विकसित करने में किए गए जबरदस्त काम के लिए आईआईएसएफ के आयोजकों को बधाई दी और आईआईएसएफ को एक शानदार सफलता बनाने में सरकार की ओर से सभी सहयोग का वादा किया।

केबिनेट मंत्री ने कहा कि फरीदाबाद देश और दुनिया में तथा एशिया की सबसे बड़ी औद्योगिक नगरी के रूप में जाना जाता है। यहां सूई से लेकर हवाई जहाज और चंद्रयान तक बनाए जाते हैं। विश्व में उद्योगिक क्षेत्र में फरीदाबाद की सात कंपनियों का विशेष योगदान रहा है। इसी कारण से फरीदाबाद औद्योगिक नगरी के क्षेत्र में एशिया में यह मुकाम है। केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि साइंस फेस्टिवल महाकुंभ में जो भी जिम्मेदारी उन्हें सरकार हरियाणा सरकार को 17 से 20 जनवरी तक मिलेगी, उसकी हर संभव रूप से पूर्ण किया जाएगा। मूलचंद शर्मा ने कहा कि त्रेता युग से लेकर आज तक देश और दुनिया में भारत की साइंस को माना जा रहा है। रामायण और महाभारत पर भी दुनिया में साइंस के जरिए शोध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का वैज्ञानिक विश्व में अपना लोहा मनवा रहा है। परिवहन मंत्री शर्मा ने कहा कि आधुनिक युग में इलेक्ट्रिकल बस, सोलर ट्यूबवेल और खेती भी साइंस से की जा रही है। इसमें साइंस का बड़ा योगदान है। आने वाले समय में वैज्ञानिक और भी खोज करेंगे।

नई शिक्षा नीति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में जो नई शिक्षा नीति का सरकार द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है, उसमें शिक्षा लेने वाले बच्चे नौकरी लेने वाले नहीं नौकरी देने वाले बनेंगे। शिक्षा को रोजगारपरक शिक्षा बनाया जा रहा है। नई शिक्षा नीति प्रदेश में 2025 तक पूर्ण रूप से लागू कर दी जाएगी। देश और प्रदेश में नई शिक्षा नीति के जरिए विश्वविद्यालय, साइंस एंड टेक्नोलॉजी में बदलाव लाने का काम किया जा रहा है।

भारत सरकार की साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग की ज्वाइंट सेक्रेटरी ऐ धनलक्ष्मी ने अपने संबोधन में बताया कि स्थल का चयन कैसे किया गया और आईआईएसएफ के लिए स्थल को तैयार करने की प्रगति कैसे हुई। उन्होंने आईआईएसएफ 2023 के लिए स्थल के निर्माण में हुई गति और प्रगति की सराहना की। विज्ञान भारती/ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के भारत सरकार के सचिव शिवकुमार शर्मा ने कहा कि वे पिछले 40 वर्षों से विज्ञान के विभिन्न विधाओं में अध्ययन कर रहे हैं। भारतीय जीवन पूरी तरह वैज्ञानिक है। भारत की हर छोटी से छोटी चीज में विज्ञान प्रयोग को उपयोगी कैसे बनाया जाए। इसके लिए बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है।

नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन के निदेशक डॉ. अरविंद रानाडे ने आए हुए सभी मेहमानों का फेस्टिवल में विशेष योगदान देने पर धन्यवाद करते हुए कहा कि यह नौवां इंडियन इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए सौभाग्य की बात है यह वास्तव में विज्ञान के नई पद्धति प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इस साइंस फेस्टिवल में कुल 16 इवेंट्स आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने एक एक करके इंडियन इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

अयोध्या से आए पूजित घर घर पहुंचा रहे स्वयंसेवक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

श्रीराम जन्म भूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं पत्रिका निमंत्रण को खेड़ी खंड में रामसेवकों ने बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ वितरण किया। इस दौरान कांवरा गांव में राम भक्तों ने पूजित अक्षत लेकर आए रामसेवकों का पुष्प वर्षा एवं मिठाई खिलाकर, टीका लगाकर, जय श्री राम जी के उद्घोष के साथ बड़ी धूमधाम से स्वागत किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की टोलियों ने गांव कांवरा, ददसिया, बादशाहपुर, पलवली, वजीरपुर, टिकावली में घर घर जनसंपर्क अभियान शुरू किया हुआ है।

इस मौके पर रामसेवक सुनील शर्मा कांवरा ने बताया कि राम भक्तों द्वारा मिले इस सम्मान से सभी रामसेवकों में उत्साह एवं उमंग की लहर दौड़ गई और सभी भक्तों में 22 जनवरी श्री रामचंद्र जी प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव के लिए मंदिरों एवं घरों में भजन कीर्तन एवं दीपोत्सव की तैयारियां जोरों पर देखने को मिल रही हैं। गांव ददसिया में रणवीर त्यागी, प्रमोद गोयल और नीरज त्यागी स्वयंसेवकों की टोली रामकाज के ईश्वरीय कार्य में जुटी हुई है। गांव कांवरा में रामसेवक नंदकिशोर, मिथलेश दीक्षित, कपिल दीक्षित, नरेश कौशिक, आयुष, रवि प्रसाद दुबे, नरेंद्र वैष्णव, पंकज शर्मा, करण शर्मा, विकास भारद्वाज, अश्वनी कौशिश, विशाल पाराशर, लक्की भारद्वाज आदि मौजूद थे।

अफगानिस्तान एवं पाक से आए 10 लोग बने भारतीय नागरिक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिलाधीश विक्रम सिंह ने आज सोमवार को अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान से आए 10 विदेशी नागरिकों को शपथ दिलाकर भारतीय नागरिकता प्रदान की है।

नागरिकता अधिनियम 1955 की धार-5 के अधीन भारत के नागरिक के रूप में रजिस्ट्रीकृत करने अथवा धारा-6 के अधीन उसे देशीकरण संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों के तहत यह नागरिकता जिलाधीश विक्रम सिंह ने प्रदान की है। भारतीय नागरिकता प्राप्त करने वाले लोगों में अफगानिस्तान से आए 25 वर्षीय संदीप रत्रा, 37 वर्षीय इंसांत कुमारी, 76 वर्षीय उत्तम चंद, 43 वर्षीय इंदरजीत सिंह, 38 वर्षीय बलजीत कौर तथा पाकिस्तान से आए 68 वर्षीय प्रेम नाथ, 30 वर्षीय माला, 38 वर्षीय अर्जन दास, 16 वर्षीय करिश्मा व 60 वर्षीय प्रेमा कुमारी शामिल हैं।

आपको बता दें पूरे देश में 13 जिलाधीशों को ही भारत सरकार ने यह विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई है। इनमें फरीदाबाद का जिलाधीश भी शामिल है। केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान देश के अल्पसंख्यक समुदायों के किसी भी व्यक्ति करे नागरिकता देने का अधिकार जिलाधीश को है।

आर्थिक तंगी से परेशान राजमिस्त्री ने की आत्महत्या

पलवल। आर्थिक तंगी और काम न मिलने से परेशान होकर इस्लामाबाद गांव में एक राज मिस्त्री ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मजदूरी करने वाला युवक कई दिनों से काम न मिलने को लेकर परेशान चल रहा था। कैंप थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों के बयान पर कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, इस्लामाबाद गांव निवासी सुखबीर सिंह ने दिए बयान में कहा है कि उसका 33 वर्षीय बेटा योगेश घरों में टाइल-पत्थर लगाने का काम करता था। दो माह से उसे कहीं काम न मिलने से उसके सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया। जिससे वह परेशान और चुप सा रहने लगा। रविवार को योगेश काम की तलाश में दो ठेकेदारों के पास गया था, लेकिन कहीं भी उसे कोई काम नहीं मिला। उसने बताया कि वह बेरोजगारी के चलते अपनी जिंदगी से हताश हो गया। योगेश की पत्नी नीतू अपने मायके गई हुई थी।

लाठीचार्ज के विरोध में एकत्रित हुए अतिथि अध्यापक

अपने हक की लड़ाई के लिए 10 जनवरी को अधिकार रैली में लेंगे भाग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

अतिथि अध्यापकों की बैठक जिला संयोजक इनामी सिंह तेवतिया की अध्यक्षता में सेक्टर-3 बल्लभगढ़ में हुई। बैठक में यमुनानगर में अतिथि अध्यापकों पर हुए लाठीचार्ज पर रोष जताते हुए सरकार द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई की निंदा की गई। संयोजक ने अतिथि अध्यापकों से अपील करते हुए कहा कि अपने हकों की लड़ाई के लिए 10 जनवरी को जगाधरी में होने वाली अधिकार रैली में बढ़-चढ़कर भाग लें।

इस रैली में आगामी संघर्ष के लिए बड़ा फैंसला लिया जाएगा। जिला प्रधान रघु वत्स ने बताया कि लंबे समय से अतिथि शिक्षक प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। जिससे विद्यालयों में छात्रों की संख्या और परीक्षा परिणाम में बढ़ोत्तरी हुई है। अतिथि अध्यापक 18 वर्षों से विद्यालयों में बड़ी इमानदारी के साथ शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए बुनियादी ढांचा तैयार कर रहे हैं, लेकिन भापजा सरकार अतिथि अध्यापकों की तरफ सहानुभुति पूर्वक कोई कदम नहीं बढ़ाया। भाजपा सरकार ने भी पूर्व की सरकारों की भांति केवल खोखले वादे ही किए हैं। उन्होंने सरकार को याद दिलाते हुए कहा कि भापजा ने सत्ता में आने से पूर्व अतिथि अध्यापकों को पहली कलम से नियमित करने का वायदा किया था। जिसे भाजपा सरकार अब भूल चुकी है। अपने हकों के लिए यमुनानगर में आवाज उठाने वाले अतिथि अध्यापकों को दबाने के लिए भाजपा सरकार ने उन पर लाठियां बरसा कर घायल कर दिया जोकि अध्यापकों के साथ अन्याय किया।

विदित हो कि 10 जनवरी, बुधवार को प्रदेशभर का अतिथि अध्यापक यमुनानगर में अधिकार रैली करने जा रहे हैं। जिसमें फरीदाबाद के अतिथि अध्यापक बसों और निजी वाहनों से पहुंचेंगे और भाजपा ने किए वादे की याद दिलाने का काम करेंगे। इस अवसर पर इनामी सिंह तेवतिया, रघु वत्स, उमेश शर्मा, ललित शर्मा, भागीरथ शास्त्री, विजयपाल नरवाल, सुंदर भड़ाना, मनोज शास्त्री, राजीव जैन, शैलेंद्र मिश्रा, कुलदीप, दुष्यंत त्यागी, राजकुमार शर्मा, ऋतु राज, जितेंद्र कुमार, विनोद भाटी, केशव कुमार, नवीन, कमल, यशपाल, इंद्रजीत, संतोष तेवतिया, पारूल गुप्ता, नीलम भाटी, प्रवीण कुमारी, पुष्पा रानी, मुनेश चौहान अतिथि अध्यापक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

संस्कार परिवार मिलन में गोयल ने किया प्रेरित

फरीदाबाद। वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन द्वारा समाज के वनवासी एवं कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए सहयोग करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व उद्योग मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगठन प्रभारी वीरेंद्र मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए।

बता दें कि सेक्टर-11 स्थित अग्रवाल सेवा सदन के सभागार में आयोजित संस्कार परिवार मिलन कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन से विधिवत शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुए। महाऋषि वाल्मीकि विकास केंद्र, ज्योति विकास केंद्र, प्रभात विकास केंद्र में अध्ययनरत बालक बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य, एकल गीत, एकल नृत्य, भजन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्र आदि मौजूद थे।

पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103

बता अपनों से कैसे दुश्मनी आख़िर निभायेगा
बता नज़रें तो कैसे आईने से फिर मिलायेगा
तू रख पत्थर मैं रक्खूँ फूल लेकिन वक़्त आने पर
तेरा गुस्सा मेरी उल्फत के आगे हार जायेगा

जेपीसीए ने वीवाईसीए को 163 से दी मात

ओपनर कर्ण चंदेला ने 128 रन की पारी खेली

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सोमवार को स्लेजहैमर अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में जेपीसीए फरीदाबाद का मुकाबला वीवाईसीए येलो टीमों के बीच स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी के मैदान पर खेला गया। जेपीसीए फरीदाबाद की टीम के कप्तान ने टास जीता व पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेपीसीए फरीदाबाद की टीम ने 40 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 264 रन बनाए। टीम की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए टीम के ओपनर कर्ण चंदेला ने 120 गेंदों में 128 रन की धुंआधार पारी खेली। उनके साथ उतरे दूसरे ओपनर अंशुमान सिंह ने 122 गेंदों में 110 रन बनाए।

वीवाईसीए के गेंदबाज जेपीसीए के किसी भी बल्लेबाज का विकेट नहीं ले सके। वीवाईसीए की तरफ से शिवानी नेगी ने छह ओवर 47 रन व राघव गोयल ने छह ओवर में 50 रन दिए। दोनों बोलर काफी मंहगे साबित हुए। अरमान शर्मा ने चार ओवर में 28 रन, रूद्रा भाटिया ने सात ओवर में 22 रन व ओवियांस ने छह ओवर में 44 रन दिए। वीवाईसीए की टीम की तरफ से अभीर राव और आध्यान गुप्ता ने पारी की शुरूआत की। परंतु आध्यान गुप्ता केवल एक रन बनाकर ही पैवेलियन लौट गए। दूसरे ओपनर अभीर राव भी 20 गेंदों में केवल नौ रन बनाकर ही पैवेलियन लौट गए। पारी की शुरूआत अच्छी नहीं होने से टीम शुरूआत में ही दबाव में आ गई। वीवाईसीए की टीम की तरफ से स्पर्श जांगड़ा ने 92 गेंदों में 30 रन बनाए। वे अंत तक नाबाद रहे।

दक्ष भारद्वाज ने 25 गेंदों में 11 रन बनाए। टीम का अन्य कोई बल्लेबाज दहाई का अंक भी पार नहीं कर सका। पूरी टीम 40 ओवर में केवल 101 रन ही बना सकी। जेपीसीए फरीदाबाद की टीम ने यह मुकाबला 163 रन के भारी अंतर से जीत लिया। जेपीसीए फरीदाबाद की तरफ से परमेश अत्री ने छह ओवर में नौ रन देकर दो विकेट, दिव्याम ने छह ओवर में 15 रन देकर एक विकेट, अभिषेक ने पांच रन देकर एक विकेट लिया। वीवाईसीए के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए।

कर्ण चंदेला, अंशुमान सिंह व स्पर्श जांगड़ा को बेहतर बल्लेबाजी के लिए बेस्ट बल्लेबाज चुना गया। परमेश अत्री, अभिषेक, दिव्याम के बेहतर गेंदबाजी करने के लिए बेस्ट गेंदबाज चुना गया। जेपीसीए फरीदाबाद की टीम के भारी अंतर से विजय प्राप्त करने पर टीम मैनजमेंट ने खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर टीम के अधिकारियों की तरफ से अपने खिलाड़ियों का स्वागत किया।

धूमधाम से मनेगा 75वां गणतंत्र दिवस

फरीदाबाद। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला फरीदाबाद में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिन विभागों के अधिकारियों जो भी दायित्व मिला है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें।

डीसी सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में 75वें जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आगामी 24 जनवरी को आयोजित की जाएगी। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार हर वर्ष की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया जाने के लिए सभी अधिकारी अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ तालमेल करके उस कार्य को पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस दौरान सभी विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारियां भी तय कीं। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत करने वार मेमोरियल पर पुष्प अर्पित करने और राष्ट्रीय ध्वज फहराने की व्यवस्था के निर्देश दिए।

गुमशुदा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा प्रभा पत्नी चम्पू सैनी निवासी मकान नम्बर 118, राजीव नगर, सेक्टर 18, फरीदाबाद दिनांक 29.12.2023 को बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग सावंला, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, कद 5 फुट बा उम्र 23 साल है, जिसने गुलाबी रंग की साड़ी, व पैरों में जूती पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 01 दिनांक 01.01.2023 धारा 346 भा.द.स. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा महिला के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।
प्रबन्धक अफसर थाना ओल्ड फरीदाबाद : 9582200123, 9999150000

मॉडल स्कूलों में 50 फीसदी शिक्षकों के पद रिक्त

छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने में आ रही है दिक्कत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

प्रदेश सरकार की ओर से शिक्षा के स्तर सुधारने के लिए राजकीय स्कूल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पैटर्न पर शिक्षा मुहैया कराने के लिए मॉडल संस्कृति स्कूल का दर्जा दिया गया। उसके अनुसार स्कूलों में शिक्षकों को तैनात नहीं किया गया।

इसका खामियाजा सराय ख्वाजा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। स्कूल में 122 अध्यापकों का पद स्वीकृत हैं, उनमें से 58 पद रिक्त हैं। स्कूल में शारीरिक शिक्षक, वाणिज्य सहित कई विषय के शिक्षकों का पद रिक्त हैं। ऐसे में विद्यार्थियों से बोर्ड परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम की उम्मीद करना उनके साथ बेमानी होगा। प्रदेश सरकार राजकीय स्कूलों में बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के लिए कई योजनाएं लागू की जा रही है। जिले के पांच राजकीय स्कूलों को मॉडल संस्कृति स्कूल को सीबीएसई पैटर्न में तब्दील कर दिया गया है। इसके अलावा जिले के स्कूलों में कई अन्य महत्वकांक्षी योजनाएं लागू की जा रही है। लेकिन स्कूलों में अध्यापकों की कमी को दूर करने के लिए रणनीति तैयार नहीं किया जा रहा है। इसके कारण स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को पढ़ाई के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों की कमी के विरोध में अभिभावक स्कूल के बाहर प्रदर्शन करने के अलावा शिक्षा विभाग से यहां शिक्षकों की तैनाती करने की मांग कई बार कर चुके हैं। लेकिन शिक्षा विभाग की ओर से आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा।

जिले में है पांच मॉडल स्कूल

राजकीय स्कूलों में बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के लिए सेक्टर-55 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एनआईटी-3 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मेवला महाराजपुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्याल, नंगला गुजरान राजकीय विद्यालय और तिगांव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को मॉडल संस्कृति स्कूल में तबदील कर दिया गया था। इनमें से सेक्टर-55 राजकीय माध्यमिक विद्यालय को वर्ष 2016 में मॉडल संस्कृति स्कूल बना दिया गया था। अन्य चार स्कूलों को वर्ष 2021 में बनाया गया था।

> जिले में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है। इस संबंध में विभाग अपने स्तर पर कार्य कर रहा है, अगले सत्र में कमी को दूर किया जा सकता है।
> -**आशा दहिया,** जिला शिक्षा अधिकारी

गैंगस्टर का भाई बताकर सरपंच पर हमला, केस दर्ज

फरीदाबाद। खुद को गैंगस्टर मनोज मांगरिया का भाई बताकर तीन युवकों ने गांव मोहब्ताबाद के सरपंच पर हमला कर दिया। घटना में घायल सरपंच को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

गांव गोठडा मोहब्ताबाद निवासी जसबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शाम वह दिल्ली से फरीदाबाद आ रहा था। उसने देखा ट्रैक्टर में कुछ लोग डस्ट भरकर ले जा रहे थे। जिनका नाम गांव अनंगपुर निवासी अक्षय, गांव मांगर निवासी रोहित और बीरपाल है। रोहित खुद को गैंगस्टर मनोज मांगरिया का भाई बता रहा था। जसबीर ने कहा यह डस्ट उसका है इसे मत ले जाओ। आरोप है इस बात पर तीनों भड़क गए और उस पर हमला कर दिया।

संक्षिप्त समाचार

सर्वोदय अस्पताल ने किया एथलेटिक्स का आयोजन

फरीदाबाद। सर्वोदय अस्पताल सेक्टर-8, फरीदाबाद ने हरियाणा एथलेटिक्स और ओलंपिक एसोसिएशन हरियाणा के साथ मिलकर फरीदाबाद जिला क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया। जिसमें 300 से ज़्यादा बच्चों ने भाग लेकर अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर पाया। इस दिनचर्या को शानदार बनाने वाले मौके में, 10 किलोमीटर, छह किलोमीटर, चार किलोमीटर, दो किलोमीटर और एक किलोमीटर की मैराथन में आयोजित की गईं। इस मैराथन में नौ साल के बच्चे, आविष्ना सोनी ने 10 किलोमीटर की दौड़ में अपने से बड़े उम्र के भागीदारों को पीछे छोड़ा। सर्वोदय अस्पताल, सेक्टर-8, फरीदाबाद के प्रतिनिधि शिवम वर्मा ने मौके के दौरान सभी बच्चों की सुरक्षा को मध्यस्थ रखते हुए प्रथम सहायता सेवा और एंबुलेंस समर्थन प्रदान किया। इसके साथ ही विधायक राजेश नगर द्वारा प्रमाण पत्र और पदक देकर बच्चों को सम्मानित किया गया। फरीदाबाद एथलेटिक्स से प्रतियोगिता निदेशक कुलदीप और उनकी टीम ने इस मैराथन को बेहतरीन बनाने में अपना योगदान दिया। बच्चों को निशुल्क अभ्यास और राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जा रहा है। कुलदीप और उनकी टीम का कहना है कि हम उन बच्चों को आगे तक ले जाना चाहते हैं, जो उसके लायक हैं। सर्वोदय अस्पताल के प्रतिनिधि शिवम वर्मा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा, हरियाणा की शान ही खेल से है और हम इसे बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने विधायक राजेश नगर को एक शाल और प्लांटर देकर सम्मानित किया, जिससे उनके योगदान की पहचान की गई। इस सफलता के सकारात्मक माहौल में सर्वोदय अस्पताल ने फरीदाबाद जिला क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन करके स्वस्थ और सकारात्मक खेल प्रतियोगिता को समर्थन किया है।

एमडब्ल्यूबी बी तीन पत्रकारों को दिलवाएगी आर्थिक मदद

फरीदाबाद। मीडिया वेलबिंग एसोशिएशन के महासचिव सुरेंद्र मेहता व कोषाध्यक्ष तरुण कपूर ने बताया कि अंबाला के पत्रकार अनिल कुमार जिनकी किडनी ट्रांसप्लांट होनी है, को संस्था एक लाख रुपये की सहायता देगी। वहीं नूंह के पत्रकार अनिल मोहनिया, जिनकी 31 जुलाई 2023 को एक हिंसा की कवरेज करते हुए कार जला दी गई, उनको एमडब्ल्यूबी संस्था द्वारा 30 हजार रुपये व रिवाड़ी के पत्रकार नरेंद्र जिनकी पत्नी की मेजर सर्जरी हुई, उन्हें 25 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है। इन तीनों पत्रकारों की मदद के लिए सरकार को भी पत्र लिख अपील की जा रही है। सुरेंद्र मेहता व तरुण कपूर ने बताया कि मीडिया वेलबिंग द्वारा अतीत में भी कई पत्रकारों व उनके परिवारों की आर्थिक मदद की गई है। पत्रकारों की रक्षा, सुरक्षा व सामाजिक मुद्दों को समय समय पर सरकार के समक्ष विभिन्न स्तर पर उठाया जाता है। चंडीगढ़ के दिवंगत सीनियर पत्रकार रमेश शर्मा की पत्रकारिता जगत में सेवायों के मद्देनजर उनकी स्मृति में उनके नाम पर अवार्ड शुरू किया जा रहा है। जो प्रतिवर्ष हरियाणा के एक पत्रकार को दिया जाएगा।

डीएवी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन

फरीदाबाद। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-14 फरीदाबाद में डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति, नई दिल्ली के सौजन्य से पाांच दिवसीय डीएवी राष्ट्रीय स्केटिंग व निशानेबाजी से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन ककया जा रहा है। इसमें 18 राज्यों से खिलड़ियों ने भाग लिया। निशानेबाजी में में पुरुष एयर पिस्टल के अंडर 14, अंडर 17 एवं अंडर-19 वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतियोगगिा में भाग किया।

सिलेंडर में ब्लास्ट से घर में लगी आग

फरीदाबाद। सेक्टर-23 स्थित संजय कॉलोनी की गली 28 में एक मकान में भयंकर आग लग गई। आग सिलेंडर फटने के कारण लगी थी। जिस समय आग लगी घर में बच्चे मौजूद थे, जिनको समय रहते बाहर निकल लिया गया। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी, मौके पर पहुंची थी। घर का लगभग पूरा सामान आग में जल गया। पड़ोसी सोनी ने बताया कि यह घटना करीब दो बजे की है। बच्चे अंदर घर में आग जला कर हाथ ताप रह थे। इसी दौरान आग सिलंडर तक पहुंच गई और सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। आग बढ़ गई और वह धीरे धीरे पूरे घर में फैल गई। सभी पड़ोसी वहां पर एकत्रित हुए और आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। घर में पांच बच्चे मौजूद थे और उनके माता पिता सुबह से ड्यूटी गए हुए थे। घर में मौजूद बच्ची मुस्कान का कहना है कि घर में वे सर्दी से बचने के लिए आग तप रहे थे। पड़ोस वाली आंटी ने देखा की घर में आग लग रही है तो वो आई और उन्होंने गेट तोड़ कर हम सभी को बाहर निकाला। आग की सूचना डायल 112 पर फोन करके दी गई।

विधायक रावत ने किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा है कि 200 करोड़ की लागत से पृथला क्षेत्र की सभी सड़कों का कायाकल्प होगा और मार्च माह तक सभी सड़कें नए सिरे से बनकर चकाचक हो जाएंगी। जिससे लोगों को एक गांव से दूसरे गांव आने जाने में परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक नयनपाल रावत सोमवार क्षेत्र में बन रही सड़कों का निरीक्षण करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गढखेड़ा से पन्हेड़ा, पन्हेडा कलां से जवां, जवां से अटेरना, डींग से प्याला व प्याला से सीकरी बन रही सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही करीब 22.50 करोड़ की लागत से सीकरी-धौज सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पृथला क्षेत्र फरीदाबाद और पलवल के अंतर्गत आता है, ऐसे में इस क्षेत्र की सभी सड़कों को बेहतर बनवाया जा रहा है, ताकि यहां के कनेक्टिविटी बेहतर हो और जब कनेक्टिविटी बेहतर होगी तो यहां रोजगार की भी संभावनाएं बढ़ेंगी। श्री रावत ने कहा कि पिछले चार सालों के दौरान पृथला क्षेत्र में जितना विकास उन्होंने करवाया है, उतना विकास आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने नहीं करवाया। जो सड़कें वर्षो से बदहाल थीं, उन्हें नए सिरे से बनवाया गया है। इसके अलावा क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए भी कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी जा रही। पंचायतों के माध्यम से गांवों में हरसंभव विकास करवाए जा रहे हैं। नयनपाल रावत ने कहा कि आने वाले समय में लोकसभा और विधानसभा चुनाव आने वाले है, ऐसे में क्षेत्र में सभी सड़कों के निर्माण कार्यो को युद्धस्तर पर करवाया जा रहा है, ताकि आचार संहिता लगने से पूर्व ही सभी विकास कार्य पूर्ण करवाए जा सके।

साइकिल गोदाम में आग से 14 लाख की साइकिलें जलीं

सीसीटीवी में एक युवक आग लगाते हुए दिखा, काबू पाने में लगे कई घंटे

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

साइकिलों के गोदाम में संदिग्ध हालात में आग लग गई। आग से गोदाम में रखी करीब 14 लाख की साइकिलें व अन्य सामान जल गया। इस बीच एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, जिसमें एक युवक दुकान में पीछे से आग लगाता हुआ दिखाई दिया। दुकानदार ने इसकी पहचान की है। पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अब दुकानदार व आरोपी युवक से पूछताछ में लगी है। वारदात में अभी खुलासा नहीं हुआ है।

शहर थाना प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार, एकता नगर निवासी ललित कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी पुराना जीटी रोड़ पर साइकिल बेचने की दुकान है। उसने मीनार गेट के निकट साइकिल का गोदाम बनाया हुआ है। जिसमें विभिन्न कंपनियों की करीब 300-350 साइकिल, बच्चों की इलैक्ट्रिक जीप, कार व बाइक रखी हुईं थीं। गोदाम में किसी ने रात के समय आग लगा दी।

आग की सूचना मिलने पर मौके पर फायर बिग्रेड की गाड़ियां पहुंच गई, जिन्होंने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग बुझने के बाद गोदाम को चैक किया तो देखा की गोदाम में रखी करीब 14 लाख रुपये की साइकिल व अन्य बच्चों के वाहन पूरी तरह जल चुके थे। आग की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

पुलिस व पीड़ित आग लगने के कारणों की जांच में जुटे हुए थे। उन्होंने जब वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो सीसीटीवी कैमरे में गोदाम के पीछे वाले गेट से नीमतला मोहल्ला निवासी सचिन शर्मा नामक व्यक्ति आग लगाता हुआ नजर आ रहा है। पीड़ित ने शिकायत में कहा है कि उन्होंने आग लगाने वाले की पहचान कर ली है। उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।जांच अधिकारी हवलदार राजपाल ने बताया कि सचिन शर्मा व पीड़ित से पूछताछ की गई तो अभी मामले का खुलासा नहीं हो सका है। जांच अधिकारी का कहना है कि मंगलवार को दोनों पक्षों को एएसपी जसलीन कौर के पास पेश किया जाएगा, उसके बाद पता चलेगा कि आग किसने और क्यों लगाई थी।

खड़े केंटर से टकराई बाइक एक की मौत, दूसरा घायल

फरीदाबाद जा रहे थे दोनों

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

नेशनल हाइवे पर गदपुरी टोल प्लाजा के पास धुंध में बिना पार्किंग इंडीकेटर के खड़े केंटर से बाइक टकरा गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, शिव कॉलोनी जाजरू फरीदाबाद निवासी प्रेमकांत शुक्ला ने दी शिकायत में कहा है कि उसका बेटा विनय शुक्ला अपने दोस्त अरुण के साथ बाइक पर किसी काम से पलवल गया हुआ था। पलवल से वापल लौटते समय गदपुरी टोल प्लाजा के निकट बिना इंडीकेटर के रोड पर खड़े केंटर से उनकी बाइक टकरा गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। दोनों घायलों को एंबुलेंस का इंतजाम कर जिला नागरिक अस्पताल भिजवाया। जिला नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों ने उनके पुत्र विनय शुक्ला को मृत घोषित कर दिया, जबकि अरुण का उपचार चल रहा है। पुलिस ने प्रेमकांत शुक्ला की शिकायत पर केंटर के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद सोमवार को उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस केंटर के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है।

क्रेडिट कार्ड सत्यापन के नाम पर 99 हजार की ठगी

फरीदाबाद। क्रेडिट कार्ड सत्यापन करने के नाम पर 99 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने सत्यापन करने के लिए सभी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर ली। जिसके बाद धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया। थाना साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भीकम कॉलोनी निवासी कपिल कुमार ने बताया कि वह निजी कंपनी में गुणवत्ता जांचकर्ता के पद पर कार्यरत है।

उन्होंने कुछ दिन पहले नया क्रेडिट कार्ड बनवाया था। 20 दिसंबर को उनके पास क्रेडिट कार्ड सत्यापन करने के लिए कॉल आई। उस अधिकारी ने उनके खाते से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी को बताया तो उनको विश्वास हो गया कि बैंक से ही फोन है। इस दौरान अधिकारी ने कहा कि उनके फोन पर एक ओटीपी आया है। ओटीपी देने से जब उन्होंने मना किया तो फोन को हैक कर दिया।

एमवीएन विश्वविद्यालय के जतिन ने किया नाम रोशन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

एमवीएन विश्वविद्यालय के बी फार्मेसी सप्तम सेमेस्टर के विद्यार्थी जतिन भारद्वाज ने ओपन ऑल इंडिया पावर लिफ्टिंग एंड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त करके न केवल अपने एमवीएन विश्वविद्यालय, माता पिता, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनके इस कार्य के लिए उन्हें गोल्ड मेडल भी मिला। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग ने जतिन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय खेलों के प्रति बहुत ध्यान दे रहा है और हमारे विद्यार्थी विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलकूद हमारी दिनचर्या का एक हिस्सा है। विभाग के डीन डॉक्टर तरुण विरमानी ने कहा कि जिस क्षेत्र में विद्यार्थियों की रुचि हो उसे पूरा करने के लिए विद्यार्थी भरपूर प्रयास करें। इसके लिए जतिन भारद्वाज ने एमवीएन मैनेजमेंट, सभी अध्यापक गण रामकुमार, व्यायाम शिक्षा निदेशक और अपने कोच प्रिंस सोरौत का धन्यवाद किया। विश्वविद्यालय में प्रबंधक संचालक कांता शर्मा, कुलाधिपति वरुण शर्मा, कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग, उपकुलपति डॉक्टर एनपी सिंह, कुलसचिव डॉक्टर राजीव रतन, डायरेक्टर ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स नरेंद्र विवेक आहूजा आदि मौजूद थे।

हरियाणा की जनता की उम्मीद बनी आम आदमी पार्टी : धर्मवीर भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

वर्तमान समय में हरियाणा बेरोजगारी में सबसे अव्वल है और अधिकतर विभागों के कर्मचारी हड़ताल कर रहे हैं । प्रदेश की सरकार जुमलेबाजी में व्यस्त है और जनता का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटाने का प्रयास किया जा रहा है। हरियाणा की जनता सत्ताधारियों के मंसूबों को समझ चुकी है और प्रदेश में आम आदमी पार्टी को उम्मीद के रूप में देख रही है।

इसलिए तमाम पार्टियों को छोड़कर लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं, क्योंकि आम आदमी पार्टी जनता को मूलभूत सुविधाएं दे रही है। यह विचार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने अपना घर सोसाइटी में बिजेंदर भामला के दफ्तर पर उस वक्त व्यक्त किया, जब कई दर्जन लोगों ने दूसरी पार्टियों को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हरेंद्र भाटी खास रूप से मौजूद रहे। पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं को संबोधित करते हुए धर्मवीर भड़ाना और हरिंदर भाटी ने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में इस साल सरकार बनाने जा रही है। दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में भी जनता को सभी सुविधाएं दी जाएगी। यह बातें सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जल्द ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान हरियाणा में बड़ी-बड़ी रैलियों को संबोधित करेंगे। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि खट्टर सरकार ने फरीदाबाद का हाल पूरी तरह से बेहाल कर दिया है। ना चलने के लिए ठीक सड़के हैं, ना पीने के लिए पानी और तमाम सेक्टरों और कॉलोनियों की सड़कों पर सीवर का पानी भरा हुआ है। जनता परेशान है।

रक्तदान से उत्तम सेवा कोई नहीं: अरोड़ा

सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मानवता की सेवा में तत्पर समाजसेवी संस्था प्रतिबद्ध भारतीय द्वारा फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के सहयोग से एनआइटी स्थित पावन सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के स्वस्थ्य जीवन एवं दीर्घ आयु के लिए सुंदर कांड का पाठ एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बड़खल सीमा त्रिखा ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महापौर अशोक अरोड़ा ने की। इस मौके पर हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरमैन रेणू भाटिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर में कांग्रेसी नेता भारत अशोक अरोड़ा ने रक्तदान किया और भारत अरोड़ा ने संदेश दिया कि सभी युवाओं को रक्तदान में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। आपकी रक्त की एक बूंद जरूरतमंद बेसहारा बच्चों को जीवन देने का काम करती है। भारत अरोड़ा ने कहा कि जीवन में आपके वक्त का हर एक क्षण एवं आपके रक्त का हर एक कण कीमती होता है, इसलिए इसको व्यर्थ न गंवाएं। अपने वक्त को हमेशा सत्कर्म में लगाएं और अपने रक्त के हर एक कण का इस्तेमाल परोपकार के कार्य के लिए करें। आज जिन थैलेसीमिया बच्चों की हम मदद कर रहे हैं, वह आपके पुण्यार्थ में शामिल होगा। इसलिए जब भी जरूरतमंदों की सेवा का मौका मिले, इसे व्यर्थ न जाने दें। इस मौके संस्था के प्रधान विजय कुमार ने कहा कि प्रसिद्ध भारतीय संस्था थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए रक्तदान शिविर के साथ-2 जरूरतमंद बच्चों को वार्षिक फीस एवं वर्दी इत्यादि की व्यवस्था कराती है। रक्तदान शिविर में संस्था के कार्यकारिणी सदस्य एवं फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के प्रधान बी दास बतरा, महासचिव रविंद्र डुडेजा, जेके भाटिया एवं पावन सिद्धपीठ श्री हुमान मंदिर के प्रधान भूपेंद्र कुमार बॉबी, विजय कुमार, पवन कुमार, चंद्र अरोड़ा, विनोद कुमार, दीपक सचदेवा, रवि अरोड़ा आदि मौजूद थे।

रोडवेज बस स्टैंड परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित

पलवल। पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज और भारत विकास परिषद् पलबल शाखा के संयुक्त तत्वावधान में हर घर रक्तदाता अभियान के अंतर्गत हरियाणा रोडवेज बस स्टैंड पलवल के परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कंपकपाती ठंड के बावजूद 46 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का संयोजन भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य की रक्तदान सेवा की उपसमिति के सदस्य और क्लब के मुख्य संयोजक आर्यवीर लॉयन विकास मित्तल, हरियाणा रोडवेज पलवल के जीएम नवनीत सिंह और भारत विकास परिषद् पलवल शाखा की महिला संयोजिका अल्पना मित्तल ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के पूर्व प्रांत अधिकारी अनिल मोहन मंगला, जिला अध्यक्ष सतीश कौशिश, शाखा उपाध्यक्ष भगवत स्वरुप सिंगला, शाखा महा सचिव रविदत्त शर्मा, अधीक्षक राजेश ने सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान को महादान की संज्ञा दी गई है। जो भी व्यक्ति रक्तदान करता है, वह अपने शरीर के अंश से किसी दूसरे को नया जीवन देता है। विकास मित्तल और अल्पना मित्तल ने स्वयं वर्ष 2024 का प्रथम रक्तदान करके सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि रक्तदान करके देखो अच्छा लगता है। चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में तमाम तरक्की के बावजूद रक्त को किसी लैब, फैक्टरी या संस्थान में तैयार नहीं किया जा सकता है।

गुरुग्राम पहुंचा 30 जैन संतों का दल श्रद्धालुओं ने किया पद पक्षालन

रेलवे रोड से सदर बाजार होते हुए जैकबपुरा जैन मंदिरजी पहुंचे संत

पूरे सदर बाजार में संतों के चलने के लिए बिछाई गई सैंकड़ों टेबल

गुरुग्राम के सदर बाजार में जैन संतों का पक्षालन करते जैन श्रद्धालु।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सोमवार की सुबह गुरुग्राम में 30 जैन संतों का मंगल प्रवेश हुआ। जैन श्रद्धालुओं ने उनके स्वागत और सम्मान में पलक पांवड़े बिछाए। सुबह से ही जैन महिलाएं, पुरुष उनके स्वागत में खड़े हो गए। सदर बाजार में तो संतों के स्वागत की विशेष तैयारी की गई। जब जैन संत यहां पहुंचे तो 108 जैन परिवारों की ओर से संतों का पद पक्षालन (चरण धोए) किया गया।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के प्रधान संदीप जैन, उपप्रधान विनय जैन सीए, महामंत्री श्रेयांश जैन, सहमंत्री पारस जैन व कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि मंगलवार को सभी जैन संत आतिशय क्षेत्र शिकोहपुर होते हुए धारुहेड़ा पहुंचेंगे। वहां पर 12 से 16 जनवरी 2024 तक मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। वहां आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज 70 संतों के साथ पहुंचेंगे। ऐसा पहली बार होगा कि एक साथ 100 से अधिक संतों की मौजूदगी में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। अभय जैन एडवोकेट ने बताया कि विशुद्ध सागर जी महाराज, अनुमान सागर जी महाराज समेत पिच्छी ससंघ ने अलग-अलग घरों में आहार ग्रहण किया। अभय जैन एडवोकेट ने पुलिस प्रशासन का भी धन्यवाद किया। इस आयोजन में पुलिस की बेहतरीन व्यवस्था रही। सोमवार को पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैकबपुरा में परम पूज्य चर्या शिरोमणि आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज समेत पिच्छी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। उनके स्वागत, चरण वंदन के लिए खास तैयारियां सोमवार अलसुबह से ही कर दी गई थी। पुराना रेलवे रोड से लेकर पूरे सदर बाजार में जैन मंदिर तक टेबल बिछाई गई थी।

पालम विहार जैन मंदिर से सुबह 8 बजे विशुद्ध सागर जी महाराज पिच्छी ससंघ चले। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया और नमन किया। सेक्टर-4/7 चौक पर विशुद्ध सागर जी महाराज का अनुमान सागर जी महाराज से मिलन हुआ। इसके बाद सभी संत जैकबपुरा के लिए चले। भक्तों की भारी भीड़ के बीच सभी जैन संत ओल्ड रेलवे रोड से मेजों के ऊपर से चले। थोड़ी-थोड़ी दूरी पर जैन परिवार मौजूद रहे। उन्होंने विशुद्ध सागर जी महाराज, अनुमान सागर जी महाराज का पक्ष पक्षालन (चरण धोए) किया। जैकबपुरा मंदिरजी से सभी संतों ने अलग-अलग घरों में आहार ग्रहण किया। इसके बाद संत सेक्टर-15 जैन मंदिर व फिर मालिबू टाउन पहुंचे। इस कार्यक्रम के आयोजक पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कार्यकारिणी रही, वहीं सकल दिगम्बर जैन समाज कार्यकारिणी नमनकर्ता रही।

गोसाई श्याम जी महाराज की 400वीं पुण्यतिथि पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

श्री श्याम जी मंदिर न्यू कॉलोनी में गोसाई श्याम जी महाराज की 400वीं पुण्यतिथि पर संबोधित करते बोधराज सीकरी व उपस्थित श्रद्धालु।

गुरुग्राम। बोधराज सीकरी प्रधान की अगुवाई में श्री श्याम जी मंदिर न्यू कॉलोनी में गोसाई श्याम जी महाराज की 400वीं पुण्यतिथि को उत्सव के रूप में श्री श्याम जी महाराज ट्रस्ट के मंदिर की समस्त कार्यकारिणी की देख रेख में मनाया गया, जिसमें मंदिर ट्रस्ट की ओर से साध्वी पूर्णिमा (पूनम) वृंदावन बरसाने वालों को आमंत्रित किया गया था।

ट्रस्ट की ओर से मंदिर के बाहर एक विशाल पंडाल लगाया गया व भव्य एवं दिव्य दरबार पं. भीमदत्त ज्योतिषाचार्य द्वारा तैयार किया गया। श्री हनुमान चालीसा का पाठ श्री गजेंद्र गोसाई द्वारा उपस्थित संगत के साथ किया गया। बोधराज सीकरी ने गोसाईं श्याम जी महाराज का संक्षिप्त जीवन परिचय उपस्थित जन समूह के सामने रखा। साध्वी पूर्णिमा (पूनम) जैसे ही खचा-खच भरे पंडाल में पधारी पूरा पंडाल करतल ध्वनि एवं जय श्री राधे, जय श्री कृष्ण से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम में डॉक्टर अशोक दिवाकर ने कहा कि गोसाई श्याम जी महाराज का प्राकट्य भक्ति काल में हुआ और उन्होंने जो कार्य किए उनसे हमें शिक्षा लेनी चाहिए।

उन्होंने सभी से प्रार्थना की कि 22 जनवरी को राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी अपने-अपने घरों में दीपक प्रज्वलित करें व मंदिरों में सुबह एलईडी लगाकर अयोध्या से सीधा प्रसारण का आनन्द लें। कार्यक्रम के पश्चात सभी के लिए लंगर प्रसाद की व्यवस्था की गई। भंडारे की व्यवस्था को संभालने का कार्य श्री श्याम रसोई सेवा दल गुरुग्राम की ओर से नि:शुल्क किया गया। इस कार्य के लिए जितनी उनकी प्रशंसा की जाये कम है। कार्यक्रम में श्री गोपीनाथ मंदिर से गोसाई चूड़ामणि, जगदीश ग्रोवर, हरीश, धर्मेन्द्र बजाज, ओमप्रकाश कथूरिया, वरिष्ठ उपप्रधान पंजाबी बिरादरी महासंगठन, राजेश सूटा, वरिष्ठ अधिवक्ता, सुरेंद्र खुल्लर प्रधान केंद्रीय श्री सनातन धर्म सभा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता पहुंचे गुरुग्राम

गुरुग्राम के बंधवाड़ी प्लांट का दौरा करते शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता।

गुरुग्राम। शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता ने सोमवार को गुरुग्राम के बंधवाड़ी प्लांट में पहुंचकर लीगेसी वेस्ट निष्पादन तथा लीचेट ट्रीटमेंट कार्यों की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लीगेसी वेस्ट का निष्पादन करने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधियों से बातचीत की तथा उनकी निष्पादन क्षमता की जानकारी ली। उन्होंने निष्पादन कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नई एजेंसियों को जल्द से जल्द जगह उपलब्ध करवाने बारे भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। एजेंसी प्रतिनिधियों से भी कहा कि वे जल्द से जल्द लीगेसी वेस्ट निष्पादन का कार्य शुरू करवाएं, ताकि जून माह तक लीगेसी वेस्ट निष्पादन का कार्य पूरा किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि कचरा निष्पादन से निकलने वाले आरडीएफ को एजेंसियों द्वारा सीमेंट कंपनियों में भिजवाया जाता है तथा कंपोस्ट व इनर्ट का निष्पादन भी एजेंसियां अपने स्तर पर ही करती है। इस पूरी प्रक्रिया में लगी सभी गाडियां जीपीएस इनेबल्ड हैं, ताकि सही तरीके से निगरानी हो सके। लीचेट ट्रीटमैंट के बारे में अधिकारियों ने बताया कि बंधवाड़ी साईट पर 400 केएलडी क्षमता के दो डीटीआरओ लगे हुए हैं। इस मौके पर नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़, अतिरिक्त निगमायुक्त अमरदीप सिंह, संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार, चीफ इंजीनियर विशाल बंसल सहित नगर निगम गुरुग्राम व नगर निगम फरीदाबाद के अधिकारीगण उपस्थित थे।

गली में खड़े सेफ्टी टैंकर हटवाने पर मारपीट में सात आरोपी काबू

गुरुग्राम। गली में खड़े सेफ्टी टैंकर को हटवाने को लेकर मारपीट मामले में पुलिस ने सात आरोपी काबू किए हैं। पुलिस ने सोमवार को आरोपियों से डंडे भी बरामद किए हैं, जिनका मारपीट में उपयोग किया गया था। पुलिस चौकी सेक्टर-93 गुरुग्राम में दी गई शिकायत के अनुसार पीड़ित व्यक्ति गांव गढ़ी में अपने दोस्त से मिलने गया था। गांव की गली में एक सेफ्टी टैंकर खड़ा था, जिसके कारण गली से इसकी गाड़ी नहीं निकल रही थी। उसने टैंकर को हटाने के लिए बोला, लेकिन उन्होंने सेफ्टी टैंकर नहीं हटाया। इसके बाद यह अपने दोस्त के घर चला गया था। कुछ समय पश्चात वह अपने दोस्त के साथ वापस आया तथा सेफ्टी टैंकर हटाने के लिए कहा, लेकिन टैंकर के मालिक ने टैंकर नहीं हटाया। उसके व उसके दोस्त के साथ मारपीट की। ये अपना बीच बचाव करके उसके दोस्त के घर चले गए। जहां पर सेफ्टी टैंकर के मालिक ने फिर से 5-6 व्यक्तियों के साथ मिलकर लाठी/डंडों से इनके साथ मारपीट की। जाते समय जान से मारने की धमकी दी। इस शिकायत पर थाना सेक्टर-10 गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया। पुलिस चौकी सेक्टर-93की पुलिस टीम ने इस केस में सात आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान सचिन, कुलदीप उर्फ केशू, आकाश उर्फ अक्की, राजेश उर्फ काले, हिमांशु उर्फ बच्ची अंशुल व सुभाष के रूप में हुई। आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड से पता चला है कि आरोपी आकाश के खिलाफ हत्या, मारपीट शस्त्र अधिनियम के तहत तीन केस गुरुग्राम में तथा हत्या के प्रयास के तहत एक केस फरीदाबाद में दर्ज है। आरोपी सचिन के खिलाफ शस्त्र अधिनियम, मारपीट के तहत तीन केस गुरुग्राम में तथा आरोपी राजेश के खिलाफ मारपीट के तहत दो केस गुरुग्राम में तथा विस्फोट करके संपत्ति नष्ट करने के संबंध में एक केस रेवाड़ी में दर्ज है।

हत्या मामले में पांच हजार के इनामी को पुलिस ने दबोचा

तावडू। जिले के बिछौर थाना अंतर्गत गांव नीमका निवासी व हत्या के मामले में करीब पांच साल से गिरफ्तारी से बच रहे एक पांच हजार रुपए के इनामी आरोपी को पुलिस ने काबू किया है। जिसकी पहचान मोहम्मद पुत्र हबीब निवासी नीमका के रूप में हुई है, पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार लिया है।उक्त हत्या के मामले में अभी और आरोपियों की गिरफ्तारी भी होनी है। नूंह पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2019 नवंबर में भूमि बंटवारे के विवाद को लेकर बिछोर थाना के गांव नीमका में दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। इस दौरान में नीमका निवासी अब्दुल्ला गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुन्हाना सीएचसी में पहुँचाया,फिर नूंह नलहड़ मेडिकल कालेज में ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने अब्दुल्ला की गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया। दिल्ली अस्पताल में अब्दुल्ला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के बेटे के बयान पर आठ नामजद समेत एक अन्य के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मामले से सम्बंधित पूर्व में कुछ गिरफ्तारियां की गई लेकिन मुख्य आरोपी मोहम्मद अब तक अपनी गिरफ्तारी से बचता रहा था। जिसे बीते रविवार को पुलिस ने एक ठिकाने से दबोच लिया। मोहम्मद ने बताया कि हादसे के बाद वह अपने परिवार के साथ राजस्थान जुरहड़ा में छुप गए। उन्होंने जुर्म स्वीकार करते हुए कहा कि उन्होंने ही अब्दुल्ला पर फरसा से वार किया था।

रोजका मेव पंचायत गबन मामले में दो पंचायत सचिवों को जमानत

तावडू। जिले के इंडरी खंड की ग्राम पंचायत रोजका मेव में करोड़ो रुपये के गबन मामले में करीब 25 दिन पहले गिरफ्तार किए गए दो पंचायत सचिवों को अदालत ने जमानत दे दी है। इस बहुचर्चित गबन मामले में गिरफ्तार कुल सात आरोपियों में से तीन की जमानत हो चुकी है। आरोपी पक्ष के अधिवक्ता ताहिर ने बताया रोजका मेव ग्राम पंचायत में करोड़ों रुपए गवन मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस की ओर से अब सात गिरफ्तारियां पुलिस की ओर से की गई है। जिनमे तीन की जमानत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार गर्ग की अदालत ने पंचायत सचिव इमरान और जावेद को जमानत दे दी। बताया कि गिरफ्तार सचिवों से संबंधित पुलिस अदालत में कोई ऐसा दस्तावेज सबूत के रूप में पेश नहीं कर सकी जिसमें उनकी संलिप्तता मिली हो। इससे पहले एक बैंक अधिकारी की भी जमानत हुई थी। बता दें रोजका मेव में पंचायती भूमि अधिग्रहण के रूप में मिली मुआवजा राशि को लेकर करोड़ों रुपए गबन के आरोपों में बीते 5 नवंबर को जिला उपायुक्त के आदेश पर केस दर्ज किया था। उसके बाद पुलिस की ओर से अब तक तीन पूर्व सरपंचों सहित सात आरोपियों की गिरफ्तारी की गई।वर्ष ग्राम पंचायत रोजका मेव की करीब 20 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण एचएसआईडीसी (हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन) ने किया था। भूमि की 24 करोड़ 27 लाख 90 हजार 726 रुपये तत्कालीन सरपंच व कई विभागों के अधिकारियों ने मिली भगत कर पूरी राशि को विभिन्न बैंक खातों व अलग-अलग फर्म के खातों में ट्रांसफर करा दी थी। जबकि बड़ी मात्रा में राशि को सरपंचों ने भी निकाल दिया था।

पचगांव में टोल प्लाजा का निर्माण करने की प्रक्रिया शुरू करे एनएचएआई

गुरुग्राम में अधिकारियों की बैठक लेते हरियाणा सरकार में शहरी विकास के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा सरकार में शहरी विकास के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खेडकी दौला से पचगांव में स्थानांतरित किए जा रहे टोल प्लाजा की भूमि को अधिग्रहण करने की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए। वे सोमवार को स्थानीय लोकनिर्माण विश्राम गृह में गुरुग्राम के प्रमुख मार्गों को लेकर आयोजित की गई बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.श्रीनिवासन, डीसी निशांत कुमार यादव, मानेसर नगर निगम के आयुक्त अशोक गर्ग, डीसीपी ट्रैफिक विरेंद्र विज सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। डीएस ढेसी ने इस अवसर पर कहा कि पचगांव में टोल प्लाजा के लिए भूमि एचएसआईडीसी ने जीएमडीए को और जीएमडीए ने एनएचएआई को ट्रांसफर कर दस्तावेज सौंप दिए हैं। अब एनएचएआई को यह अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर इस कार्य को शुरू करवाना है। इसलिए इस काम में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए। यह कार्य एनएचएआई के रेवाड़ी प्रोजेक्ट डायरेक्टर के तत्वावधान में शुरू किया जाना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से इस मामले को रोड सेफ्टी के एंजेंडा में भी रखा जाए। इस बैठक में पूर्व मुख्य सचिव डीएस ढेसी ने कहा कि सोहना, फरीदाबाद व जयपुर की ओर जाने वाले रैफरल रोड्स को इस प्रकार से बनाया जाए कि यातायात का आवागमन सुगमता से हो सके। उन्होंने कहा कि द्वारका एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड को गुरूग्राम शहर में वाहनचालकों की सुविधा के लिए खोल देना चाहिए। इस रोड के कुछ हिस्से में तो ट्रैफिक चल रहा है, बाकी को बंद कर दिया गया है।

इस पर एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि अभी इस रोड का आडिट किया जा रहा है और आने वाले दिनों में जल्दी ही इसको खोल दिया जाएगा। प्रधान सलाहकार ने मानेसर हाई-वे पर आईएमटी के समीप पैदल यात्रियों के लिए एक फ्लाईओवर बनाए जाने के बारे में राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि जून माह तक यहां एक एलिवेटेड रोड बनाकर तैयार कर दिया जाएगा। बैठक में डीएस ढेसी की ओर से गुरुग्राम-पटौदी रोड को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए।

222 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब से भरे कैंटर समेत एक आरोपी काबू

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब से भरे एक कैंटर को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने कैंटर के साथ एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। कैंटर में 222 पेटी अंग्रेजी शराब भरी थी।

जानकारी के अनुसार मानेसर अपराध शाखा प्रभारी उप-निरीक्षक ललित कुमार की टीम ने अपने विश्वसनीय सूत्रों से अवैध शराब की सप्लाई के संबंध में जानकारी मिली थी। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने नाकाबन्दी/चेकिंग की। गांव खेटावास चौक फरुखनगर से शराब से भरे एक कैंटर को चालक सहित काबू करने में सफलता हासिल की।

दिव्या पाहुजा मर्डर केस में पुलिस ने दिल्ली की युवती को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पुलिस द्वारा दिव्या पाहुजा हत्या में गिरफ्तार की गई युवती।

यहां बस अड्डे के निकट होटल सिटी प्वायंट में गैंगस्टर संदीप गाड़ौली की पूर्व प्रेमिका दिव्या पाहुजा की हत्या के मामले में एक युवती को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस हत्याकांड में अब तक चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। हालांकि अब तक दिव्या पाहुजा की डेड बॉडी के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है।

गौरतलब है कि होटल सिटी प्वायंट में एक महिला की हत्या की सूचना सेक्टर-14 पुलिस को तीन जनवरी 2024 को पुलिस को मिली थी। इस सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। पता चला कि होटल में दिव्या पाहुजा निवासी बलदेव नगर गुरुग्राम उम्र 27 वर्ष की हत्या की गई है। उसकी बॉडी को ठिकाने लगाने के लिए कहीं बाहर ले जाया गया है। मृतिका की बहन की शिकायत पर थाना सेक्टर-14 में केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा सेक्टर-17 गुरुग्राम की पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी अभिजीत, ओमप्रकाश व हेमराज को गिरफ्तार किया था। अब इस मामले में एक महिला आरोपी को सोमवार को गुरुग्राम से काबू किया है। आरोपी महिला की पहचान मेघा निवासी गांव मित्राऊ एक्सटेंशन नजफगढ़ दिल्ली उम्र-20 वर्ष के रूप में हुई।

पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी युवती मेघा ने दिव्या पाहुजा की हत्या में प्रयोग किया गया हथियार, मृतका के दस्तावेज एवं निजी सामान को छुपाने/फेंकने में मुख्य आरोपी अभिजीत की मदद की थी। आरोपी युवती को सोमवार को अदालत में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान मेघा की इस घटना में संलिप्तता व हत्या में प्रयोग किया गया हथियार, मृतका के दस्तावेज एवं निजी सामान के बारे में गहनता से पूछताछ की जाएगी।

सोहना में स्वागत द्वार निर्माण की कवायद शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना की चुंगी नंबर एक पर स्वागत द्वार का निर्माण कार्य चलता हुआ।

शहर के 8 अलग-अलग स्थानों पर बनने वाले 8 स्वागत् द्वारों में से चुंगी नंबर एक पर निर्माण कार्य शुरु हो गया है। महेन्द्र एजेंसी ने शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक सौंदर्यीकरण निर्माण के साथ स्वागत् द्वार का भी निर्माण कार्य शुरु कर दिया है।

शहर में सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्तावित निर्माण कार्यों की नए साल में शुरुआत हो गई है। शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक सौंदर्यीकरण करने वाली महेन्द्र एजेंसी ने स्वागत् द्वार का निर्माण कार्य भी साथ के साथ शुरु कर दिया। महेन्द्र एजेंसी शहर में तीन स्वागत् द्वार बनाएंगी।

तीन में से एक पहला द्वार चुंगी नंबर एक से हुई है। जहां पर एजेंसी ने पिल्लर खड़ें कर दिए है। महेन्द्र एजेंसी नागरिग अस्पताल मार्ग और बस स्टैंड मार्ग पर स्वागत् द्वार बनाएंगी।

> **शहर** के विकास के कार्यों की शुरुआत हो गई है। आने वाले एक साल में शहर की विकास के नाम पर कायाकल्प हो जाएगी। विकास कार्यों की गति रुकने वाली नहीं है।
>
> **(संदीप मलिक-कार्यकारी अधिकारी नप)**

20 से 22 लाख रुपये की लागत: जानकारी के अनुसार एक स्वागत् द्वार पर 20 से 22 लाख रुपये का खर्च किए जाएंगे। शहर में बनने वाले सभी 8 स्वागत् द्वार भी आकर्षण के केन्द्र रहेंगे। जिनकी चमक रात के अंधेरे में भी दूर-दूर तक आएगी। स्वागत् द्वार रंगीन लाइटों से चमकते हुए नजर आएंगे। अन्य शहरों से आने वालों का शहर में प्रवेश एक शाही द्वार के माध्यम से होगा। नगर परिषद शहर के दमदमा मार्ग, बालूदा मार्ग, अग्रसैन चौक, देवीलाल मार्ग और राजीव गांधी पार्क पर स्वागत् द्वार का निर्माण कराएगी। राजीव गांधी पार्क पर बनने वाले द्वार का नक्सा बनकर तैयार हो गया है। जबकि 4 अन्य स्वागत् द्वारों का टेंडर लगाने से लेकर उनके नक्शे तैयार किए जा रहे हैं।

गुरुग्राम के नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने संभाला अपना पदभार

पार्टी कार्यालय पहुंचने पर अध्यक्ष यादव का हुआ भव्य स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम भाजपा अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बात करते कमल यादव।

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमल यादव ने भाजपा कार्यालय गुरुकमल पहुंचकर सोमवार को विधिवत रूप से पदभार संभाला। यादव ने मिली नई जिम्मेदारी पर कहा कि वे पार्टी व संगठन को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे। कमल यादव ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ यह जिम्मेदारी दी है उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

कमल यादव ने कहा कि आने वाले समय में भाजपा लोकसभा, विधानसभा और नगर निगम चुनाव में जीत का बिगुल बजाएगी। उन्होंने सभी को विश्वास दिलाया कि वे भाजपा जिला के सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे। अपने नये दायित्व पर कमल यादव ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, भूपेंद्र यादव सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। जिले के सेंकड़ों कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों और फूल बरसाकर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत किया।

पदभार संभालने के बाद मीडिया से बात करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी का आधार स्तंभ है। कार्यकर्ताओं के दम पर ही 2014 से भारतीय जनता पाटीजू की विजय यात्रा शुरू हुई। कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर भाजपा ऐसी पार्टी बन गई है जो बूथ स्तर पर मजबूत है। गुरुग्राम की चारों विधानसभाओं में पन्ना प्रमुख सम्मेलन संपन्न हो चुके हैं। यादव ने कहा कि निश्चित रूप से लोकसभा चुनाव में जनता जनार्दन के आशीर्वाद और संगठन की शक्ति के दम तीनों चुनाव जीतेंगे। कमल यादव ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता मेहनती हैं। पार्टी द्वारा दिए गए हर काम को पूरी लगन और निष्ठा से करता है। इसलिए आगामी आने वाले लोकसभा, विधानसभा और नगर निगम चुनाव के लिए भी कार्यकर्ता तैयार है। निश्चित ही देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार फिर से बनेगी और नगर निगम के सभी वार्डों में कमल खिलेगा।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष गोपीचंद गहलोत, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, समय सिंह भाटी, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव, जिला मीडिया सह प्रमुख जयवीर यादव, सर्वप्रिय त्यागी, बोधराज सीकरी समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

जनस्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया पेयजल, सीवर लाइन का सर्वे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

बिछाई गई पेयजल आपूर्ति की लाइन।

जनस्वास्थ्य विभाग ने शहर में बिछाई गई पेयजल और सीवर लाइन की सर्वे का कार्य शुरू किया है। सर्वे के दौरान लाइन की गहराई से लेकर उसकी निर्माण सामग्री की सर्वे करेगा। सर्वे के बाद दोनों ही लाइनों को ऑनलाइन किया जाएगा।

जनस्वास्थ्य विभाग ने केन्द्र सरकार के आदेश पर पेयजल और सीवर लाइन का सर्वे का कार्य शुरु किया है। सर्वे कार्य में 15 कर्मचारी लगे है। यह सर्वे का कार्य नगर परिषद के शहरी क्षेत्र में पिछले करीब एक माह से किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में पेयजल और सीवर की 115-115 लंबी लाइनें बिछाई गई थी। जिसमें पुरानी और नई सीवर तथा पेयजल सप्लाई की दोनों ही लाइनों को सर्वे हो रहा है।

> **लाइनों** की सर्वे का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कर्मचारियों को प्रत्येक वार्ड, गली, मौहल्ला में जाकर दबाई गई लाइनों की खुदाई करके ऑनलाइन जानकारी डाली जा रही है।
>
> **(खुशीद अहमद-जेई जनस्वास्थ्य विभाग)**

सर्वे का लाभ: जनस्वास्थ्य विभाग केन्द्र सरकार के आदेशों की पालना करते हुए सर्वे के दौरान लाइन की मोटाई से लेकर जमीन में उसकी गहराई और निर्माण सामग्री की जानकारी मिलेगी। सर्वे करने के बाद दोनों ही लाइनों को ऑनलाइन किया जाएगा। जिससे कोई भी नागरिक किसी भी स्थान की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर सकता है। ठेकेदार द्वारा यदि पाइप लाइन डालते समय घटिया सामग्री का उपयोग किया हैं। आम नागरिक किसी भी स्थान भी जानकारी प्राप्त कर सकेगा।

जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को लाइव सुना

नागरिकों को बिना देरी के पहुंचाया जा रहा योजनाओं का लाभः एसडीएम

कहा, हर वर्ग के नागरिक ले रहे हैं विकसित भारत संकल्प की शपथ

विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव बडौजी और जौरासी में हुआ स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग जहां एक तरफ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जा रहे स्टालों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं। परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, हेल्थ चैक और उज्ज्वला योजना से संबंधित स्कीमों का मौके पर ही लाभ उठा रहे हैं।

खंड नूंह के गांव बडौजी में एसडीएम अश्वनी कुमार, खंड तावडू के गांव जौरासी में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम संजीव कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर एसडीएम अश्वनी कुमार व संजीव कुमार ने नागरिकों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को लाइव सुना ।

नागरिकों को संबोधित करते हुए एसडीएम अश्वनी कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र व प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं को हर दरवाजे तक पहुंचा रही है। यात्रा बिना किसी भेदभाव के पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को ऐसी सरकार मिली है जो गारंटी के साथ अंत्योदय उत्थान की योजनाओं को धरातल पर उतार रही है।

उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ पात्र लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रत्येक गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है और लोगों की समस्याओं की समाधान भी किया जा रहा है। मुख्य अतिथि एसडीएम संजीव कुमार ने अधिकारियों के साथ स्टॉलों का अवलोकन किया। इसी प्रकार से कार्यक्रमों के दौरान अधिकारियों ने भी गणमान्य लोगों व ग्रामीणों को उनके द्वारा प्रदान की जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का फायदा जरूरतमंद लोगों को बिना किसी देरी के पहुंचना चाहिए। विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों में मनरेगा द्वारा जॉब कार्ड से संबंधित जानकारी दी गई, वहीं नए पीपीपी में जरूरी संशोधन तथा बिजली निगम द्वारा नए मीटर लगवाने के बारे में बताया गया। खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा गरीब परिवारों को मिलने वाले राशन कार्ड व ऑनलाइन राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने ड्रोन की जानकारी दी और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली राशि में किसी भी प्रकार की दिक्कतों को दूर करने से संबंधित जानकारी दी गई। कल्याण विभाग द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना, छात्रवृति योजना और विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली राशि के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रमों में अलग परिवार पहचान पत्र बनवाने व इसमें त्रुटि ठीक करवाने, राशन कार्ड, आधार कार्ड में नाम व जन्मतिथि की त्रुटियों को ठीक करवाने से संबंधित स्टॉलों पर सबसे अधिक भीड़ लगी रही। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत जरूरतमंदों को लाभ देने के लिए उनके केवाईसी किए गए। कार्यक्रमों में ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

अधिक ठंड पड़ने पर आवश्यक सावधानियां बरतें नागरिक

मेवात। जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं भारत मौसम विज्ञान केन्द्र तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा के द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रदेश में सामान्यत: दिसम्बर से जनवरी माह के बीच ठंड की व्यापकता और तीक्ष्णता कभी-कभी शीतलहर का रूप ले लेती है।

उपायुक्त ने ठंड के दौरान लोगों से आवश्यक सावधानियां बरतने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सामान्य तापमान 10 डिग्री सेन्टीग्रेट से कम होने पर शीतलहर उत्पन्न होती है। जनसाधारण को चाहिए कि शीतलहर के समय जहां तक हो सके घर से बाहर आवश्यक कार्यों हेतु दिन में निकले। उपलब्ध गर्म व ऊनी कपडों को पहना जाना चाहिए। रात्रि के समय यदि बाहर कार्य करने की नौबत आये तो अपने पास अलाव तापने की व्यवस्था करनी चाहिए।

उपायुक्त ने कहा कि शीतलहर के समय ज्यादातर गर्म भोजन का सेवन करना चाहिए, गुड व तिल से बने पदार्थों का सेवन करने से ठंड का प्रतिरोध करने में आसानी रहती है । सबसे अहम बात शारीरिक श्रम की है, यदि व्यक्ति रोजाना शारीरिक श्रम व व्यायाम सुबह के वक्त करे और तेल की मालिश करे तो शीतलहर से बचाव करने में सहायता मिलती है।

शीतलहर के कारण जिन व्यक्तियों के हाथों व पैरों की उगलियों में सूजन आ जाती है। उन्हें धूम्रपान नहीं करना चाहिए। शीतलहर से बचाव हेतु भ्रमणशील लोगों को रात्रि के समय रैन बसेरों, सार्वजनिक भवनों व धर्मशालाओं में समय व्यतीत करना चाहिए। खुले स्थानों पर रात्रि का समय व्यतीत करने में परहेज करना चाहिए।

सलंबा में आफताब को समर्थन चार दर्जन लोगों ने कांग्रेस ज्वाइन की

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

राहुल गांधी, भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ कांग्रेस पार्टी में सभी के हित सुरक्षित

नूंह विधानसभा के सलंबा गांव में कांग्रेस पार्टी के विधायक चौधरी आफताब अहमद को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली जब अलग अलग दलों के चार दर्जन से अधिक लोगों ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। विधायक आफताब अहमद को इंडरी, रिठौडा, बीबीपुर, नूंह, गांगोली, घासेडा आदि में भी हाल ही में सैकड़ों लोगों ने बीजेपी सहित अन्य दलों को छोडकर समर्थन दिया जिससे आगामी चुनावों में कांग्रेस लगातार मजबूत होती नजर आ रही है।

इन लोगों ने थामा कॉंग्रेस का हाथ- हाजी कल्लू ठेकेदार की मौजूदगी में हाजी हारून, हाजी बुद्धू, रोशन, मौहम्मद आसिफ, सराज, राहिल खान, असगर हुसैन, इकबाल ठेकेदार, ईरशाद खान, सरपु, हसीन अहमद, वहीद खान, जुहुरद्दीन, जाहिद एडवोकेट, फारुख,अहमद, शेरू, नूर मोहम्मद, इमरान, शमशाद, रमजान, इम्तियाज खान, इरफान खान, सलीम, परवेज, हामिद, साजिद, हक्मू, आरिफ खान, मकसूद, तालिब खान, सोयब, इलियास, जाहिद, सबीद, फरदीन, जासिद, नावेद, शाहरुख, सैफ, जफरू, जावेद आदि ने कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस में शामिल होने वालों ने कहा कॉंग्रेस पार्टी ने पूर्व में विकास के अनेकों कार्य किए और सभी को साथ लेकर चले, स्थानीय विधायक आफताब अहमद की कार्यशैली प्रशंसनीय रही है। उन्होंने राहुल गांधी, चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, उदय भान व कांग्रेस पार्टी में सभी के हित सुरक्षित होने की बात कही। कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद ने कहा सभी सम्मानित साथियों को भरपूर मान सम्मान दिया जाएगा।

लोगों का लगातार कॉंग्रेस में आस्था जताना इस बात का सूचक है कि जनता मौजूदा सरकार की अंतिम विदाई करने को तैयार बैठी है। आफताब अहमद ने कहा कि हमें सभी को इलाके के भाईचारे को मजबूत रखकर फिरकापरस्त ताकतें से लड़ाई लडनी है और आज के समर्थन से साफ है कि हिंदू-मुस्लिम सभी मिलकर विकास चाहते हैं और भाजपा को नकार रहे हैं। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस के नौ सालों में विकास हुआ था, जिला बनाने से लेकर मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कई महिला कॉलेज, कई बहुतकनीकी संस्थान, कई आईटीआई, कस्तूरबा गांधी विधालय, कई आरोही माडल स्कूल, कोटला झील, राजीव गांधी रैनीवैल योजना, बादली परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए, लघु सचिवालय नूंह, मेवात कैनाल, रोजगार के साधन, किसानों की कर्ज माफी, बीपीएल प्लाट, कई बस अड्डे, कई बिजली घर आदि बनाए गए थे। लेकिन भाजपा सरकार ने कोई विकास कार्य नहीं किए। भाजपा विकास की नहीं बल्कि समाज को बांटने की सोचती है। नौ साल में मेवात को विकास कार्य नहीं बल्कि दंगो की आग में झोंका गया है, आपसी भाईचारे को तोड़ने की कोशिश हुई। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि दोबारा काँग्रेस सरकार बनने पर मेवात का विकास का पहिया तेज गति से घूमेगा।

मेवात के भाईचारे को बचाने व विकास को शुरू कराने के लिए भाजपा का सफाया जरुरी है। इस दौरान पीसीसी सदस्य शरीफ, साजिद सरपंच सालंबा, हाजी नईम इकबाल, लियाकत सालाहेडी, हाजी हसन सतपुत्यका, हाजी साहब खान, डा हनीफ, फरकू, ताहिर हुसैन सहित काफी जिम्मेदार लोग शामिल रहे। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस परिवार में शामिल हुए लोगों के मान सम्मान का भरपूर ख्याल रखा जाएगा। जो लोग सहयोग व समर्थन कर रहे हैं उनके लिए वो हर वक्त सहयोग के लिए तैयार रहेंगे।

आप अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने हरियाणा में पांच लोकसभा सीटें मांगी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

कांग्रेस हरियाणा में 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी

हरियाणा में पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद आम आदमी पार्टी ने प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों में से पांच सीट देने की मांग कांग्रेस के समक्ष रखी है। हालांकि कांग्रेस ने सभी दस लोकसभा सीटों पर अपने को-ऑर्डिनेटर नियुक्त कर दिए हैं।

ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस हरियाणा में 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसको लेकर आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने हाईकमान से हरियाणा में पांच लोकसभा सीटें गठबंधन में देने की मांग की है। सुशील गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस का तो अभी संगठन भी नहीं बना है। हम बूथ स्तर पर संगठन बना चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी इस देश में लोकतंत्र को खत्म करने का सोच रही है। लोकतंत्र को बचाने के लिए आईएनडीआईए महागठबंधन का गठन हुआ है। देश में ईडी और सीबीआई हर विपक्ष के नेता के पीछे लगी हुई है। विधानसभा चुनाव हम अपने दम पर लड़ेंगे । यह महागठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए है। आम आदमी पार्टी हरियाणा में शिक्षा और चिकित्सा के मुद्दों पर अभियान छेड़े हुए है। हाल में हरियाणा के अलग अलग क्षेत्रो मे बदलाव यात्राएं आयोजित की गई। अब 28 जनवरी को जींद में बदलाव जनसभा का आयोजन किया जाएगा अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान इस जनसभा को संबोधित करेंगे। सुशील गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व का जो भी फैसला होगा वो उसका सम्मान करेंगे। आप का दावा है कि हरियाणा में दस लोकसभा सीटों पर आधा-आधा है। 28 जनवरी को जींद में हमारे राष्ट्रीय संयोजक मुख्यमंत्री केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आ रहे हैं। 28 जनवरी को हमारी कोशिश है कि हर वार्ड हर वर्ग के लोग जींद पहुंचें।

मिड डे मील वर्कर ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

मिड डे मील वर्कर इन दिनों बेहद परेशान हैं। उनकी परेशानी की वजह है, समय पर वेतन की अदायगी नहीं होना। वेतन की अदायगी अगर समय पर नहीं हुई तो इस बार सैकड़ों मिड डे मील वर्करों के घर का चूल्हा चलाना मुश्किल हो सकता है।

मिड डे मील वर्कर में इस बात को लेकर खासी नाराजगी है। कड़ाके की ठंड में सैकड़ों की संख्या में मिड डे मील वर्करों गांधी पार्क में इकट्ठा होकर सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की । उसके बाद मिड डे मील वर्करों ने लघु सचिवालय नूंह परिसर में न केवल प्रदर्शन किया बल्कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मिड डे मील वर्कर का कहना है कि उनका बकाया मानदेय तुरंत जारी करवाया जाए। मिड डे मील वर्कर्स का बढ़ाया गया मानदेय प्रत्येक महीने की 10 तारीख तक खाते में डाला जाए। न्यूनतम वेतन 26000 दिया जाए। वर्दी का बकाया भुगतान किया जाए। वर्दी भत्ता 2000 मिलना चाहिए। मिड डे मील वर्कर्स की रिटायरमेंट उम्र 65 साल हो। 5 लाख रिटायरमेंट के रूप में दिया जाए। स्कूलों को मर्ज करना बंद किया जाए। मर्ज करने के बाद वर्कर्स को दोबारा काम पर रखा जाए और दुर्घटना होने पर इलाज की व्यवस्था मृत्यु होने पर ?5 लाख का मुआवजा दिया जाए इन सभी मांगों को लेकर आज मिड डे मील वर्कों ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपा।

आगामी 18 फरवरी से शुरू होगी श्री महाशिवपुराण कथा एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम

चिराग गोयल। फिरोजपुर झिरका

प्रधान डॉ वेद प्रकाश माहेश्वरी एवं सचिव छगनलाल शर्मा।

श्री सनातन धर्म सभा समिति के सौजन्य से हर वर्ष की भांति गत वर्ष भी प्राचीन गढ़ अंदर श्री सीताराम मंदिर के बाद जीर्णोद्धार की तीसरी स्थापना वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य पर भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। जिसको लेकर बड़े पैमाने पर मंदिर समिति के लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है।

उक्त जानकारी सनातन धर्म सभा समिति के प्रधान डॉ वेद प्रकाश माहेश्वरी एवं सचिव छगनलाल शर्मा ने दी। उन्होंने दी अपनी जानकारी में बताया कि आगामी रविवार 18 फरवरी दोपहर एक बजे से लेकर शाम पांच बजे तक श्री महाशिवपुराण कथा एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम 28 फरवरी तक बड़े धूमधाम के साथ किया जाएगा। इस दिव्य कथा का वाचन कथा प्रवक्ता बालकृष्ण महाराज वृंदावन वाले अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं के दिल में भक्ति रस का संचार करेंगे। श्री महाशिवपुराण कथा आयोजन से पूर्व 18 फरवरी सुबह 9 बजे सिविल लाइंस रोड पर स्थित हनुमान बगीची से भव्य कलश यात्रा का आयोजन होगा। जोकि सुर मधुर भजनों पर बैंड बाजे एवं ढोल नगाड़ों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह कलश यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए अपने गंतव्य स्थान गढ़ अंदर सीताराम मंदिर पहुंचेगी।

इसके उपरांत 28 फरवरी को सुबह आठ बजे हवन यज्ञ का कार्यक्रम किया जाएगा दोपहर बारह बजे विशाल भंडारे प्रसाद का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने शहर के समस्त धर्म प्रेमियों से अपील करते हुए कहा कि श्री सनातन धर्म सभा समिति द्वारा आयोजित श्री महाशिवपुराण कथा एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ उठाएं और इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बने।

मेवात में मरहूम चौ. तय्यब हुसैन की धर्मपत्नी जमीला बेगम को श्रद्धांजलि पेश करने पंहुचे गणमान्य लोग

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

सोमवार को भी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नूँह निवास पर उनकी माताजी व पूर्व मंत्री व सांसद रहे मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन की धर्मपत्नी स्व: श्रीमती जमीला बेगम के निधन पर उन्हें खिराज-ए-अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश करने वालों का लगातार ताँता लगा रहा।

सोमवार को प्रमुख रूप से फरीदाबाद से उद्योगपति अजय जुनेजा व उनकी धर्मपत्नी, सरदार जी एस मलिक, फिरोज खान अध्यक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग दिल्ली राज्य, सुरेश सोलंकी, बिल्लू सरपंच साढराणा, राजपाल प्रधान सब्जी मंडी गुड़गाँव, कृष्णपाल प्रधान गुड़गाँव, जगराम मान डीडीपीओ, टीकम सिंह सरपंच कालियाका, रामपत पार्षद तावडू, कृष्ण प्रधान रेवाड़ी, असलम खान गोरवाल अध्यक्ष दिल्ली स्टेट मेव सभा , विजय पाल भौंडसी, वीर पाल भौंडसी, जुनैद पार्षद रेवासन, हाजी शौकत हुसैनपुर, जाकिर हुसैन छापड़ा, खुर्शीद सरपंच बाबूपुर, वकील सरपंच टेरकपुर, खल्ली बीबीपुर, शौकत सरपंच सुल्तापुर, अली प्रधान अड़बर, शमसु बीसरू, शौकत हुसैन घुड़चढी, अब्बास कोराली, रमजान कोटला, युनुस खान आकेड़ा आदि के अलावा सैंकडों प्रमुख लोगों ने पंहुचकर स्व- जमीला बेगम को खिराज-ए-अकीदत पेश की तथा चौधरी ज़ाकिर हुसैन से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

यासीन मेव डिग्री कॉलेज के नये प्रधानाचार्य डॉ अहमद ने संभाला अपना कार्यभार

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

नववर्ष 1 जनवरी को यासीन में डिग्री कॉलेज के नए प्रधानाचार्य डॉक्टर एजाज अहमद ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। आपको बता दे कि 31 दिसंबर को यासीन में डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मोहम्मद इम्तियाज खान सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

बता दें डॉ. मोहम्मद इम्तियाज खान 9 दिसम्बर 1989 में हिंदी लेक्चरर के पद नियुक्त हुए थे उन्होंने अपने हिंदी लेक्चरर के पद पर खूब बच्चों को तालीम दी थी, उसके 20 वर्ष पश्चात वो यासीन में डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य पद पर नियुक्त हो गए और 14 वर्ष प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत रहे, जब वह लेक्चर थे उस समय एनसीसी में ऑनरेरी कैप्टन के पद पर कार्य किया था, ऑनरेरी कैप्टन एनसीसी के पद पर रहते हुए यासीन के मेव डिग्री कॉलेज के बच्चों को खूब सर्टिफिकेट दिलवाये जिससे बच्चों को नौकरी मिलने में काफी आसानी हुई। उनके शिक्षित बच्चे आज काफी सरकारी संस्थानों में नौकरी के पद पर कार्यरत है। 31 दिसंबर 2023 को डॉ मोहम्मद इम्तियाज खान अपने पद से सेवानिवृत हो चुके हैं, कुल मिलाकर डॉक्टर मोहम्मद इम्तियाज़ खान ने अपने कार्यकाल में खूब बच्चों को शिक्षा व एनसीसी की ट्रेनिंग दिलवाई आज उनके बच्चे पढ़ लिख कर अच्छे-अच्छे संस्थानों में नौकरी कर रहे हैं और उनके पढ़ाये हुवे बच्चों ने यासीन मेव डिग्री कॉलेज का भी खूब नाम रोशन किया। डॉ मोहम्मद इम्तियाज़ खान के प्राचार्य पद से

सेवानिवृत होने के पश्चात, डॉ एजाज अहमद को यासीन कॉलेज का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। आपको बता दे कि डॉक्टर एजाज अहमद यासीन मेव डिग्री कॉलेज में इतिहास विभाग के प्रोफेसर के पद लगभग 30 वर्षों से कार्यरत है। डॉ एजाज अहमद ने कार्यभार संभालने के बाद हमारे संवाददाता से बातचीत के दौरान कहा कि यासीन मेव डिग्री कॉलेज को सुचारू रूप से चलाया जाएगा बल्कि इतना ही नहीं कॉलेज के बच्चों को समय समय पर शिक्षा दी जाएगी और बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी ध्यान दिया जाएगा ताकि बच्चे पढ़ लिख कर शिक्षा और खेलों में यासीन मेव डिग्री कॉलेज का नाम रोशन करें।

उन्होंने कहा कि यासीन मेव डिग्री कॉलेज में फिलहाल सभी विषयों के अध्यापक लगभग मौजूद है और वर्तमान में बच्चों को समय-समय पर क्लास दी जा रही है उन्होंने कहा कि यासीन मेव डिग्री कॉलेज को इस तरह बनाने का प्रयास किया जाएगी जो प्रदेश के कॉलेजो में अव्वल स्थान पर नाम आये। डॉ एजाज अहमद ने कॉलेज के अध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन, महासचिव इसराइल खान सहित कॉलेज के समस्त स्टाफ का धन्यवाद व्यक्त किया।

पायनियर क्लासीफाइड

नाम परिवर्तन

मैं, अनिता निवासी मकान नम्बर 20 इर्स्ट इण्डिया कॉलोनी, सेक्टर 22 फरीदाबाद की हूं। मेरे मृतक पति को दो नाम लाल बहादुर उर्फ लल्लन के नाम से जाना जाता था।

सार्वजनिक सूचना

हम, अनिता (पत्नी) विजय कुमार, विकास (पुत्रान) व कुसुम (पुत्री) स्वर्गीय लाल बहादुर उर्फ लल्लन निवासी मकान नम्बर 20, इर्स्ट इण्डिया कॉलोनी, सेक्टर 22, फरीदाबाद स्वर्गीय लाल बहादुर उर्फ लल्लन के जीवित वारसान है। स्वर्गीय लाल बहादुर उर्फ लल्लन की मृत्यु दिनांक 10.08.2013 को हो चुकी है। इस सम्बन्ध में वारसान प्रमाण पत्र सम्बन्धित नम्बरदार, पटवारी व तहसीलदार से प्रमाणित है। इसके अलावा स्वर्गीय लाल बहादुर उर्फ लल्लन का अन्य कोई वारिस नही है। यदि इस बाबत किसी को एतराज है तो वह अपना एतराज 30 दिन के अन्दर सम्बन्धित कार्यालय में दर्ज कराए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

विपक्षी समूह

एकता पर सवाल

विपक्षी समूह 'इंडिया' में दरारें बढ़ती जा रही हैं, ऐसे में सवाल है कि क्या वह एकजुट होकर चुनाव में उतर सकता है? अपने गठन के समय 'इंडिया' समूह को भाजपा के खिलाफ मजबूत गठबंधन माना जा रहा था, पर अब वह गंभीर आंतरिक समस्याओं का शिकार है और हर गुजरते दिन के साथ उसमें दरारें चौड़ी होती जा रही हैं। इमसें कांग्रेस 'बिग बॉस' की भूमिका निभाने का प्रयास कर रही है, जबकि क्षेत्रीय दल अपना स्पेस छोड़ने को तैयार नहीं हैं। ध्यान बंटाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जन खड़गे मोदी सरकार पर तीखे हमले बोलते हुए उसकी कमियां गिना रहे हैं। हालांकि, सरकार उनकी टिप्पणियों को अनदेखा करने का प्रयास कर रही है, पर खड़गे जोर दे रहे हैं कि वह नागरिकों का ध्यान भटकाने के लिए भावनात्मक मुद्दे उठा रही है। 'इंडिया' समूह के लिए सबसे बड़ी समस्या उसके घटक दलों में बढ़ती असहमति है। विभिन्न राजनीतिक विश्वास, हित तथा अपने हितों को सुरक्षित रखने की भावना से खाइयां और चौड़ी हो रही हैं। हाल ही में महत्वपूर्ण नीतियों पर सार्वजनिक रूप से टकराव सामने आया है जिससे पता चलता है कि गठबंधन कितना कमजोर है। यदि कांग्रेस अध्यक्ष का यह कहना ठीक भी हो कि सरकार राम मंदिर जैसे भावनात्मक मुद्दे अपनी विफलतायें छिपाने के लिए उठा रही है तो भी यह विपक्षी समूह को एकजुट रखने के लिए काफी नहीं होगा। खड़गे का कहना है कि सत्तारूढ़ पार्टी संवेदनशील विषयों का प्रयोग गंभीर मुद्दों, जैसे आर्थिक समस्यों, बेरोजगारी व प्रशासनिक विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए कर रही है। हालांकि, 'इंडिया' इन मुद्दों पर एक है, पर विभाजन का कारण बनने वाली बड़ी समस्या आगामी आम चुनाव के लिए सीट

बंटवारे का फार्मूला तैयार करना और इसे अंतिम रूप देना है। क्षेत्रीय नेता ज्यादा सीटें लेने पर दृढ़ हैं और वे अपने मजबूत गढ़ों में कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी से साझे को तैयार नहीं हैं। ऐसे में 'इंडिया' समूह को एकजुट बनाए रखने के लिए तीन मुद्दों का फौरन समाधान जरूरी है। इनमें सीट साझा, प्रधानमंत्री उम्मीदवार का चयन तथा न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर सहमति शामिल हैं।

नेताओं को दूसरों से विचार-विमर्श किए बिना अपनी समस्यायें सार्वजनिक करने से बचना होगा। टीएमसी द्वारा कांग्रेस को केवल दो सीटें देने और आप द्वारा पंजाब की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ने पर जोर देने से कोई लाभ नहीं होगा। इसके साथ ही खड़गे को उस समय तक प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनाने की बात बेतुकी है, जब तक उनकी पार्टी के नेता सहमत न हों। न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर सबसे कम विवाद है, इसलिए इससे शुरुआत करते हुए विपक्ष एक-एक कदम बढ़ा कर राजग के खिलाफ संयुक्त मोर्चा बनाने का प्रयास कर सकता है। विपक्षी नेताओं को यह भी नहीं भूलना चाहिए कि आखिरकार 'इंडिया' समूह का गठन क्यों हुआ है। इसका उद्देश्य भाजपा को सत्ता से हटाना था क्योंकि कथित रूप से सत्तारूढ़ पार्टी उनके नेताओं को जेल भेज रही है और ईडी व सीबीआई छापों से उनका उत्पीड़न कर रही है। 'इंडिया' गठबंधन पार्टियों को समझना चाहिए कि अलग-अलग लड़ने पर उनको भाजपा नीत राजग के खिलाफ कोई सफलता मिलने वाली नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'करिश्मा' जनता पर हावी हो रहा है जिसका प्रमाण हालिया विधानसभा चुनावों में मिला है। ऐसे में भाजपा-विरोधी मतों के विभाजन से भाजपा को ही लाभ होगा। 'इंडिया' समूह को आंतरिक मुद्दों से निपटने के लिए खुले संवाद और सुलह-समझौते की आवश्यकता है। ऐसा न होने पर चुनाव परिणाम चुनाव होने के पहले ही भाजपा के पक्ष में तय हो जाएगा।

श्रीलंका: सुलह-समझौते के प्रयास

टकराव के बाद विभिन्न देशों में 'सत्य आयोग' व सुलह-समझौते के प्रयासों की प्रक्रिया बहुत प्रभावशाली नहीं रही है। वह व्यवस्थागत मुद्दों से निपट नहीं पा रही है। श्रीलंका में यह प्रक्रिया शुरू की गई है।

नीलकांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

कथित अपराधों की जांच के लिए निष्प्रभावी आयोगों के गठन तथा तथ्यों का पता लगाने के प्रयास अक्सर सामने आए हैं। जहां कुछ आयोग वास्तव में सत्य का पता लगाने का प्रयास करते हैं, वहीं अनेक केवल समय को बरबाद करते और सच्चाई को छिपाते हैं। इनके पीछे इरादे चाहे जो हो, व्यक्तियों की समस्यायें बनी रहती हैं। इसके लिए सामाजिक उथलपुथल के मूल कारणों की तलाश जरूरी है। टकराव के बाद अनेक देशों व तथाकथित उदारवादी लोकतंत्रों में राजनेता लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित होने के बाद उन ढांचागत समस्याओं की अनदेखी करते हैं जो लोकतंत्रों के टूटने का कारण बनती हैं और अक्सर पीड़ितों के साथ वस्तुओं जैसा व्यवहार होता है। लगभग 15 साल लगातार सशस्त्र टकराव के बाद श्रीलंका एक बार फिर सत्य, एकता और सुलह-समझौते का आयोग स्थापित करने के विधेयक के रूप में आगे बढ़ने का प्रयास कर रहा है। देर से उठाया गया यह कदम प्रशंसनीय है।

आम जनता में सामाजिक भय तथा नकारात्मकता को प्रोत्साहित करने वाली खबरों के बीच विकास आशा की किरण की तरह है जो संकट भरे समय में उम्मीद जगाता है। आयोग गठित करने वाले इस विधेयक में उसकी शक्तियां और कार्य परिभाषित किए गए हैं। इसमें आयोग की संस्तुतियों के क्रियान्वयन पर निगरानी रखने पर जोर दिया गया है ताकि जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। सत्य की पहचान करना सभी श्रीलंकावासियों का मूल अधिकार है जो प्रभावी उपचार के उनके अधिकार का अभिन्न अंग है। इस विधेयक में राष्ट्रीय एकता, शांति, कानून के शासन, सह-अस्तित्व, सहिष्णुता के साथ समानता, विविधता के सम्मान तथा सुलह-समझौते पर जोर दिया गया है। इसका अंतिम लक्ष्य वैमनस्य और हिंसा को रोकना तथा भावी पीढ़ियों समेत सभी श्रीलंकावासियों की बेहतरी सुनिश्चित करना है।

इस प्रतिबद्धता का विस्तार सत्य की तलाश तथा राष्ट्रीय एकता व सुलह-समझौते की राष्ट्रीय नीति तक है जिसका लक्ष्य राज्य द्वारा स्वतंत्रता, समानता, न्याय, मूल मानवाधिकारों तथा न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना है जिनकी पहचान संविधान में की गई है। सत्य, एकता व सुलह-समझौता आयोग का एक अध्यक्ष होगा सिकी सहायता स्थापित क्षेत्रीय कार्यालय करेंगे। इसमें कम से कम सात और अधिक से अधिक 21 सदस्य होंगे। विधेयक में घोषित लक्ष्यों के अनुसार, आयोग को जांच करने, खोज करने तथा संस्तुतियां करने का अधिकार होगा जिनका संबंध शिकायतों, आरोपों, व्यक्तियों या संपत्तियों को नुकसान की शिकायतों, लोगों की मृत्यु व कथित मानवाधिकार उल्लंघनों से होगा, भले ही वे श्रीलंका में कहीं भी हुए हों।

इन घटनाओं का संबंध उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में 1983-2009 या उसके बाद घटी घटनाओं से होना चाहिए। लेकिन अन्य आयोगों के पैटर्न की तरह रेखांकित किया गया है कि आयोग की संस्तुतियों का अर्थ किसी व्यक्ति के सिविल या आपराधिक दायित्व का निर्धारण नहीं होगा। पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिका भंडारनायके कुमारतुंगा ने ऐसे ही आयोग-ओनुर का गठन किया था। उनके उल्लेखनीय प्रयासों से देश में नस्ली विभाजन को पाटने में काफी सफलता मिली थी क्योंकि वे देश की एकता स्थापित करने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध थीं। उन्होंने कभी गलत राजनीतिक निर्णयों की पहचान करने में हिचक नहीं दिखाई, चाहे वे उनके द्वारा हुए हों अथवा उनके नजदीकी परिवारी सदस्यों द्वारा। ओनुर की स्थापना का लक्ष्य स्थाई शांति प्राप्त करना था। लेकिन राजनीतिक अनिश्चितता के कारण यह राष्ट्रीय संस्थान निरर्थक हो गया। ओनुर में हमने कोलम्बो के उन एनजीओ से सहयोग किया था जो कुछ लोगों की प्राथमिकता को चुनौती दे रहे थे, जबकि उत्तर और पूर्व के सुदूर क्षेत्रों की उन्होंने अनदेखी की थी। उल्लेखनीय है कि पूर्व तमिल टाइगर्स ने केन्द्र सरकार तथा राज्य प्रशासनिक व्यवस्था के प्रयासों के प्रति विश्वास प्रकट किया था जो उनके परिवारों को एकजुट करने के प्रयास कर रहे थे।

ओनुर की प्रमख परियोजनाओं में 'सहोदर पासल' शामिल थी जिसमें विभिन्न नस्लों के लगभग 100 छात्र शामिल किए गए थे जो विभिन्न स्कूलों में पढ़ते थे। उनको एक स्थान पर एक सप्ताह साथ गुजारने का अवसर दिया गया था। कैंडी की एक घटना में तीन महिला छात्राओं ने बरसात से बचाव के लिए एक हिजाब साझा किया था जो उनकी शक्ति और विविधता का प्रतीक था क्योंकि छात्राओं में मुस्लिम, तमिल व सिंहल छात्रायें थीं। शुरुआती भ्रान्तियों के बावजूद इन छात्रों ने अपने नस्ली जीवन से अलग हट कर मजबूत संबंध विकसित किए थे और कार्यक्रम के अंत में उनके बीच स्थाई मित्रता का विकास हुआ था।

लेकिन तीन साल बाद ओनुर का यह प्रभाव लगभग समाप्त हो गया था। इसका अर्थ है कि लापरवाही के कारण मतभेद और विभाजन बढ़ता है तथा हम सच्ची एकता और सुलह-समझौते के रास्ते से अलग हटते हैं। विडंबना है कि टकरावों के बाद विभिन्न देशों में स्थापित सत्य एवं सुलह-समझौता आयोगों से लोगों की निराशा बढ़ी है। इनमें अर्जेन्टाइना, ग्वाटेमाला, लाइबेरिया, रवांडा, सियरा लियाने, पेरू, नेपाल तथा बहु-प्रशंसित अफ्रीका शामिल हैं।

लोगों में यह सामूहिक भावना बनी कि अधिकांश सत्य एवं सुलह-समझौता आयोग प्रक्रियाओं ने उनके व्यवस्थागत मुद्दों का समाधान नहीं किया। व्यापक राजनीतीकरण के कारण अतीत के सत्यों से मुक्ति पाने में सहायता नहीं मिली। इस संकट से निपटने के लिए त्रासद अनुभवों के वि-राजनीतीकरण, खोई स्वतंत्रतायें वापस पाने तथा अपने यथार्थ को पुन: रूपान्तरित करने की जरूरत है। इसके लिए एक नये किस्म की राजनीतिक एकजुटता विकसित करने की आवश्यकता है जो नस्ली, राष्ट्रीय, सांस्कृतिक व धार्मिक पहचानों से आगे जाती हो। यह एक साहसी कदम है जो सामूहिक कब्रों व खंडहरों के बावजूद जनता के बीच सेतु स्थापित करने में सक्षम हो। पीड़ितों को सुलह-समझौते से आगे बढ़ कर अपनी त्रासद किस्मत स्वीकार करने की आवश्यकता होती है ताकि वे पीड़ित होने की भावना से उबर सकें। वास्तविक मुक्ति के लिए सहायता के साथ ही अडिग राजनीतिक एकजुटता की जरूरत होती है। उनको विश्वास होना चाहिए कि वे दशकों पुरानी विभीषिकाओं से मुक्त हो सकते हैं।

इतिहास हमारे सामने मानव सभ्यता में अनेक टकरावों को लगातार पेश करता है जो मानवता के मार्ग में आते हैं। श्रीलंका इसका अपवाद नहीं है। टकरावों की विभीषिका और उनकी प्रकृति हमारा दृष्टिकोण बदल सकते हैं, पर उनको अनदेखा करने से ऐतिहासिक महत्व समाप्त नहीं होता है। युद्धों ने लगातार मानव इतिहास का मार्ग बदला है, भविष्य के नए रास्ते खोजे हैं तथा अन्य रास्ते बंद किए हैं। टकरावों के परिवर्तनशाली प्रभाव को स्वीकार करना ही सुलह-समझौते का मुख्य अंग है। सुलह-समझौते में हमारे दैनिक जीवन में मानववादी दृष्टिकोण का महत्व शामिल होना चाहिए। सुलह-समझौते को प्राथमिकता देने का अर्थ टकराव के मानवीय आयामों को समझने के प्रति प्रतिबद्धता, सद्भावना को बढ़ावा देना, विश्वास को पुन: बहाल करना तथा अंतत: ऐसा भविष्य निर्धारित करना है जहां अतीत की भयावह यादों व दागों से मुक्ति मिल सके। इस दृष्टिकोण से सुलह-समझौता न केवल एक ऐतिहासिक आवश्यकता, बल्कि एक अपरिहार्य तत्व है जो ज्यादा सद्भावनापूर्ण व परस्पर जुड़ी दुनिया बनाने के लिए जरूरी है।

वास्तविक सुलह-समझौते से राष्ट्रीय सहमति संचालित होती है जो देश को असंदिग्ध रूप से राष्ट्रीय हितों की ओर आगे ले जाती है। इसमें सचमुच राष्ट्र-राज्य का मूल सिद्धान्त शामिल है। यदि हमारी शिक्षा व्यवस्था धार्मिक व विशिष्टतावादी विचारधाराओं को प्रोत्साहन देती है तो चाहे जितना प्रभावशाली हो, हमारा विमर्श 15 साल पहले हुए टकरावों के पीड़ितों तक सीमित हो जाता है। इससे घृणा के बीच बने रहेंगे तथा उगने के लिए सही समय की प्रतीक्षा करेंगे। इतिहास का यह स्पष्ट सबक है।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए चाहिए गुणवान शिक्षक

गुणवत्तापूर्ण शिक्षक सपनों को प्रज्वलित करते हैं, कार्यों को प्रेरित करते हैं और महानता का पोषण करते हैं।

साक्षी सेठी
(लेखिका, एक स्तम्भकार हैं)

डैन राथर के शब्दों में, सपना, ज्यादातर समय, एक शिक्षक के साथ शुरू होता है जो आप पर विश्वास करता है, जो आपको खींचता है और धक्का देता है और आपको अगले पठार तक ले जाता है, कभी-कभी आपको सत्य नामक एक तेज छड़ी से प्रहार करता है।

शिक्षा व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। किसी को किस प्रकार की शिक्षा प्राप्त होती है यह काफी हद तक उसके शिक्षक पर निर्भर करता है, विशेषकर स्कूली शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों में। आज के परिदृश्य में, शिक्षक सभी प्रकार और आकारों में आते हैं। फिर भी भारतीय शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में गिरावट को आम तौर पर स्वीकार किया जाता है और यह बेहद चिंताजनक है। हाल के शोध में, यह पाया गया कि सभी के लिए और हर जगह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए अभी भी लगभग 45 मिलियन शिक्षकों की आवश्यकता है।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षक सपनों को प्रज्वलित करते हैं, कार्यों को प्रेरित करते हैं और महानता का पोषण करते हैं। वे मार्गदर्शक रोशनी भी हैं जो सपनों को बढ़ावा देते हैं, जिज्ञासा जगाते हैं, प्रत्येक छात्र के भीतर की क्षमता को उजागर करते हैं और कई जीवन पर गहरा प्रभाव डालते हैं, लेकिन वर्तमान परिदृश्यों को देखते हुए, यह सवाल हर किसी को चिंतित करता है कि शिक्षा उद्योग, विशेष रूप से स्कूलों में क्या कमी है? ऐसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षक?

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि शिक्षक और प्रशिक्षक किसी भी अर्थव्यवस्था की प्रगति के प्रमुख द्वार हैं। वे बहुत जानकार, विनम्र और आत्मविश्वासी हैं और उनमें सीखने का प्यार पैदा होता है, इसके विपरीत, यह

पेशा वर्तमान परिदृश्य में स्कूल और काम के आवेदकों के लिए अंतिम सहारा प्रतीत होता है। आज, बहुत से लोग कुछ और करने की चाहत में इस पेशे को अपनाते हैं। इसके अलावा, समर्थन की कमी, पेशेवर विकास की कमी और कठिन स्कूल संस्कृति और माहौल के कारण कई गुणवत्ता वाले शिक्षक आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं, जो बड़े पैमाने पर अधिकारियों के लिए बड़ी चिंता का कारण है। सभी स्तरों पर अधिकारियों को शिक्षकों के बलिदान की सराहना करने की आवश्यकता है, चाहे वह लंबे समय तक कक्षाओं में खड़ा रहना हो, स्कूल के समय के बाद रुकना हो और इसके बदले में कोई प्रोत्साहन न प्राप्त करना हो। आर्थिक तनाव के अलावा यह पेशा मानसिक स्वास्थ्य का भी कारण बन गया है। महान लोग कुछ गुणवत्तापूर्ण कार्य कर सकते हैं, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षक हजारों महान लोगों को तैयार कर सकते हैं क्योंकि वे अपनी कला में निपुण होते हैं। वे स्वयं के साथ-साथ अपने छात्रों के लिए भी अपेक्षाएँ निर्धारित करते हैं। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि सभी प्रकार के गुणों वाले शिक्षक सभी रंगों, आकारों और आकारों में पाए जा सकते हैं। जिम हेंसन के शब्दों में, बच्चों को यह याद नहीं रहता कि आप उन्हें क्या सिखाने की कोशिश करते हैं, वे बस यह याद रखते हैं कि आप क्या हैं।

एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली में, शिक्षक ज्ञान के सूत्रधार और मार्गदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, छात्रों को बौद्धिक जिज्ञासा और विषयों की गहरी समझ के लिए मार्गदर्शन करते हैं। सुलभ और समावेशी शिक्षा यह सुनिश्चित करती है कि सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि या अन्य असमानताओं की परवाह किए बिना सभी व्यक्तियों को अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने का अवसर मिले।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में निवेश भविष्य में एक निवेश है, जो एक अधिक न्यायपूर्ण, नवोन्मेषी और समृद्ध समाज की नींव रखेगा। जैसे-जैसे समाज विकसित हो रहा है, सभी के लिए एक उज्जवल और अधिक टिकाऊ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए सुलभ, न्यायसंगत और उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने पर जोर आवश्यक बना हुआ है।

याद रखें, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों को वित्तपोषित करने से शुरू होती है, और गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों को वित्तपोषित करने की शुरुआत बुनियादी शिक्षा की गुणवत्तापूर्ण वित्त पोषण से होती है। केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही गरीबी के चक्र को तोड़ने और बच्चों को अपने साथ-साथ अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन बनाने में सक्षम बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। अच्छा बुनियादी ढाँचा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षक और एक समावेशी पाठ्यक्रम एक सुव्यवस्थित बुनियादी शैक्षिक संरचना के घटक हैं और हमेशा रहेंगे।

आप की बात

सनातन का अपमान

विपक्ष सनातन सभ्यता- संस्कृति को अपमानित करने के एजेंडे पर चल रहा है। रांकापा नेता और डॉ जितेन्द्र आह्वाण ने कहा कि भगवान राम मांसाहारी थे। इसके पीछे वो शिकार का तर्क देते हैं। पूरी रामायण में केवल एक प्रसंग में भगवान श्रीराम मारीच के क्षद्म वेशधारी हिरन का शिकार करते जाते हैं। जहां तक वन में बिना मांसाहार के जीवन न चलने की बात है, यह तर्क भी अनुचित व गलत है। वाल्मीकि रामायण के सुंदरकांड में लिखा है कि भगवान राम मांस-मदिरा या किसी नशे का सेवन नहीं करते थे, बल्कि आयुर्वेद जीवनपद्धति के अनुसार आहार-विहार का पालन करते थे। इससे स्पष्ट है कि रांकापा नेता का उद्देश्य किसी न किसी बहाने सनातन संस्कृति को अपमानित करना है। विडंबना है कि जब देश-विदेश में हिंदू संस्कृति व सनातन धर्म नित नई ऊंचाइयां छू रहा है और इस्लामी देशों में भी भव्य मंदिर बन रहे हैं, ऐसे में भाजपा-विरोधी और मोदी-विरोधी अपनी आंखें बंद कर भ्रम पैदा करना चाहते हैं। ऐसे सनातन-विरोधियों की कड़वी जुबान पर लगाम लगाने के लिए अब आम जनता को आगे आना होगा। विडंबना है कि शरद पवार भी अह्वाण का यह निरर्थक प्रलाप सुनते रहे और उन्होंने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं की है।

– **नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

ईडी पर हमला

पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेता के यहां छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय-ईडी की टीम पर 200 लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया। यह अत्यन्त चिन्ताजनक घटना है। जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकार हैं, वहां भ्रष्टाचारियों के यहां छापे मारे जाने पर अब तक ईडी के खिलाफ बयानबाजी की जाती थी, अब उन पर हमले भी किए जाने लगे हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो भ्रष्टाचारियों के कुकर्मों का खुलासा करने वाली इस संवैधानिक टीम के कर्मचारियों के हौंसले पस्त होने लगेंगे। इन स्थितियों को देखते हुए सरकार को ईडी के कर्मचारियों को पूर्ण सुरक्षा देनी चाहिए। खासतौर से राजनेताओं व बाहुबलियों के यहां छापेमारी के दौरान आवश्यकता होने पर ईडी टीम को अर्धसैनिक बलों की सुरक्षा मिलनी चाहिए जो सीधे केन्द्रीय गृह मंत्रालय से निर्देशित हों। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट को भी स्वत: संज्ञान लेकर पश्चिम बंगाल सरकार से जवाब तलब करना चाहिए। यदि इस घटना पर फौरन निर्णायक कार्रवाई नहीं की गई तो अरविंद केजरीवाल व हेमंत सोरेन जैसे नेताओं के हौसले बढ़ेंगे जो ईडी के सामने पेश होने के लिए हीला-हवाली कर रहे हैं।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

वैश्विक चुनौतियां

भारत लगातार कहता रहा है कि यह युग युद्ध का युग नहीं है, लेकिन इसके बावजूद पिछला साल युद्धों का वर्ष बन गया था। रूस-यूक्रेन और गाजा पट्टी में चल रहा युद्ध चिन्ताजनक हैं। ताइवान क्षेत्र में चीन का आक्रामक व्यवहार भी दुनिया के समक्ष बड़ी चुनौती पेश कर रहा है। वर्तमान समय में जारी युद्ध और तनाव राजनयिक प्रयासों को बाधित करते हैं। इससे न केवल पश्चिमी दुनिया, बल्कि भारत में भी चिंता उत्पन्न हुई है। मालदीव में नई सरकार के सत्ता में आने के बाद वहां-इंडिया आउट अभियान शायद चीन की शह पर चलाया जा रहा है। मालदीव सरकार का चीन-समर्थक व भारत-विरोधी दृष्टिकोण भारत के लिए सुरक्षा चिन्ता का विषय भी है। भारत के लिए इस वर्ष अमेरिका व कनाडा के साथ संबंधों में तनाव दूर करना महत्वपूर्ण होगा। लेकिन अब देश की जनता के साथ ही दुनिया के लोग भी समझ रहे हैं कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। चीन के सरकारी मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स में मोदी की प्रशंसा करने वाला लेख प्रकारान्तर से इस बात का प्रमाण है कि भारत अब किसी चुनौती के समक्ष झुकने वाला नहीं है।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता

कांग्रेस की यात्रा

कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में होने वाली 6,713 किलोमीटर लंबी इंफाल-मुंबई यात्रा का नाम बदल कर उसे भारत जोड़ो न्याय यात्रा का नाम दिया है। इसका कारण यह है कि वह पिछली भारत जोड़ो यात्रा के कथित लाभ को भुनाने का प्रयास कर रही है। वैसे कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल नेताओं को इसमें शामिल होने का आमंत्रण देने की बात कही है, लेकिन कांग्रेस व इंडिया में शामिल क्षेत्रीय पार्टियों के बीच बढ़ते टकराव को देखते हुए ऐसा संभव नहीं लगता है। कांग्रेस की यात्रा से इस बात की भी गारंटी नहीं है कि इससे कांग्रेस का जनाधार मजबूत होगा या उसका वोटबैंक बढ़ेगा। असम में कांग्रेस के पूर्व सहयोगी बदरुद्दीन अजमल ने कहा है कि राहुल गांधी की इस यात्रा से कांग्रेस को कोई लाभ नहीं होगा। बदरुद्दीन अजमल का बयान इस बात का संकेत है कि जहां क्षेत्रीय दल मजबूत हैं वहां अल्पसंख्यक व खासकर मुसलमान शायद कांग्रेस को पसंद न करें। यह भी देखना होगा कि कहीं कांग्रेस की इस यात्रा से उसकी लोकसभा चुनाव तैयारियां प्रभावित न हों।

–**तौकीर रहमानी,** मुंबई

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
pioneerhry@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

नगर वासियों में लाडवा रोड पर डंपरों की बढ़ती आवाजाही से रोष

नपा प्रधान ने प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

सड़कों पर उतरने की दी चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

एस.डी.एम पुलकित मल्होत्रा ज्ञापन सौंपते नपा प्रधान व अन्य।

पिछले काफी समय से लाडवा रोड पर डंपरों की लगातार बढ़ रही आवाजाही के चलते आमजन में काफी रोष है। इसी के चलते सोमवार को शाकुंभरी देवी मंदिर के प्रधान एवं जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य सुरेंद्र जैन, नगर पालिका प्रधान गुलशन कवातरा एवं पार्षद राजेश उप्पल की अगुवाई में शहर के अन्य गणमान्यजनों ने उपमंडल अधिकारी (नागरिक) पुलकित मल्होत्रा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में लाडवा रोड पर भारी संख्या में चल रहे विशेष कर पंजाब के डंपरों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि शाहाबाद का लाडवा रोड शहर का सबसे व्यस्त रोड है। इसी सड़क पर कई बैंक, व्यापारिक संस्थान एवं 3 शिक्षण संस्थान है। इतना ही नहीं, लाडवा रोड के साथ लगती सड़कों पर भी 3 और शिक्षण संस्थान हैं। इस व्यस्त सड़क पर सारा दिन ट्रक, डंपर एवं अन्य भारी वाहन बेखौफ चलते हैं। ऐसे में भारी वाहनों की चपेट में आने से एक युवक, एक महिला सहित कई लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि भारी वाहनों को अनाज मंडी की तरफ से मोड़ कर बराड़ा रोड के रास्ते बाहर निकाला जाए। इन सब के बीच नगर पालिका प्रधान गुलशन कवातरा ने भी प्रशासन के खिलाफ जम कर भड़ास निकलते हुए कहा कि बार-बार प्रशासन को चेताया गया लेकिन प्रशासन ने उनकी एक नहीं सुनी। नपा प्रधान ने चेतावनी भरे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कुछ भी करने की बात कही। उन्होंने दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों की मृत्यु को हत्या करार दिया। नपा प्रधान ने कहा कि अगर 3-4 दिन में लाडवा रोड पर डंपरों का आना-जाना बंद नहीं हुआ, तो वह प्रशासन के खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा, पवन सचदेवा, जसवीर सागवान ढोल, आकाशदीप जुनेजा, जयनाथ पांडे एवं शुभम साहनी आदि मौजूद थे।

भारी वाहनों पर तुरंत रोक लगे : पत्रकारों से बातचीत में पार्षद राजेश उप्पल ने कहा कि लाडवा रोड पर डंपरों की आवाजाही बंद होनी चाहिए। विशेषकर प्रात: 8 बजे से रात 8 तक भारी वाहनों की नो एंट्री होनी चाहिए तथा भारी वाहनों के रूट को डाइवर्ट कर किसी अन्य रास्ते से भेजना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कोई बहुत बड़ी समस्या नहीं है। लाडवा रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही पर ही न केवल तुरंत प्रभाव से रोक लगनी चाहिए, बल्कि प्रशासन को बिना नंबर प्लेट वाले डंपरों पर सख्ती से नकेल कसनी चाहिए।

एसडीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

पूरे मामले पर जब उपमंडल अधिकारी पुलकित मल्होत्रा से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्होंने आज आरटीए एवं थाना इंचार्ज को अपने ऑफिस में बुलाया था। एसडीएम ने बताया कि कोहरे को चलते लाडवा रोड पर चलने वाले भारी वाहनों का रूट डायवर्ट करने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण एवं पुलिस विभाग ने नवंबर व दिसंबर मास में डंपर एवं अन्य भारी वाहनों के प्रति मास 115 चालान किए हैं। ऐसे में उन्हें और अधिक चालान करने के लिए कह दिया गया है। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के चालान काट कर वाहन बाउंड करने के भी आदेश दिए हैं।

मिशन बुनियाद तथा हरियाणा सुपर 100 के लिए खंड स्तरीय जागरुकता अभियान का किया आयोजन

कुरुक्षेत्र। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के केशव सदन में मिशन बुनियाद तथा हरियाणा सुपर 100 के लिए खंड स्तरीय जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने विकल्प संस्थान के निदेशक नवीन मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक, निशा गुप्ता, विद्यालय प्राचार्य डॉ सचिंद्र कोरा, जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक तथा प्रेरणा के साथ दीप प्रज्वलित करके मां सरस्वती वंदना को पुष्प भेंट करके किया। जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन बुनियाद तथा हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय शिक्षा विभाग तथा विकल्प संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 2018 में की गई थी जिसका उद्देश्य राजकीय विद्यालयों की कक्षा10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आईआईटी/एनआईटी, नीट, एनडीए इत्यादि प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। अभी तक हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम के चार बैच पूर्ण हो चुके हैं जिसमें से 400 में से 160 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में हो चुका है। विकल्प संस्थान के निदेशक नवीन मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण भारत में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा पहले सुपर100 और अब मिशन बुनियाद जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

मिशन बुनियाद सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत नौवीं और दसवीं के चयनित विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा रहा है। विद्यालय प्राचार्य डॉ सचिंद्र ने सभी गणमान्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत तथा अभिनंदन किया।

संक्षिप्त समाचार

समिति ने किया जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित

जरूरतमंद परिवारों को मासिक राशन वितरण के लिए एकत्रित की गई राशन सामग्री के साथ समिति के सदस्य।

शाहाबाद मारकंडा। नर नारायण सेवा समिति द्वारा लाडवा रोड स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में मासिक राशन वितरण कार्यक्रम किया गया। समिति के संस्थापक मुनीश भाटिया ने बताया कि 2010 में समिति की स्थापना की गई थी। तब से समिति की तरफ से 43 जरूरतमंद परिवारों को हर महीने निशुल्क राशन वितरित किया जाता है जोकि लगातार जारी है। भाटिया ने बताया कि पिछले 13 वर्ष में समिति को डोनर सदस्यों का भरपूर सहयोग मिला है। समिति की तरफ से उन जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया जाता है, जिस घर के मुखिया का देहांत हो गया है या वह घर चलाने में असमर्थ है। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई, पितृविहीन लड़कियों की शादी, जरूरतमंदों का इलाज, दिव्यांगों को उपकरण उपलब्ध करवाना आदि बहुत से सेवा प्रकल्प पिछले 13 साल से किए जा रहे है, जो भविष्य में भी इसी प्रकार से जारी रहेंगे। इस मौके पर हरीश विरमानी, बिट्टू बत्तरा, सुशील ठुकराल, विनोद अरोड़ा, करनैल सिंह, सतपाल भाटिया, विनोद शर्मा, अमित कालड़ा, पंकज मित्तल सहित समिति के सदस्य मौजूद थे।

छात्राओं ने किया कुवि धरोहर का शैक्षणिक भ्रमण

कुरुक्षेत्र। दयानन्द महिला महाविद्यालय में इतिहास विभाग की ओर से धरोहर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, नाभा हाऊस व 1857 की क्रान्ति संग्रहालय में छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतू ले जाया गया। इस भ्रमण में महाविद्यालय की 44 छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उपासना आहूजा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि समय-समय पर महाविद्यालय की ओर से इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण कराए जाते है जिसका उद्देश्य छात्राओं को अपनी प्राचीन समृद्ध हरियाणवी संस्कृति से परिचित करवा कर उनके ज्ञान में भी वृद्धि करना है, क्योंकि आजकल का युवा अपनी संस्कृति को भूलता जा रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए हरियाणवी संस्कृति को सहेजे कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र में स्थित धरोहर का चयन किया गया। धरोहर भ्रमण के अंतर्गत इतिहास विभागाध्यक्षा डॉ रूकमेश चौहान ने बताया कि प्राचीन काल से ही हमारी संस्कृति बड़ी समृद्ध रही है तथा छात्राओं को संपूर्ण हरियाणवी संस्कृति के सभी आयामों को सरलता से समझाया।

शहरों व गांव में 90 प्रतिशत हुआ अक्षत वितरण कार्य

कुरुक्षेत्र। विश्व हिंदू परिषद, संघ व अन्य संगठनों के सहयोग से चल रहा अक्षत वितरण का कार्य लगभग अंतिम दौर में है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संरक्षक धर्म प्रचार विभाग के सुरेश जोशी ने बताया कि शहरों व गांव में लगभग 90 प्रतिशत से अधिक अक्षत वितरण का कार्य संपन्न हो चुका है। अक्षत वितरण का हमारा लक्ष्य 2 लाख तक घरों में पहुंचना था। वह समय से पहले हमारा कार्य संपन्न हो जाएगा। जानकारी देते हुए विश्व हिन्दू परिषद के जिला प्रचार प्रमुख राजेश अरोड़ा ने बताया कि नगर की कई बस्तियों में कार्यकताओं का स्वागत महिला मंडलियों, कीर्तन मंडलियों के द्वारा राम भजन गाते हुए व फूलों की वर्षा के साथ भी किया जा रहा है।

ममता जैन गुरु द्रोणाचार्य अवार्ड एजुकेटर से सम्मानित

ममता जैन को गुरु द्रोणाचार्य अवार्ड एजुकेटर से सम्मानित करते मुख्य अतिथि व अन्य।

शाहाबाद मारकंडा। हिमाचल प्रदेश के उना के बाथू स्थित इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में गुरु द्रोणाचार्य एजुकेटर ऑफ़ द इयर अवार्ड 2023 का आयोजन पृथ्वी अभ्युदय एजुकेटर्स एसोसिएशन इंडिया के सहयोग से किया गया। इस आयोजन में पद्मश्री व अर्जुन अवार्डी डीएसपी अजय ठाकुर मुख्यातिथि व शिक्कु डुपका फाउंडर ऑफ़ जीवीसी भूटान ने बतौर विशिष्ठ अतिथि शिरकत की। अवार्ड कार्यक्रम में शाहाबाद के सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पीजीटी कॉमर्स के पद पर कार्यरत शिक्षिका ममता जैन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए गुरु द्रोणाचार्य अवार्ड एजुकेटर से सम्मानित किया गया। शिक्षिका ममता जैन ने बातचीत करते हुए इस उपलब्धि का श्रेय सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन को दिया, जिनके मार्गदर्शन व आशीर्वाद से ये मुकाम हासिल हुआ। ममता जैन ने कहा कि वह भविष्य में इसी तरह से मेहनत और लगन से कार्य करते हुए स्कूल का नाम रोशन करेंगी। वहीं सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन व स्कूल स्टाफ सदस्यों ने शिक्षिका ममता जैन को इस उपलब्धि के बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कुरुक्षेत्र में 7वें स्मृति दिवस पर राजयोगी लक्षमण भाई जी को किया याद

कार्यक्रम में उपस्थित ब्रह्माकुमार भाई- बहने। मंचासीन राजयोगिनी शुक्ला दीदी, बीके सुशील बहन, बी.के. सतीश भाई व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

राजयोगी लक्षमण भाई जी के 7वें स्मृति दिवस पर विश्व कल्याण सरोवर सोनीपत में योग तपस्या भट्टी का आयोजन किया गया।

बीके सुशील बहन ने सभी को योग कमेंट्री के द्वारा अव्यक्त स्थिति का अनुभव करवाया। राजयोगिनी शुक्ला दीदी जी (डायरेक्टर, ब्रह्माकुमारी हरी नगर एवं संबंधित सेवा केंद्र) ने अपने अनुभव युक्त क्लास कराते हुए कहा कि किसी

विश्व कल्याण सरोवर में योग तपस्या भट्टी का किया आयोजन

व्यक्ति को याद करना माना उसका रूप-रंग याद करना नहीं है, अपितु उस व्यक्ति के गुण और योग्यताओ को स्मृति में लाकर उनको अपने जीवन में लाने की प्रेरणा लेना है। उनकी विशेषताओ, शिक्षाओं को अपने जीवन में दृढ़ता के साथ उतारना है, उन्होंने त्याग, तपस्या की मूर्ति बन कर ईश्वरीय सेवा के लिए सर्वस्व त्याग किया। दिव्य बुद्धि संपन्नता प्राप्त होने के कारण बाबा उन्हें मुरलियों में याद करते है।

दिन-रात अथक सेवा कर अपनी हर कृति में ज्ञान और योग का सहज धारण किया। बी.के. सतीश भाई (प्रबंधक, विश्व कल्याण सरोवर) ने सभी को धन्यवाद किया। सभी को ईश्वरीय सौगात दी गई। तत्पश्चात सभी ने ब्रह्मा भोजन स्वीकार किया। कार्यक्रम में लगभग 400 भाई बहनों ने भाग लिया।

नेफ्रोप्लस ने गुरुग्राम में रीनल केयर की सर्विस लांच की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

नेफ्रोप्लस ने अपने नवीनतम स्टेट-ऑफ-द-आर्ट नेफ्रोलॉजी सेंटर का सेक्टर 87, गुरुग्राम में उद्घाटन किया है नेफ्रोप्लस,जोकि हेल्थकेयर इंडस्ट्री में एक जाना पहचाना नाम है जिसका उद्देश्य विश्व स्तर की डायलिसिस केयर प्रदान करना है। सिल्वर स्ट्रीक मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में अपने नवीनतम स्टेट-ऑफ-द-आर्ट नेफ्रोलॉजी सेंटर का उद्घाटन करते हुए नेफ्रोप्लस के सह-संस्थापक कमल शाह ने कहा, मुझे इसके उद्घाटन पर खुशी हो रही है।

यह पार्टनरशिप गुरुग्राम में ऐक्सेसबल और बढ़िया रीनल केयर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नया क्लिनिक सिल्वर स्ट्रीक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर 87, गुरुग्राम के परिसर में स्थित है। इस नए क्लिनिक का उद्देश्य विश्व-स्तरीय थेरेपियों द्वारा किडनी पेशेंट्स की विभिन्न जरुरतों को पूरा करने के लिए व्यापक रीनल केयर सुविधाएं प्रदान करना है। सिल्वर स्ट्रीक हॉस्पिटल नेशनल एक्रीडेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर द्वारा मान्यता प्राप्त 250 बेड वाला एक बढिया मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में से एक है। लगभग 240,000 स्क्वेयर फुट के निर्मित क्षेत्र के साथ अस्पताल में सभी मेडिकल डिपार्टमेंट की जरूरतों को पूरा करने के लिए छह अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर हैं। इस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, कमल शाह आगे कहते हैं कि गुरुग्राम में नेफ्रोप्लस के साथ जुड़ना हेल्थकेयर स्टैंडर्ड को बढ़ाने के लिए हमारी एक जैसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस ऐडवांस सेंटर के साथ हम उम्मीद करते हैं कि आजकल के समय की विशेषज्ञ रीनल केयर की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के साथ-साथ, हम पेशेंट्स को सर्वोतम देखभाल भी प्रदान कर सकेंगें। नेफ्रोप्लस का गुरुग्राम में होना, इस क्षेत्र में रीनल केयर सर्विसि? में प्रगति की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी का विजन है कि वह अपने कार्यों का विस्तार करे और किडनी की बिमारियों से पीड़ित लोगों के जीवन में पॉजिटिव बदलाव ला सके।

महिलाओं के लिए नि:शुल्क कंप्यूटर, सिलाई प्रशिक्षण कोर्स प्रारंभ

कुरुक्षेत्र। सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट पटियाला की जिला कुरुक्षेत्र इकाई द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये जिला रेड क्रॉस भवन, कुरुक्षेत्र में संचालित नि:शुल्क कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के कंप्यूटर व सिलाई प्रशिक्षण कोर्स के नए बैच में प्रशिक्षण कार्य आरंभ हो चुका है। ट्रस्ट के जिला प्रधान समाज सेवी गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि कंप्यूटर तथा सिलाई प्रशिक्षण कोर्स के नए बैच की एक जनवरी से दोनों कोर्सों की कक्षाएं लगनी शुरू हो चुकी हैं। सिलाई कोर्स में 30 तथा कंप्यूटर कोर्स में 40 महिलाएं दाखिला ले चुकी हैं। दोनों कोर्स 6-6 महीने की अवधि के हैं तथा पूर्णतया निशुल्क हैं। प्रशिक्षण सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट एवं जिला रेड क्रॉस समिति कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में दिया जाता है। महासचिव सूबेदार रविंद्र कौशिक ने बताया कि दोनों कोर्सों में अभी कुछ सीटें बाकी हैं। कोई भी महिला जो हिंदी पढ़ना लिखना जानती है, सिलाई कोर्स में दाखिला ले सकती है।

युवा जजपा की कार्यकारिणी का विस्तार

कुरुक्षेत्र। जननायक जनता पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष डॉ. जसविंदर खैहरा ने पार्टी अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, दिग्विजय चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान से विचार विमर्श कर कुरुक्षेत्र जिला में युवा टीम का गठन किया है।

डा. खैहरा द्वारा जारी पत्र में रविकांत सैनी, प्रदीप हथीरा व अजय बाजीगर को जिला वरिष्ठ उपप्रधान बनाया गया है। वहीं बलकार सिंह वाल्मीकि, धर्मबीर सिंह धम्मू, पंकज नैन, योगेश राणा, मनीष सांगवान, विकास लालर, रविंद्र सिंह विर्क को जिला उपप्रधान बनाया गया है। प्रधान महासचिव की जिम्मेवारी जितेंद्र तखर को सौंपी गई है। वहीं नवाब ततला, देवेंद्र ढांडा, कर्मबीर सिंह, मंगल सिंह, अमरीक सिंह यारी, जयप्रकाश, अभिषेक कुमार, गौरव तायल व संदीप कुमार को महासचिव बनाया गया है। इसके अलावा नवोदित कुमार को प्रवक्ता, मोहित कुमार को प्रचार सचिव अर्शदीप सिंह को ट्रेजरर व लव अहलावत, विनोद कुमार, मनीष सैनी, अकुंश कुमार, रिंकू, इशांत कुमार और विरेंद्र कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। जिलाध्यक्ष डा. जसविंद्र खैहरा ने कहा कि युवा टीम जननायक जनता पार्टी की जान है और युवा टीम जीजान से पार्टी के लिए कार्य कर रही है। उन्होने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा प्रकट की कि पूरी टीम मिशन 2024 के लिए पार्टी को मजबूत करने का काम करेगी।

जानकारी देते जजपा के युवा जिलाध्यक्ष डॉ. जसविंद्र खैहरा।

दिल्ली के तुगलकाबाद किले के खंडहरों की कहानियां केवल हिस्ट्री टीवी18 पर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हिस्ट्री टीवी18 के इंडिया मार्वल्स एंड मिस्ट्रीज़ के बिल्कुल नए सीज़न में विलियम डेलरिम्पल के साथ इस ऐतिहासिक स्मारक के उत्थान और पतन के गवाह बनें, जो आज तुगलक की विरासत के रूप में खड़ा है। इस शुक्रवार, 12 जनवरी को रात 9 बजे हिस्ट्रीटीवी18 के इंडिया- मार्वल्स एंड मिस्ट्रीज विद विलियम डेलरिम्पल पर तुगलकाबाद किले के उत्थान और पतन के साक्षी बनें।

सन् 1321 में निर्मित यह सड़क कुतुब मीनार, दिल्ली के पुराने हिस्सों और दुर्जेय तुगलकाबाद किले के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी थी, जो तुगलक वंश के उदय का प्रतीक थी। यातायात के दैनिक शोर के बीच, तुगलकाबाद के ऐतिहासिक महत्व पर अक्सर किसी का ध्यान नहीं जाता, जो कभी अफगानिस्तान से पाकिस्तान तक फैले विशाल साम्राज्य का केंद्र था। तुगलक, जो मंगोल आक्रमणों को विफल करने में अपनी सैन्य कौशल के लिए जाने जाते हैं, ने तुगलकाबाद को अपने साम्राज्य का मुख्य गढ़ बनाया था। दिल्ली के इस तीसरा शहर, ये किला 6.5 किलोमीटर के दायरे में फैला हुआ है, जिसकी दीवारें लगभग 100 फीट तक ऊंची हैं, जो इसके शासकों की ताकत और महत्वाकांक्षा का प्रतीक हैं। हालांकि समय ने इसकी कुछ संरचनाओं को नष्ट कर दिया है, पर गियास उद दीन तुगलक का मकबरा अतीत का एक खूबसूरती से संरक्षित अवशेष बना हुआ है। भारत की समृद्ध कहानियों के माध्यम से इस यात्रा में हमारे साथ जुड़िये हर गुरुवार और शुक्रवार को रात 9 बजे हिस्ट्रीटीवी18 पर।

छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए आकाश बायजूस ने किया पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। हिसार/ रोहतक

परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश बायजूस, पेरेंट्स टीचर मीटिंग के लिए एक शानदार दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षा के परिदृश्य को फिर से आकार दे रहा है. इसी क्रम में आकाश की ओर से राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और जम्मू की विभिन्न ब्रांचो में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने छात्रों और मात-पिता के साथ बैठकर बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर चर्चा की. यह परिवर्तनकारी मॉडल प्रत्येक छात्र की शैक्षिक यात्रा के व्यापक दृष्टिकोण की पेशकश करके पारंपरिक शैक्षिक बातचीत को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है, जो केवल शैक्षणिक प्रदर्शन को पार करता है.

इस पहल के मूल में छात्र समूहों के लिए समर्पित मेंटर्स की शुरूआत है. यह प्रक्रिया एक व्यापक मूल्यांकन के साथ शुरू होती है, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों, सामर्थ्य, कमजोरियों और सुधार के क्षेत्रों को शामिल किया जाता है. अद्वितीय पहलू संरक्षक और विषय संकायों के सामूहिक प्रयास में निहित है, प्रत्येक एक अच्छी तरह से गोल विश्लेषण बनाने के लिए अपने विशेष अंतर्दृष्टि का योगदान देता है. यह सहयोगात्मक चर्चा यह सुनिश्चित करती है कि संरक्षक को छात्र की यात्रा की 360 डिग्री की समझ है, जिससे उन्हें व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान करने की अनुमति मिलती है.

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्षेत्रीय निदेशक, परमेश्वर झा ने कहा, हमारे अभिनव पीटीएम केवल बैठकों से परे हैं; वे प्रत्येक छात्र की अनूठी शैक्षिक यात्रा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करते हैं। आकाश मानते हैं कि सफलता केवल शैक्षणिक कौशल से नहीं मिलती है, बल्कि यह एक छात्र के समग्र विकास का परिणाम है, जिसमें अनुशासन, भागीदारी और सामान्य व्यवहार शामिल है। सलाहकार अंतर्दृष्टि और विषय-विशिष्ट विश्लेषण को एकीकृत करके, हम एक छात्र के विकास की समग्र समझ सुनिश्चित करते हैं, माता-पिता को निरंतर सफलता के लिए कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि से लैस करते हैं

इस दृष्टिकोण की ताकत विषय संकायों द्वारा प्रदान किए गए विशेषज्ञ परिप्रेक्ष्य में निहित है, जो अपने संबंधित विषयों में एक छात्र के प्रदर्शन में विशिष्ट अंतर्दृष्टि लाते हैं. यह गहन विश्लेषण सतही से परे जाता है, माता-पिता को अपने बच्चे की शैक्षणिक ताकत और कमजोरियों की बारीक समझ प्रदान करता है।

15 जनवरी को फिर विशेष कैंप लगेंगे

जालंधर। जिला प्रशासन जालंधर ने सभी तहसीलों और सब-तहसीलों में लगाए विशेष कैंपो अधीन एक ही दिन में 1718 मामलों का निपटारा किया है। डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने कहा कि लोगों के सहयोग से कैंप काफी सफल रहे हैं। उन्होंने बताया कि 18 कैंपो के दौरान प्राप्त कुल 2632 मामलों में से 1718 इंतकालो का निपटारा उसी दिन कर दिया गया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को शेष 914 मामलों को भी जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा की गई घोषणा के अनुसार 15 जनवरी को फिर से विशेष कैंप लगाए जाएंगे ताकि इंतकाल के काम को जल्दी पूरा किया जा सके।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड

(पूर्व में "ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड" के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
रजि. & कॉर्पोरेट ऑफिस: 201-202, दूसरी मंजिल, साउथ एण्ड स्क्वायर, मानसरोवर इण्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर-302020

निविदा सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्ति की नीलामी विक्रय सूचना
आमजन तथा एवं व्यक्ति विशेष देनदारों तथा जमानती को सूचित किया जाता है कि निम्न उल्लेखित प्रत्याभूत ऋणदाता की गिरवी/प्रभारित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में एयू फाईनेंसियर्स (इण्डिया) लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था, प्रत्याभूत ऋणदाता "जैसे है जहाँ है" जो भी और जैसा भी है के आधार पर विक्रय करने जा रहे है। प्रकरणों का विशेष विवरण इस प्रकार है-

ऋणी/सह-ऋणी/जमानती/ बंधककर्ता का नाम	बकाया राशि दिनांक	13(2) डिमांड नोटिस की राशि व दिनांक	कब्जे की दिनांक	संपत्ति का विवरण (प्रतिभूति आस्ति)	संपत्ति का आरक्षित मूल्य	संपत्ति की धरोहर राशि	निविदा खोले जाने की तिथि व समय	निविदा खोलने, जमा कराने व नीलामी का स्थान
मीना रानी, श्री जय भगवान शर्मा खाता सं. : LNKRK02219-200108814	₹ 2,637,819.00/- बकाया दिनांक 5 जनवरी 2024	10 मई 2023 ₹ 2362177/- बकाया दिनांक 8 मई 2023	5 दिसम्बर 2023	एक मकान कम्प्रेस्ड खेवत नं. 518/502, खतौनी नं. 694, स्थित पट्टी चौधरी, कैथल, तह. व जिला कैथल, हरियाणा **क्षेत्रफल 239 वर्ग गज**	₹ 2637261/-	₹ 263726/-	प्रात:11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 8 फरवरी 2024	दुसरी मंजिल, एससीओ-4, सेक्टर-17, कुरुक्षेत्र-136118, हरियाणा-भारत

निविदा की शर्तें: 1. निविदा में सहभागिता करने हेतु इच्छुक खरीददार अपनी निविदा शाखा में उपलब्ध निविदा प्रपत्र जो कार्य दिवस के समय शाखा से प्राप्त किये जा सकते हैं, में अपने द्वारा निवेदित मूल्य लिखकर सीलबंद लिफाफे में जिसके ऊपर "टेण्डर ऑफर सम्पत्ति का विवरण" लिखा हो के साथ उपरोक्त वर्णित धरोहर राशि के चैक/बैंकर्स चैक/माँग ड्राफ्ट जो कि प्राधिकृत अधिकारी, आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में "ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड" के नाम से ज्ञात) के पक्ष में जयपुर में देय हो, नीलामी से पहले कार्य दिवस के दौरान आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में "ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड" के नाम से ज्ञात) के उपरोक्त पते पर जमा करा कर निविदा में भाग ले सकते हैं। प्राप्त निविदाएं आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में "ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड" के नाम से ज्ञात) के उपरोक्त पते पर उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। इसके पश्चात निविदाकर्ताओं के बीच खुली बोली लगवाने का विकल्प प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है। यदि बोली सफल नहीं होती है तो असफल निविदाकर्ताओं को उसी दिन धरोहर राशि लौटा दी जायेगी। 2. सफल निविदाकर्ता को 25 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि सहित) प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा सफल निविदाकर्ता के नाम की उद्घोषणा करने के तुरन्त पश्चात, जमा करवाना होगा तथा शेष राशि विक्रय की पुष्टि के दिन से 30 दिन के अन्दर जमा कराना आवश्यक है, अन्यथा जमा राशि बिना सूचना बैंक में जब्त समझी जायेगी। 3. प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताये बोली स्वीकार अथवा अस्वीकार करने या निविदा स्थगित करने का पूर्ण अधिकार है। निविदा जमा कराने व निविदा खोलने वाली दिनांक को राजकीय अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस वाले दिन होगी। 4. सम्पत्ति के निरीक्षण हेतु सम्पत्ति अथवा निविदा से संबंधित जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकर्ता, आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में "ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड" के नाम से ज्ञात) 201-202, दूसरी मंजिल, साउथ एण्ड स्क्वायर, मानसरोवर इण्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर-302020 **मनोज कुमार - 8130291423 नोटः-** यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ताओं के लिए भी नियम 9 (1)/8(6) के अधीन 15/30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा कि यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर ही विक्रय की जाएगी।

स्थान: जयपुर **दिनांक: 09.01.2024** **प्राधिकृत अधिकारी आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड**

हरियाणा कांग्रेस की गुटबाजी खत्म करने के लिए आला कमान की एक और पहल

पार्टी प्रभारी दीपक बावरिया कल लेंगे जनरल हाउस में बैठक

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव चौखट पर है और प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर है। कांग्रेस आला कमान ने गुटबाजी समाप्त करने के लिए एक और पहल करते हुए दस जनवरी को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा कांग्रेस मुख्यालय पर पार्टी के जनरल हाउस की बैठक आहूत की है। बैठक हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया लेंगे।

कांग्रेस जनरल हाउस की बैठक के लिए हरियाणा कांग्रेस के सभी नेताओ को आमंत्रित किया गया है। हरियाणा कांग्रेस में लंबे समय से जारी गुटबाजी का नतीजा यह है कि दस साल से पार्टी का ब्लॉक और जिला स्तर का संगठन का ढांचा खड़ा नहीं किया जा सका है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे अशोक तंवर और कुमारी सैलजा तो संगठन का ढांचा खड़ा करने में नाकाम रहे ही वही ताकतवर समझे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा गुट के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान को भी संगठन का ढांचा खड़ा करने में सफलता नहीं मिली। कुमारी शैलजा के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए चौधरी उदयभान को भूपेंद्र सिंह हुड्डा का साथ तो मिला लेकिन वे भी संगठन का ढांचा खड़ा करने में नाकाम रहे।

चौधरी उदयभान को पार्टी की कमान मिलने के बाद हुड्डा विरोधी नेताओ ने एकजुट होकर समानांतर गतिविधि चलाने का फैसला किया। कुमारी सैलजा,रणदीप सुरजेवाला और किरण चौधरी के गुट को राजनीतिक गलियारों में एसआरके गुट कहा जा रहा है। एस आर के गुट ने समानांतर प्रेस कांफ्रेंस कर मुद्दे उठाने और बैठके करने का सिलसिला शुरू किया।हाल में इस गुट ने रोहतक में बैठक कर प्रदेशभर में जनसंदेश यात्रा निकालने का ऐलान किया था।प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया ने इस यात्रा को लेकर कहा था कि कोई भी समानांतर कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस की मंजूरी से ही आयोजित किया जा सकता है। उन्होंने हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान के जनाक्रोश रैली और जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को पार्टी का कार्यक्रम करार दिया था। हरियाणा कांग्रेस की गुटबाजी समाप्त कराने के प्रयास लगातार किए जाते रहे है लेकिन सफलता नहीं मिली। दीपक बावरिया ने प्रभारी का जिम्मा संभालते ही चंडीगढ़ में एक दूसरे के विरोधी गुटों की बैठक बुलाई थी लेकिन हुड्डा विरोधी नेता बैठक में शामिल नही हुए और उनके समर्थकों ने उनके पक्ष में नारेबाजी कर गुटबाजी की पुष्टि कर दी।

दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय पर अ भा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की मोजूदगी में हुई बैठक में भी गुटबाजी खत्म कर पार्टी हित में एकजुट होकर काम करने की हिदायत दी गई थी लेकिन गुटबाजी कायम रही। वर्ष 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले भी सभी नेताओ को एक बस में सवार कर गुटबाजी दूर करने के प्रयास किए गए लेकिन सफलता नहीं मिली।

दहेज मांगने और प्रताड़ित करने पर केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

दहेज में 3 लाख की मांग को लेकर मानसिक व शारीरिक तौर पर प्रताड़ित करने के आरोप में पति, सास व ससुर के खिलाफ महिला पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस कमिश्नर को दी गई शिकायत में मनिंद्र कौर पुत्री जसवंत सिंह निवासी बस्ती बाबा खेल ने आरोप लगाए कि उसका पति परमपाल सिंह ससुर गुरमीत सिंह व सास मलकीत कौर निवासी कनाल कॉलोनी बठिंडा मनिंद्र कौर को दहेज की मांग को लेकर मानसिक व शारीरिक तौर पर प्रताड़ित करते है और जान से मारने की धमकियां देते है।

उक्त शिकायत की जांच महिला पुलिस थाना की इंस्पैक्टर अनू पलियाल की तरफ से की गई जिसमें उन्होंने बताया कि इनकी शादी 3 दिसम्बर 2021 को जालंधर में हुई थी। इस शादी से उनका एक बेटा भी है। शादी से कुछ दिन बाद ही उसके ससुराल परिवार की तरफ से उसे दहेज में घटिया सामान लेकर आने के लिए ताहने मारने शुरु कर दिए गए। अक्तूबर 2022 को पीड़िता के जन्म दिन था जिसके चलते उसके मायके परिवार ने उसे एल.सी.डी. गिफ्ट के तौर पर दी लेकिन उसके ससुराल परिवार ने उसे इस बात का ताहना मारा कि उसका पति बुलेट मोटरसाइकिल चाहता था एल.सी.डी. नहीं जिसकी वजह से उसके पति ने उसके साथ फिर से मारपीट व गाली गलौच करना शुरु कर दिया।

जून 2023 को उसके पति ने उसे कहा कि वह अपने मायके परिवार से 3 लाख रुपए लेकर आए क्योंकि उसने विदेश जाना है। पीड़िता ने मांग पूरा न करने से इंकार कर दिया तो उसके पति,सास, ससुर ने उसे मानसिक व शारीरिक तौर पर प्रताड़ित करना शुरु कर दिया और घर से बाहर निकाल दिया और कहा कि अगर घर बसाना है तो 3 लाख रुपए अपने मायके परिवार से लेकर आए जिसके चलते पीड़िता अपने बेटे के साथ अपने मायके परिवार में आ गई।

हरियाणा में 7 स्टार विकास की और बढ़ रही है मनोहर सरकार : मंत्री कंवरपाल

शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान, स्वावलंबन, सेवा और सुशासन देना प्रदेश सरकार का ध्येय

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कंवर पाल ने कहा कि मनोहर सरकार हरियाणा में 7 स्टार विकास की और बढ़ रही है। यानी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान, स्वावलंबन, सेवा और सुशासन। इसके आधार पर हम नागरिकों को बहुत सी सेवाएं दे रहे है। लेकिन पिछली सरकारों की छोटी सोच ने समाज को बहुत ही समस्याओं में डाल दिया। इनमें मुख्यतः थ्री-सी हैं, यानि करप्शन, क्राइम और कास्ट बेस्ड पॉलिटिक्स। पिछली सरकारों ने लोगों को जातिगत राजनीति में झोंक दिया और जातियों में बांट कर रख दिया। उन्होंने कहा कि हमने जब वर्ष 2014 में सरकार बनाई, उस समय हरियाणा एक-हरियाणवी एक का नारा दिया। सामाजिक समरसता पर चलते हुए हमने सभी योजनाओं का लाभ नागरिकों को दिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं व सुविधाओं पर सबसे पहला हक गरीब का है, चाहे वह किसी भी जाति का हो। इसलिए अंत्योदय दर्शन के अनुरूप राज्य सरकार गरीबों को लाभ प्रदान कर रही है। मंत्री सोमवार को अपने जगाधरी आवास पर जनता दरबार में आए नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे।इस दौरान उन्होंने अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया। कुछ शिकायतों के सबंध में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को फोन पर दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर जगाधरी भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग, भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष निश्चल चौधरी, जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग, आइटी सेल जगाधरी के अध्यक्ष पीयूष गोगियान, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल गढ़ी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग ने शीतलहर से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

राज्य में शीतलहर जारी है, जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने ठंड से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है और सावधानी बरतने को कहा है. डिप्टी कमिश्नर, जालंधर विशेष सारंगल ने लोगों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई एडवाइजरी का पालन करने की अपील की और कहा कि विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को ठंड से बचाया जाए। एडवाइजरी में स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से मौसम पर नजर रखने और कडकती ठंड से बचाव के लिए जारी एडवाइजरी का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

उन्होंने कहा कि रेडियो, टीवी पर लोगों को मौसम की जानकारी दी जाए। और समाचार पत्रों के माध्यम से अधिक जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। यह भी सलाह दी जाती है कि लोगों को पर्याप्त गर्म ऊनी कपड़े रखने चाहिए और मोटे भारी कपड़ों के एक सेट के बजाय हल्के गर्म कपड़ों की कई परतें पहननी चाहिए क्योंकि तंग कपड़े रक्त परिसंचरण को कम करते है। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में अगर लंबे समय तक सर्दी, फ्लू और नाक बहने के लक्षण दिखें तो तुरंत डाक्टर को दिखाना चाहिए। एडवाइजरी में यह भी अपील की गई है कि शीत लहर से बचने के लिए लोगों को घर के अंदर ही रहना चाहिए और अनावश्यक यात्रा से बचना चाहिए। लोगों को सिर, हाथ, नाक, गर्दन और पैर की उंगलियों को अच्छी तरह से ढकने के लिए ऊनी टोपी, मफलर और वाटरप्रूफ जूते पहनने चाहिए।

यह भी बताया गया कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बरकरार रखने के लिए विटामिन-सी युक्त फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए। गर्म तरल पदार्थ पीना चाहिए क्योंकि यह ठंडी हवाओं का मुकाबला करने के लिए शरीर के तापमान को बनाए रखता है। लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से त्वचा शुष्क, कठोर और सुन्न हो जाती है और शरीर के खुले हिस्सों पर काले धब्बे दिखाई देने लगते है। एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि ठंड लगने को नजरअंदाज न किया जाए क्योंकि यह शरीर में गर्मी का शुरुआती लक्षण है। शराब का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे शरीर का तापमान कम हो जाता है।

संक्षिप्त समाचार

जालंधर में पुलिस की रेड, मचा हड़कंप

जालंधर। पंजाब में नशे पर काबू पाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच जालंधर में अमरीक नगर, किशनपुरा तथा अन्य इलाकों में सुरक्षा के सर्च अभियान चलाया। इस दौरान मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और भारी संख्या में अलग-अलग थानों के पुलिस कर्मचारी मौजूद थे। पुलिस कर्मचारियों द्वारा घरों और संदिग्धों की तलाशी ली गई। सुबह-सुबह पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हडकंप मच गया। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पंजाब बॉर्डर स्टेट है जिसके चलते लगातार पंजाब में नशा बढ़ता जा रहा है और उसे रोकने के लिए पूरे पंजाब में अभियान चलाया जा रहा है। वहीं जालंधर के जिन इलाकों में नशा ज्यादा बिकता है या फिर नशा तस्कर रहते हैं वहां पर रेड की गई है। इसमें 6 लोगों को राउंडअप किया है जिनसे नशीली चीज भी बरामद हुई है।

यूके इंडिया ने कुष्ठ आश्रम में डाबर इम्यूनिटी बुस्टर किट भेंट की

डाबर इम्यूनिटी बुस्टर किट भेंट करते ट्रस्ट के सदस्य।

कुरुक्षेत्र। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया कुरुक्षेत्र टीम द्वारा श्रीराम कुष्ठ आश्रम डोडाखेड़ी में रहने वाले परिवारों को ट्रस्ट के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल के स्व. बेटे रोहन मित्तल की याद में डाबर इम्यूनिटी बूस्टर किट भेंट की गई। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने आश्रम में रहने वाले सभी लोगों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उसके पश्चात अपनी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से बूस्टर गिफ्ट पैक दिए गए। इसमें डाबर च्यवनप्राश, एप्पल जूस, शहद, टूथपेस्ट, टूथब्रश, हेयर आयल, शैम्पू आदि सामान दिया गया। जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया समय-समय पर गरीब और लाचार लोगों का संपूर्ण ध्यान रखती है। समय-समय पर इनको यह किट निशुल्क वितरित करती हैं। सेवा ट्रस्ट के खंड कोआर्डिनेटर विजय पंघाल ने सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के बारे में बताया कि ट्रस्ट आशा वर्कर्स, सफाई कर्मचारी, ब्लड डोनर, होनहार खिलाड़ियों व सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को समय समय पर सम्मानित करता रहता है। इस अवसर पर आशा वर्कर पूजा सैनी, समीर सैनी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

6 लाख बेटियों की सामूहिक लोहड़ी मना चुकी है निफा

करनाल। निफा द्वारा इस बार बेटियों की लोहड़ी को एक अलग तरीके से मनाया जायेगा। 2006 से लगातार हर साल लोहड़ी बेटी के नाम कार्यक्रम का आयोजन कर अब तक 6 लाख से अधिक बेटियों की सामूहिक लोहड़ी मना चुकी सामाजिक संस्था निफा इस बार किसी एक स्थान पर लोहड़ी का त्योहार न मनाकर उन सभी अभिभावकों का उनके घर पर पहुंच कर सम्मान करेगी जिनके यहां पिछले एक वर्ष में बेटी ने जन्म लिया है और जो स्वयं आगे आकर अपनी बेटी के जन्म का स्वागत करते हुए उसकी पहली लोहड़ी मना रहे हैं। इस संबंध में सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका तय करने के लिए निफा की ज़िला कार्यकारिणी की एक बैठक का आयोजन किया गया निफा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा, ज़िला प्रधान रणजीत सिंह गरेटा व ज़िला सचिव हितेश गुप्ता के नेतृत्व में कुल 25 टीमों का गठन किया गया है। इसी प्रकार का अभियान प्रदेश के अन्य ज़िलों में भी चलाया जा रहा है। इस अभियान में अपने आप अपनी बेटी की पहली लोहड़ी मनाने वाले हर अभिभावक को एक विशेष प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा जिसमे लता मंगेशकर, कल्पना चावला, मेरीकॉम, इंदिरा नूई व अनीता कुण्डू जैसी सफल महिलाओं के साथ बच्ची की फोटो होगी व माता पिता के लिए सम्मान के शब्दों के साथ साथ बच्ची को ऐसे महान महिला हस्तियों जैसा बनने के लिये प्रेरणा के वाक्य होंगे। साथ ही हर बच्ची को एक उपहार भी दिया जाएगा। निफा संयोजक एडवोकेट नरेश बराना ने कहा इस बार इस नये अन्दाज़ में लोहड़ी बेटी के नाम कार्यक्रम के आयोजन से अभिभावकों में अपने आप अपनी बेटी के जन्म का स्वागत करने की परंपरा को बढ़ावा मिलेगा जो निफा का प्राइमरी लक्ष्य भी रहा है। बैठक में निफा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा, ज़िला प्रधान रणजीत सिंह बिलोना, ज़िला सचिव हितेश गुप्ता, आजीवन सदस्य सुरेंद्र दत्त शास्त्री, महिला विंग संरक्षक अंजू शर्मा, महिला विंग प्रधान वीना खेत्रपाल, पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष गौरव पुनिया, शहरी प्रधान मनिंदर सिंह बब्बू, ज़िला कार्यकारिणी से वरुण कश्यप, मुकुल गुप्ता, इंद्री शाखा के सचिव अरुण शर्मा व उप प्रधान कर्णजीत सिंह शामिल हुए।

संकल्प यात्रा से एक ही स्थान पर मिल रहा योजनाओं का लाभ

पायनियर समाचार सेवा। सढौरा/यमुनानगर

भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को सढौरा क्षेत्र के गांव नगली 264, रामपुर काम्बोयन में पहुंची। यात्रा का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया और विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ ली। पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता अपना संबोधन देते हुए कहा कि मोदी-मनोहर सरकार अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह यात्रा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। एक ही स्थान पर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से व्यवस्था परिवर्तन का दौर चला है उसी का परिणाम है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को भी लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा एक मील का पत्थर साबित होगी। यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित होगी। योजनाओं की जानकारी लेने, पात्रों द्वारा मौके पर ही राशन कार्ड बनाना, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण करवाना, स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल पर स्वास्थ्य जांच, कृषि विभाग से योजनाओं की जानकारी लेने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण पंहुचे। इस अवसर पर लोगों ने एलईडी वैन के जरिए हरियाणा व राज्य सरकार की उपलब्धियों की लघु फिल्मों को देखा। फिल्मों के जरिए लोगों को सरकार की तमाम उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न विभागों के लाभार्थियों ने अपनी सफलता की कहानी के अनुभवों को भी साझा किया।

सूचना जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की तरफ से राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा केन्द्र सरकार की उपलब्धियां भी सभी लोगों को वितरित की गई। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा में मुख्यातिथि द्वारा ऐसे स्कूली बच्चों को सम्मानित किया जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया । मुख्यातिथि द्वारा स्वामित्व योजना के तहत लाभ पात्रों को रजिस्ट्रियां दी गई तथा मौके पर पैंशन बनाई गई।

सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना

विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। प्रधानमंत्री ने यात्रा के बारे में सभी को बधाई दी और कहा कि यह यात्रा गांव-गांव में पहुंच रही है। लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे मे जानकारी मिल रही है अब लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ उनके गांव में ही मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग संकल्प यात्रा में लगी फोटो की सैल्फी लेकर अपलोड कर रहे है। इससे पता चलता है कि लोगों में काफी उत्साह है।

पानी की निकासी शाहाबाद की मुख्य समस्या, कांग्रेस की सरकार बनते ही करवाएंगे समाधान : डॉ. भट्टी

कहा : शाहाबाद की हर समस्या से पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा हैं अवगत

कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते डॉ. राजिंद्र सिंह भट्टी।

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

जैसे-जैसे 2024 विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे है, वैसे-वैसे शाहाबाद में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी सक्रिय होते नजर आ रहे है। इस कड़ी में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ प्रोफेसर, चैयरमेन और डीन आदि पदों से सेवानिवृत्त कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. राजिंदर सिंह भट्टी ने भी कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों के साथ बैठकें करनी शुरू कर दी है। सोमवार को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद डॉ. राजिंदर सिंह भट्टी ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि शाहाबाद में बरसात के दिनों में घरों के अंदर तक पानी घुस जाता है, जिसके कारण पानी की निकासी न होना है।

उन्होंने कहा कि यह मुख्य समस्या है, लेकिन इसके बावजूद भी कई समस्याएं ऐसी है जिनका समाधान होना बहुत जरुरी है। उन्होंने बताया कि इन सभी समस्याओं को पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा को वह अवगत करवा चुके है और जिस तरह कांग्रेस कार्यकाल में शाहाबाद को उपमंडल का दर्जा मिला था। ठीक उसी तरह जल्द ही शाहाबाद की हर समस्या का समाधान भी कांग्रेस सरकार आने के बाद होगा। उन्होंने कहा कि आज शाहाबाद में शिक्षित विधायक की जरूरत है और शिक्षित विधायक देने का काम केवल कांग्रेस ही कर सकती है। डॉ. भट्टी ने कहा कि देश और प्रदेश में कांग्रेस की लहर है और 2024 में लोकसभा और विधानसभा चुनावों में सबसे अधिक सीटें कांग्रेस की ही आएंगी। इस मौके ईशान, गगन, प्रदीप, कमलप्रीत, गौरव और निर्मल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्त्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं.	धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक संपत्ति का विवरण	कब्जे की तारीख
ऋण खाता सं.: L9001060118749731 व L9001060822666501 **हरनाम स्वीट्स शॉप (ऋणी)**, हरनाम सिंह (सह-ऋणी), श्रीमती प्रिया देवी (सह-ऋणी)	14 सितम्बर 2023 ₹ 1311014/- रु. तेरह लाख ग्यारह हजार चौदह मात्र व ₹ 827479/- रु. आठ लाख सताईस हजार चार सौ उनासी मात्र 12 सितम्बर 2023	सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित फ्रीहोल्ड - नगरपालिका लिमिट सेमी शहरी व ग्रामीण खेवत नं. 149 खतौनी नं. 159, नांगतिहारी बधकोडा महेन्द्रगढ नारनौल **क्षेत्रफल 278 वर्ग गज**	04 जनवरी 2024
ऋण खाता सं.: L9001060831584857 व L9001060827314979 **हरनाम स्वीट्स शॉप (ऋणी)**, हरनाम सिंह (सह-ऋणी), श्रीमती प्रिया देवी (सह-ऋणी)	15 सितम्बर 2023 ₹ 359178/- रु. तीन लाख उनसठ हजार एक सौ अठहत्तर मात्र व ₹ 634900/- रु. छः लाख चौतीस हजार नौ सौ मात्र 12 सितम्बर 2023	सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित खेवट नं. 149 खातौनी नं. 159 मौजा नांगतिहारी नारनौल महेन्द्रगढ हरियाणा **क्षेत्रफल 290 वर्ग गज**	04 जनवरी 2024
ऋण खाता सं.: L9001060121259633 **रोहताष ट्रेडिंग कम्पनी जरिए श्रीमती मनोज देवी - विधिक उत्तराधिकारी प्रोपराइटर स्वर्गीय श्री रोहतोष (ऋणी)**, श्रीमती मनोज देवी (सह-ऋणी व विधिक उत्तराधिकारी स्वर्गीय श्री रोहताष- सह-ऋणी)	26 सितम्बर 2023 ₹ 686659/- रु. छः लाख छियासी हजार छः सौ उनसठ मात्र 26 सितम्बर 2023	सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित केएच18, खातौनी नं. 18, मुस्तिल नं. 22, किला नं. 17 ग्राम-सुथाना, तहसील - बवाल, जिला-रेवाडी, हरियाणा **क्षेत्रफल 3 मारला (106 वर्ग गज)**	04 जनवरी 2024

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

स्थान: हरियाणा **दिनांक: 08-जनवरी-2024** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

मर्सिडीज बेंज इस साल भारत में करेगी 200 करोड़ रुपए का निवेश, पेश करेगी 12 नए मॉडल

एजेंसी। नई दिल्ली

जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज बेंज नए उत्पाद पेश करने, विनिर्माण परिचालन और डिजिटलीकरण पर इस साल 200 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पिछले साल भारत में उसने रिकॉर्ड 17,408 गाड़ियां बेची हैं। मर्सिडीज बेंज इंडिया 2024 में तीन

इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) समेत 12 से ज्यादा नए वाहन बाजार में उतारेगी। इनमें से आधे मॉडल शीर्ष वाहन खंड (टीईवी) होंगे, जिनकी कीमत 1.5 करोड़ रुपए से ज्यादा होगी।

मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा, यह साल विशेष है क्योंकि हम भारत में मर्सिडीज बेंज के 30 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। हम पुणे में अपने कारखाने में 200 करोड़ रुपए और निवेश करने जा रहे हैं। इससे अब भारत में हमारा कुल निवेश 3,000 करोड़ रुपए हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि ए निवेश विनिर्माण कार्यों, नए उत्पाद स्टार्टअप और विनिर्माण प्रक्रिया के डिजिटलीकरण की दिशा में होंगे। अय्यर ने कहा कि पिछले साल कंपनी ने 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ भारत में अपनी अबतक की सर्वाधिक 17,408 गाड़ी बिक्री का रिकॉर्ड बनाया। मर्सिडीज बेंज की इससे पहले सर्वाधिक बिक्री 2022 में 15,822 इकाई रही थी इस साल को लेकर अय्यर ने कहा कि कंपनी आपूर्ति और मांग में अस्थिरता के बावजूद दहाई अंक में वृद्धि की उम्मीद कर रही है। इस समय कंपनी के पास 3,000 गाड़ियों की बुकिंग है। नए उत्पादों पर अय्यर ने कहा, हम 2024 में 12 से ज्यादा नई कार लाइन पेश करने पर विचार कर रहे हैं और उनमें से 50 प्रतिशत टीईवी होंगी। इनमें तीन नए इलेक्ट्रिक वाहन शामिल होंगे।

त्रिपुरा के धलाई में एनएलएफटी उग्रवादी ने बीएसएफ के सामने आत्मसमर्पण किया

अगरतला। त्रिपुरा के धलाई जिले में प्रतिबंधित नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के एक उग्रवादी ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उग्रवादी की पहचान उदय माणिक जमातिया (37) के रूप में की गई है, जिसने रविवार को जिले के चावमानु इलाके में बीएसएफ के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा, वह गोमती जिले के तुलसीराम गांव का निवासी है। उसने हिंसा का रास्ता छोड़ने का फैसला किया और सामान्य जीवन जीने के लिए आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारी ने बताया कि वह पिछले साल सितंबर में एनएलएफटी (बीएम) में शामिल हुआ था। उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों और राज्य अधिकारियों के प्रयासों के कारण एनएलएफटी के कई कैडर ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादी को पूछताछ और अन्य कानूनी प्रक्रिया के लिए पुलिस को सौंप दिया जाएगा।

छोटे किसानों को मुसीबतों से निकालने के लिए निरंतर काम कर रही सरकार: मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार छोटे किसानों को मुसीबतों से बाहर निकालने के लिए निरंतर काम कर रही है और कृषि में सहकारिता को बढ़ावा देना इसी सोच का परिणाम है जबकि पूर्व की सरकारों में किसान के सशक्तीकरण की चर्चा सिर्फ पैदावार व उसकी उपज की बिक्री के इर्द-गिर्द ही सीमित रही।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद करने के बाद उन्हें संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि मोदी की गारंटी वाली इस यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए।

उन्होंने कहा, कई बार जागरूकता की कमी से या दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचना हमारी सरकार अपना दायित्व समझती है। आज देश में ही नहीं बल्कि दुनिया में भी मोदी की गारंटी की बहुत चर्चा हो रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा, पहले की सरकारों में देश में कृषि नीति का दायरा बहुत सीमित था और किसानों के सशक्तीकरण की चर्चा सिर्फ पैदावार और उसकी उपज की बिक्री के इर्दगिर्द ही सीमित रही जबकि किसान को अपने दैनिक जीवन में भांति-भांति की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए हमारी सरकार ने किसान की हर मुश्किल को आसान करने के लिए चौतरफा प्रयास किए। पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से हर किसान को कम से कम 30,000 रुपए दिए जा चुके हैं।

मोदी ने कहा कि उनके लिए गरीब, किसान, महिलाएं और युवा चार सबसे बड़ी जातियां हैं और जब ए सशक्त होंगी तो एक सशक्त भारत सुनिश्चित होगा। पिछले दिनों न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तुअर की दाल की ऑनलाइन खरीद किए जाने की घोषणा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी यह सुविधा तुअर या अरहर दाल के लिए दी गई है लेकिन आने वाले समय में दूसरे दालों के लिए भी इसका दायरा बढ़ाया जाएगा।

उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है दाल खरीदने के लिए जो पैसा हम विदेश भेजते हैं, वह देश के ही किसानों को मिल सके। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान दो करोड़ से ज्यादा गरीबों के स्वास्थ्य की जांच हुई है और इसी दौरान एक करोड़ लोगों की टीबी की बीमारी की भी जांच हुई है।

उन्होंने कहा कि 22 लाख लोगों की सिकल सेल एनीमिया की जांच हुई है और ए सारे लोग गांव, गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के लोग हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ संवाद किया। इस दौरान लाभार्थियों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। पिछले साल 15 नवंबर को इस कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से मोदी ने पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ नियमित रूप से संवाद किया है। यह यात्रा देश भर में सरकार की प्रमुख योजनाओं की शत प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। इसके तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि केंद्र की योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे।

देश में कोविड के 605 नए मामले मिले तथा चार संक्रमितों की मौत

नई दिल्ली। भारत में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 605 नए मामले मिले जबकि उपचाराधीन मरीज़ों की संख्या 4,002 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे के आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान कुल चार संक्रमितों की मौत हुई है जिनमें केरल के दो और कर्नाटक तथा त्रिपुरा का एक-एक रोगी शामिल है।

पिछले साल पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक तक पहुंच गई थी, लेकिन ठंड और वायरस के नए उपस्वरूप जेएन.1 के कारण मामलों में तेजी आई है। पांच दिसंबर के बाद एक दिन में कोविड-19 के सर्वाधिक नए मामलों की संख्या 31 दिसंबर 2023 को 841 दर्ज की गई। कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों में से तकरीबन 92 प्रतिशत मरीज घर पर ही रहकर अपना इलाज करवा रहे हैं। इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, मौजूदा समय में उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि जेएन.1 उपस्वरूप की वजह से न तो नए मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है और न ही अस्पताल में भर्ती होने वालों संक्रमितों की तादाद में बढ़ोतरी हो रही है और न ही मृत्यु दर में वृद्धि हो रही है।

रमेश ने सीईसी को फिर लिखा पत्र

विपक्ष के प्रश्नों का ठोस जवाब नहीं देने का आरोप लगाया

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने निर्वाचन आयोग द्वारा वीवीपैट संबंधी चिंताओं को खारिज किए जाने के बाद सोमवार को एक बार फिर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिखकर आरोप भी लगाया कि निर्वाचन आयोग विपक्षी दलों के प्रश्नों और ईवीएम से संबंधित वास्तविक चिंताओं का ठोस जवाब देने में विफल रहा है।

उन्होंने यह आग्रह भी किया कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के एक प्रतिनिधिमंडल को मिलने का समय दिया जाए ताकि विपक्षी दल कम से कम वीवीपैट के विषय में आयोग के समक्ष अपनी बात रख सकें। रमेश ने पिछले साल 30 दिसंबर को निर्वाचन आयोग को भी पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि इंडिया के एक प्रतिनिधिमंडल को वीवीपैट पर्चियों पर अपने विचार रखने के लिए समय दिया जाए। निर्वाचन आयोग ने वीवीपैट पर रमेश की चिंताओं को खारिज करते हुए गत शुक्रवार को कहा था कि इसके

माध्यम से ऐसा कोई नया दावा या उचित एवं वैध संदेह नहीं उठाया है जिसके लिए और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

आयोग ने जवाबी पत्र में यह भी कहा था कि पेपर पर्चियों संबंधी नियम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा 2013 में पेश किए गए थे। रमेश ने सोमवार को राजीव कुमार को लिखे पत्र में कहा, मैंने आयोग के साथ इंडिया के घटक दलों के नेताओं की मुलाकात के लिए समय देने का स्पष्ट अनुरोध किया था। मुलाकात के एजेंडे में वीवीपीएटी के उपयोग पर चर्चा करना और सुझाव देना शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग विपक्षी दलों के मिलने के आग्रह को खारिज करने के साथ ही उनके प्रश्नों और ईवीएम पर वास्तविक चिंताओं का ठोस जवाब देने में फिर विफल रहा है।

कांग्रेस नेता ने कहा, ईवीएम या वीवीपैट पर राजनीतिक प्रतिभागियों के साथ बातचीत करने से आपका साफ इनकार सिर्फ इंडिया से संबंधित पार्टियों के लिए नहीं, बल्कि सभी राजनीतिक दलों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उनका कहना था, यह जानकर भी आश्चर्य होता है कि आयोग न्यायिक आदेशों की आड़ ले रहा है, हमें यह भी याद दिला रहा है कि ईवीएम और वीवीपीएटी के मुद्दे पर दायर जनहित याचिकाओं को खारिज कर दिया गया है।

उप्र में दुष्कर्म से बचने के लिए छत से कूदी छात्रा, गंभीर

एजेंसी। हरदोई।

हरदोई जिले के हरपालपुर इलाके में कथित रूप से दुष्कर्म से बचने के लिए एक छात्रा छत से कूद गई। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने दर्ज शिकायत के हवाले से बताया कि हरपालपुर कस्बे में शनिवार को जब 15 वर्षीय एक छात्रा कोचिंग जा रही थी तभी विशाल नामक युवक उसे बहला-फुसला कर बिल्हौर-कटरा मार्ग पर स्थित अपने घर पर ले गया। छात्रा के भाई ने शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विशाल ने उनकी बहन के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और उससे बचने के लिए वह छत से कूद गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं है।

अस्पताल में छात्रा का उपचार किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने बताया कि शिकायत में दुष्कर्म से बचने के लिए छात्रा के छत से कूदने की बात कही गई है, जबकि छात्रा ने बयान में अगवा कर उसे छत से फेंकने की बात कही है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म के प्रयास के आरोपों में मामला दर्ज किया है।

मायावती ने सपा को जबरदस्त दलित विरोधी पार्टी बताया

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर करारा हमला किया और उसे जबरदस्त दलित विरोधी करार दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने सपा पर अपने पिछले शासन काल में बसपा कार्यालय के सामने पुल बनवाकर उसे असुरक्षित करने का भी आरोप लगाया और मौजूदा सरकार से पार्टी कार्यालय को किसी अन्य सुरक्षित जगह पर स्थानांतरित करने का भी आग्रह किया है।मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट कर सपा को जमकर खरी-खोटी सुनाई।उन्होंने कहा, सपा अति-पिछड़ों के साथ-साथ जबरदस्त दलित-विरोधी पार्टी भी है। हालांकि बसपा ने पिछले लोकसभा आम चुनाव में सपा से गठबंधन करके इनके दलित-विरोधी चाल, चरित्र व चेहरे को थोड़ा बदलने का प्रयास किया।

गोल्डन ग्लोब फैशन में मार्गोट रॉबी ने बार्बी अवतार में बिखरे जलवे

एजेंसी। न्यूयॉर्क

गोल्डन ग्लोब फैशन समारोह में हॉलीवुड अभिनेताओं ने रेड कार्पेट पर जलवे बिखरे। टेलर स्विफ्ट हरे रंग के खूबसूरत परिधान में सबसे अलग नजर आईं। इसके अलावा मार्गोट रॉबी बार्बी के अवतार में रेड कार्पेट पर उतरीं, जिसे देखकर सभी की निगाहें उन पर ही टिक गईं।

कोलमैन डोमिंगो समारोह में पिन से सजे नेहरू टक्सीडो में नजर आए और उन्होंने रस्टिन फिल्म में जिस व्यक्ति का किरदार निभाया था उन्हें सम्मानित किया। किलर्स ऑफ द फ्लावर मून की अभिनेत्री लिली ग्लैडस्टोन काले रंग का ओवरकोट पहने नजर आईं। नए-नए फैशन आजमाने वाले टिमोथी चालमेट काले

रंग की पेंट, कम बटन वाली काली कमीज पर चमकदार काली जैकेट पहने दिखे। इस समारोह में बार्बी फिल्म की निर्माता और इसकी अभिनेत्री रॉबी का परिधान सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। गुलाबी रंग के अरमानी गाउन के साथ बार्बी के अवतार में नजर आई, जो कि 1977 की सुपरस्टार बार्बी पर आधारित था। इसके साथ ही गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स 2024 का आगाज हो चुका है और विजेताओं की सूची जारी कर दी गई है। क्रिस्टोफर नोलन को ओपेनहाइमर के लिए सर्वश्रेष्ठ निदेशक का पुरस्कार मिला।

द होल्डओवर्स फिल्म के लिए डेविन जॉय रैंडोल्फ को सर्वश्रेष्ठ सहयोगी अभिनेत्री और इसी श्रेणी में ओपेनहाइमर के लिए रॉबर्ट डाउनी जूनियर सहयोगी सर्वश्रेष्ठ सहयोगी अभिनेता का पुरस्कार मिला। द बॉय एंड द हेरॉन को सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फिल्म, एनाटॉमी ऑफ ए फॉल को सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर (गैर-अंग्रेजी) और इसी फिल्म के खातिर जस्टिन ट्राइट, आर्थर हरारी को सर्वश्रेष्ठ पटकथा के लिए पुरस्कार मिला।

तमिलनाडु में भारी बारिश, कई जिलों में स्कूलों में छुट्टी घोषित

एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु में उत्तरी क्षेत्र समेत कई हिस्सों में रातभर बारिश हुई, जिसके कारण अधिकारियों को कई जिलों में सोमवार को स्कूलों की छुट्टी घोषित करनी पड़ी। चेन्नई और पड़ोसी चेंगलपट्टू और कांचीपुरम के अलावा विल्लुपुरम, कल्लाकुरीची, कडलूर, नागपत्तिनम और तिरुवरुर में अच्छी बारिश हुई। चेंगलपट्टू, रानीपेट, वेलूर और कल्लाकुरीची सहित कई जिलों के स्कूलों में एक दिन की छुट्टी घोषित की गई। नागपत्तिनम जिला प्रशासन ने नागपत्तिनम और कीलवेलूर क्षेत्र में स्कूलों और कॉलेजों की छुट्टी घोषित कर दी है।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि जिले में सात जुलाई को सुबह आठ बजकर 30 मिनट से सोमवार सुबह पांच बजकर 30 मिनट तक सबसे अधिक 167 मिलीमीटर बारिश हुई। इस अवधि के दौरान पुडुचेरी के करैक्कल में 122 मिमी बारिश हुई।

इजराइल ने हिज्बुल्ला के साथ एक और युद्ध शुरू होने की चेतावनी दी

यरुशलम। इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि हिज्बुल्ला ने उत्तरी इजइराल में एक हवाई यातायात नियंत्रण अड्डे पर हमला किया और इसके साथ ही इजराइली सेना ने ईरान समर्थित चरमपंथी समूह के साथ एक और युद्ध शुरू होने की चेतावनी दी। लेबनान के साथ लगती सीमा पर लड़ाई ऐसे वक्त में बढ़ गई है जब इजराइल गाजा में हमास चरमपंथियों से लोहा ले रहा है। इस स्थिति को देखते हुए अमेरिका द्वारा तत्काल कूटनीतिक कदम उठाए जाने की आवश्यकता बढ़ गई है और वह भी ऐसे वक्त में जब विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा पर इजराइल आने की तैयारी कर रहे हैं।

भगवान राम की तस्वीर वाली विशेष साड़ी सूरत से अयोध्या भेजी जाएगी

सूरत। देश में कपड़े का हब कहे जाने वाले गुजरात के सूरत शहर में तैयार की गई एक विशेष साड़ी को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भेजा जाएगा। सूरत में कपड़ा उद्योग से जुड़े कारोबारी ललित शर्मा ने कहा कि इस साड़ी पर भगवान राम और अयोध्या मंदिर की तस्वीरें उकेरी गई हैं और इसे भगवान राम की पत्नी सीता के लिए तैयार किया गया है और इसे रविवार को यहां एक मंदिर में अर्पित किया गया।

शर्मा से विचार-विमर्श कर साड़ी तैयार करने वाले कपड़ा कारोबारी राकेश जैन ने कहा कि यह वस्त्र माता जानकी के लिए बनाया गया है और इसे उत्तर प्रदेश के अयोध्या शहर में मंदिर के लिए भेजा जाएगा। शर्मा ने साड़ी भेजने की किसी तारीख का उल्लेख नहीं किया लेकिन कहा कि यह 22 जनवरी से पहले अयोध्या पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया में खुशी का माहौल है क्योंकि भगवान राम का कई वर्षों बाद अयोध्या मंदिर में अभिषेक किया जा रहा है। माता जानकी और भगवान हनुमान सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं। शर्मा ने कहा, उनकी खुशी साझा करते हुए हमने एक विशेष साड़ी तैयार की है जिस पर भगवान राम और अयोध्या मंदिर की तस्वीरें उकेरी गई हैं। यह साड़ी अयोध्या में राम मंदिर के लिए भेजी जाएगी। शर्मा ने कहा कि अगर उन्हें कोई अनुरोध मिलता है तो वे भगवान राम के उन सभी मंदिरों में नि:शुल्क यह साड़ी भेजेंगे जहां माता जानकी भी विराजमान हैं।

मप्र: आग लगने पर दहशत में किशोरी ने इमारत से छलांग लगाई, मौत

सागर। मध्य प्रदेश के सागर शहर में एक इमारत के भूतल पर आग लगने के बाद 13 वर्षीय एक लड़की ने दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। रविवार को हुई इस घटना में लड़की का भाई और मां घायल हो गए। शहर के पुलिस अधीक्षक यश बिजोलिया ने पीटीआई-भाषा को बताया, आग की लपटें दूसरी मंजिल तक फैल गईं। इसके बाद एंजल जैन नाम की एक लड़की ने ऊपर से छलांग लगा दी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल को लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गहै।

तीन में से एक व्यक्ति अकेला, क्या एआई-अकेलापन कम करने में मदद करेगा

एजेंसी। मेलबर्न।

चैटजीपीटी पिछले साल के अंत में रिलीज होने के बाद से बार-बार सुर्खियां बटोर रहा है, विभिन्न विद्वान पेशेवर काम और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में इसके संभावित अनुप्रयोगों की खोज कर रहे हैं। हालाँकि, जिस एक क्षेत्र पर कम ध्यान दिया जा रहा है, वह है एक परस्पर संवादकर्ता के रूप में और एक संभावित मित्र के रूप में इस उपकरण की उपयोगिता।

कुछ चैटबॉट्स ने परेशान करने वाले काम किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट के बिंग चैटबॉट ने इस साल की शुरुआत में उपयोगकर्ताओं को तब चिंतित कर दिया जब उसने उन्हें धमकी दी और ब्लैकमेल करने का प्रयास किया। फिर भी पॉप संस्कृति ने लंबे समय से हमारे साथ सामाजिक साथी के रूप में रहने वाली स्वायत्त प्रणालियों के सपने संजोए हैं, चाहे वह द जेट्सन की रोबोट रोज़ी हो, या 2013 की फिल्म हर की सुपर-इंटेलिजेंट एआई, सामंथा हो। क्या हम नए और आने

वाले चैटबॉट्स के प्रति समान भावनात्मक जुड़ाव विकसित करेंगे? और क्या यह स्वस्थ है?

जबकि जेनरेटिव एआई स्वयं अपेक्षाकृत नया है, संबद्धता और मानव-कंप्यूटर इंटरैक्शन के क्षेत्रों का काफी अच्छी तरह से पता लगाया गया है, जिसके परिणाम आपको आश्चर्यचकित कर सकते हैं। हमारे नवीनतम शोध से पता चलता है कि, ऐसे समय में जब 3 में से। ऑस्ट्रेलियाई अकेलेपन का अनुभव कर रहा है, हमारे सामाजिक जीवन में अंतराल को भरने के लिए एआई के लिए जगह हो सकती है। हालांकि इसमें दो राय नहीं कि हम इसका उपयोग लोगों के स्थानापन्न के रूप में नहीं करते हैं।

क्या आप रोबोट से दोस्ती कर सकते हैं?

जहां तक इंटरनेट के लोकप्रिय होने की बात है, विद्वान इस बात पर चर्चा करते रहे हैं कि एआई मानवीय रिश्तों को कैसे प्रतिस्थापित या पूरक कर सकता है। लगभग एक दशक बाद जब सोशल मीडिया लोकप्रिय हो गया, तो इस क्षेत्र में रुचि बढ़ गई। 2021 नोबेल पुरस्कार विजेता पुस्तक क्लारा एंड द सन यह बताती है कि मनुष्य और जीवन जैसी मशीनें कैसे सार्थक रिश्ते बना सकती हैं। और रुचि बढ़ने के साथ-साथ चिंता भी बढ़ती गई, इस बात के प्रमाण मिले कि प्रौद्योगिकी के उपयोग से अपनापन (और इसलिए अकेलापन) प्रभावित हो सकता है। कुछ अध्ययनों में, प्रौद्योगिकी (गेमिंग, इंटरनेट, मोबाइल और सोशल मीडिया) के अत्यधिक उपयोग को उच्च सामाजिक चिंता और अकेलेपन से जोड़ा गया है। लेकिन अन्य शोध से पता चलता है कि प्रभाव काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि तकनीक का उपयोग कौन कर रहा है और कितनी बार इसका उपयोग करता है। शोध में यह भी पाया गया है कि कुछ ऑनलाइन रोलप्लेइंग गेम खेलने वालों को वास्तविक दुनिया की तुलना में ऑनलाइन अकेलेपन का अनुभव कम होता है - और जो लोग गेमिंग प्लेटफ़ॉर्म पर अपनेपन की भावना महसूस करते हैं, वे इसका उपयोग जारी रखने की अधिक संभावना रखते हैं।

यह सब सुझाव देता है कि प्रौद्योगिकी का उपयोग अकेलेपन पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, कि इसमें मानव समर्थन को प्रतिस्थापित करने की क्षमता है।

बाहर निकलकर मानवीय संबंध बनाएं

हमारा शोध बताता है कि एआई से सामाजिक समर्थन सकारात्मक हो सकता है, लेकिन यह अन्य लोगों से सामाजिक समर्थन के सभी लाभ प्रदान नहीं करता है - खासकर जब अकेलेपन की बात आती है। जब संयमित तरीके से उपयोग किया जाता है, तो एआई बॉट के साथ संबंध सकारात्मक कार्यात्मक और भावनात्मक लाभ प्रदान कर सकता है। लेकिन मुख्य बात यह समझना है कि यद्यपि यह आपको समर्थित महसूस करा सकता है, लेकिन यह आपको अकेलापन महसूस करने से रोकने के लिए अपनेपन की पर्याप्त भावना विकसित करने में मदद करने की संभावना नहीं है। इसलिए सुनिश्चित करें कि आप भी बाहर निकलें और वास्तविक मानवीय संबंध बनाएं। यह अपनेपन की एक सहज भावना प्रदान करते हैं जिसकी (अभी के लिए) सबसे उन्नत एआई भी बराबरी नहीं कर सकती।

रोबोट साथियों का उदय

प्रौद्योगिकी, नेतृत्व और मनोविज्ञान के क्षेत्र में शोधकर्ताओं के रूप में, हम यह जांच करना चाहते थे कि चैटजीपीटी लोगों की अकेलेपन और सहयोग की भावनाओं को कैसे प्रभावित कर सकता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि क्या इसका उपयोगकर्ताओं की भलाई और अपनेपन के लिए कोई शुद्ध सकारात्मक लाभ है? इसका अध्ययन करने के लिए, हमने 387 प्रतिभागियों से एआई के उपयोग के साथ-साथ सामाजिक कनेक्शन और समर्थन के उनके सामान्य अनुभव के बारे में पूछा। हमने पाया कि जिन प्रतिभागियों ने एआई का अधिक उपयोग किया, उन्हें उन लोगों की तुलना में अपने एआई द्वारा अधिक समर्थन महसूस हुआ, जिनका समर्थन मुख्य रूप से करीबी दोस्तों से आया था।

विक्रमसिंघे का श्रीलंका-भारत के बीच भूमि संपर्क बढ़ाने पर जोर

एजेंसी। कोलंबो

राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने तमिल बहुल जाफना का दौरा करके क्षेत्र के विकास पर व्यापक चर्चा की और रविवार को श्रीलंका एवं भारत के बीच भूमि संपर्क बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की।

विक्रमसिंघे ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पूर्वोत्तर मन्नार और दक्षिण भारत के बीच पुल बनाने के बारे में चर्चा की है। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि विक्रमसिंघे ने मन्नार और दक्षिण भारत के बीच भूमि संपर्क कायम करने की अपनी इच्छा जाहिर की तथा वह एक पुल बनाने के बारे में प्रधानमंत्री मोदी के साथ पहले ही चर्चा कर चुके हैं। जाफना इसलिए महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) ने लगभग 30 वर्षों तक एक अलग तमिल मातृभूमि के लिए यहां सशस्त्र अभियान चलाया था। हालांकि 2009 में श्रीलंकाई सेना द्वारा लिट्टे के सर्वोच्च नेता वी. प्रभाकरण को मार गिराने के बाद संगठन का पतन हो गया था। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने 2017 में बताया था कि 1980 के दशक के अंत से श्रीलंका में गायब हुए व्यक्तियों की संख्या 60,000 से 100,000 के बीच हो सकती है। राष्ट्रपति ने अपनी चार-दिवसीय यात्रा के दौरान श्रीलंकाई संविधान में भारत-समर्थित 13वें संशोधन (13ए) के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 13ए द्वारा बनाए गए प्रांतीय प्रशासनों का केंद्र के हस्तक्षेप के बिना आर्थिक विकास करने के लिए बेहतर उपयोग किया जाना चाहिए। भारत 13ए को लागू करने के लिए श्रीलंका पर दबाव डाल रहा है, जिसे 1987 के भारत-श्रीलंका समझौते के बाद लाया गया था।

इनोवा डिवाइडर से टकराई, 2 सिपाही की मौत, 2 बचे

गाजियाबाद के वसुंधरा में आधी रात को हुए हादसे में साइड में खड़े कई वाहनों से टकराई गाड़ी

● निखिल चौधरी के पिता की हत्या के बाद दोनों कॉन्स्टेबल बिल्डर की सुरक्षा में थे तैनात थे, इसी कारण नखिल को मिलसुरक्षा मिली हुई थी

सड़के हादसे में दुर्घटनाग्रस्त इनोवा गाड़ी।

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में वसुंधरा फ्लाईओवर के पास रविवार रात तकरीबन 12:00 बजे इनोवा कार डिवाइडर से टकरा गई। उसके बाद अनियंत्रित कार वहां खड़े कई अन्य वाहन से भी टकराई। कार में चार लोग सवार थे। जिसमें दो पुलिसकर्मी सवार थे। कार में सवार दिल्ली और यूपी पुलिस के कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। वहीं कार में सवार बिल्डर और ड्राइवर घायल हो गए।

गाजियाबाद में इंदिरापुरम थाना प्रभारी जितेंद्र दिखित ने बताया कि एक इनोवा कार जिसमें चार लोग सवार थे। वह थाना क्षेत्र के वसुंधरा में डिवाइडर से टकरा गई। उसके बाद कार अनियंत्रित होकर वहां खड़े अन्य वाहनों से भी टकरा गई। कार में चार लोग सवार थे। जिसमें एक यूपी पुलिस का कॉन्स्टेबल जयवीर सिंह राघव और दिल्ली पुलिस में कॉन्स्टेबल जय ओम शर्मा भी थे। जिनकी मौत हो गई। वहीं कार में सवार बिल्डर निखिल चौधरी और उनके ड्राइवर घायल हो गया। दोनों कॉन्स्टेबल बिल्डर निखिल चौधरी की सुरक्षा में तैनात थे। निखिल चौधरी के पिता की हत्या हो गई थी। जिस कारण से निखिल को यह सुरक्षा मिली हुई थी। हादसा किन कारणों से हुआ। इसकी जांच चल रही है। ड्राइवर और निखिल चौधरी से इस बारे में पूछताछ की जा रही है। कार हादसा तेज गति या नींद की झपकी या कोई अन्य कारण था। जिससे यह हादसा हुआ। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि रविवार रात थाना इन्द्रापुरम पुलिस को सूचना मिली कि वसुन्धरा फ्लाई ओवर के नीचे एक इनोवा कार डिवाइडर से टकराकर एक्सीडेंट हुई है। जानकारी करने पर पता चला कि कार में 4 लोग सवार थे। जिसमें निखिल चौधरी उसके दो गनर यूपी पुलिस का कॉन्स्टेबल जगबीर राघव दिल्ली पुलिस का कॉन्स्टेबल जय ओम शर्मा और ड्राइवर मनोज शर्मा सवार थे। पुलिस ने तत्काल ही घटनास्थल पर जाकर चेक किया, तो दोनों पुलिसकर्मी घायल अवस्था में थे। उनको अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

खंभे से टकराई बाइक, चालक ने तोड़ा दम

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता गांव के पास 130 मीटर रोड पर तेज गति में आ रहा बाइक सवार संतुलन खो बैठा। अनियंत्रित बाइक सडक किनारे खंभे से जा टकराई इस हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली थी तिलपता गांव के पास 130 मी रोड पर एक बाइक सवार युवक सडक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस तुरंत घायल को अस्पताल लेकर पहुंची। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जनपद बदायूं निवासी अमित यादव पुत्र धीरेंद्र सिंह के रूप में हुई। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अमित यादव तेज गति में बाइक से आ रहा था इस दौरान वह अचानक संतुलन खो बैठा और अनियंत्रित बाइक खंभे से टकरा गई इस हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अमित यादव गंभीर रूप से घायल हो गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

संक्षिप्त समाचार

शारदा यूनिवर्सिटी में शटरिंग गिरने के बाद राहत बचाव में जुटे लोग।

शारदा यूनिवर्सिटी हादसे में दूसरे मजदूर की मौत

नोएडा। नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी में शटरिंग गिरने के दौरान घायल हुए दूसरे मजदूर की भी मौत हो गई है। इस हादसे में अब तक दो मजदूरों की मौत हो चुकी है। बीते दिनों शारदा यूनिवर्सिटी में अचानक शटरिंग गिरने के कारण कई मजदूर घायल हो गए थे। घायल मजदूरों को उपचार के लिए शारदा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान झारखंड निवासी जब्बार की मौत हो गई थी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए मोहम्मद शमशाद पुत्र कासिम 22 वर्ष का उपचार शारदा अस्पताल में चल रहा था। देर रात उपचार के दौरान मोहम्मद शमशाद की भी मौत हो गई। शटरिंग गिरने के कारण हुए हादसे में दो मजदूरों की मौत से उनके परिजनों तथा अन्य मजदूरों में खास रोज व्याप्त है। परिजनों का आरोप है कि निर्माण अधीन स्थल पर सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे जिस कारण हादसे में दो मजदूरों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

फ्लैट में मिला साफ्टवेयर डेवलपर का शव

गाजियाबाद। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र अंतर्गत वैभव खण्ड कॉलोनी में स्थित एक फ्लैट में रहने वाले 52 वर्षीय सॉफ्टवेयर डेवलपर पीजे देव प्रथा का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूत्रों के अनुसार जिस समय पुलिस मौके पर पहुंची उस समय उस फ्लैट के अंदर से बदबू आ रही थी। पुलिस के मुताबिक उक्त घटना की सूचना मृतक के पड़ोसियों ने दी थी। शव को देखकर ऐसा लग रहा था कि सॉफ्टवेयर डेवलपर की मौत कई दिन पहले हुई होगी। इस घटना के संदर्भ में एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि पुलिस सॉफ्टवेयर डेवलपर की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिये उसके शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर हर एंगिल पर जांच कर रही है।

छत से गिरकर सिक्योरिटी गार्ड समेत दो की मौत

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में अलग-अलग स्थान पर सिक्योरिटी गार्ड सहित दो लोगों की छत से गिरने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नोएडा के थाना ईकोटेक तीन प्रभारी सरिता सिंह ने बताया कि ग्राम सैनी निवासी 52 वर्षीय भूप सिंह आम्रपाली सफारी सोसाइटी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते थे। रविवार की रात वह चौथी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका पुत्र संदीप उन्हें गंभीर स्थिति में यथार्थ अस्पताल लेकर पहुंचा और उन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया। उपचार के दौरान भूप सिंह की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने इस मामले में किसी की भी लापरवाही नहीं बताते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके अलावा थाना बिसरख क्षेत्र के इको विलेज सोसायटी के एक फ्लैट की बालकनी से संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिरने के कारण 31 वर्षीय संदीप कुमार पुत्र कुंदन की मौत हो गई। रविवार रात संदीप कुमार के परिजन उसे गंभीर स्थिति में यथार्थ अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संदीप कुमार एक निजी कंपनी में कार्यरत था।

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस.वे तीन सौ मीटर फेसिंग चोरी

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में थाना दादरी क्षेत्र के बील अकबरपुर गांव के पास चोरों ने ईस्टर्न पेरिफेरल पर सुरक्षा के लिए लगाई गई करीब 300 मीटर चैन लिंक फेंसिंग को चोरी कर लिया। चोरी की गई चैन लिंक फेंसिंग की कीमत लाखों रुपये बताई जाती है। इस संबंध में एनसीआर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड की कार्यदायी संस्था के मैनेजर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। एजिस रोड ऑपरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के कॉरिडोर एवं इंसिडेंट मैनेजर उमेश कुमार शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास अनुरक्षण एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंप गई थी।

भूटानी और ग्रुप-108 में 200 लोगों ने खपाया ब्लैक मनी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● 500 करोड़ रुपये के अघोषित लेनदेन, 5 करोड़ का कैश और ज्वेलरी मिली, आज खुलेंगे लॉकर

नोएडा में चार बिल्डरों की सर्च में इनकम टैक्स विभाग को बड़ा ब्रेक मिला है। भूटानी और ग्रुप.108 में करीब 500 करोड़ के अघोषित लेनदेन मिले है। दस्तावेजों में टैक्स चोरी के अमाउंट को कैलकुलेट किया जा रहा है। इसके अलावा 5 करोड़ रुपए के आसपास की ज्वेलरी और कैश बरामद की गई है। इसके बारे में जानकारी की जा रही है।

वहीं 200 से ज्यादा लोगों के नाम सामने आए है जिन्होंने ब्लैक मनी को इन दोनों बिल्डर के यहां खपाई है। ये लोग भी अब इनकम टैक्स की रडार पर आ चुके है। मनी लॉन्ड्रिंग की जानकारी अब तक नहीं मिली है। लेकिन इस एंगल पर भी पूछताछ और दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। इनकम टैक्स ने गुरुवार को नोएडा, दिल्ली, फरीदाबाद में 37 ठिकानों पर सर्च शुरू की गई थी, जो रविवार को अब घटकर 30 स्थानों पर पहुंच चुकी है। इसमें नोएडा में अब 16 और दिल्ली में 14 लोकेशन पर सर्च की जा रही है।

सर्च का चौथे दिन टैक्स चोरी, ब्लैक मनी खपाने और एक लंबी ट्रेल मिली है। इसकी उम्मीद इनकम टैक्स विभाग को थी। अभी दो दिनों तक सर्च और जारी रहेगी। वहीं कई और बिल्डरों के यहां भी ब्लैक मनी खपाने के संकेत मिले है। जिनके दस्तावेजों की जांच भी चल रही है। अब बिल्डरों के एग्रीमेंट और सेल परचेज के मिले दस्तावेजों के आधार पर पूछताछ की जा रही है। दस्तावेजों से स्पष्ट होता जा रहा है कि लॉजिक्स ग्रुप कॉमर्शियल स्पेस को बड़े पैमाने पर बेचने का ठेका भूटानी ग्रुप की ओर से लिया गया है। इसमें सभी की हिस्सेदारी तय है।

इस सर्च में आयकर विभाग के 400 से ज्यादा कर्मी और अधिकारी लगे है। नोएडा और दिल्ली में कई लोकेशन पर लॉकर मिले है। इसको खोलने के लिए कहा गया है। सोमवार को इन लॉकर को खोला जाएगा। इनकी संख्या काफी ज्यादा है। बताया गया कि इन लॉकर में भी ब्लैक मनी खपाने के दस्तावेज या कैश मिल सकता है। फिलहाल जैसे जैस सर्च बढ़ती जा रही है कई अहम साक्ष्य अफ सरों को मिल रहे है। भूटानी ग्रुप की दो कंपनियां है। पहली भूटानी इंफ्रा। दूसरी ग्रुप108 है। इन दोनों से ही 500 करोड़ के अघोषित लेनदेन की जानकारी मिली है।

बैंक में काम करने वाली युवती के साथ बलात्कार

नोएडा। थाना सेक्टर 39 में एक बैंक मे काम करने वाली युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक उसके साथ बैंक में ही काम करने वाला युवक उसके जन्मदिन पर जबरन बलात्कार किया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि निजी बैंक में काम करने वाली युवती ने बीती रात रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें युवती ने नितिन कुमार पर जन्मदिन की पार्टी के बाद बलात्कार करने और धमकी देने का आरोपी लगाया गया कि अगर पुलिस से शिकायत करोगी तो तुम्हारी हत्या कर दी जाएगी।

सुपरटेक की बिल्डिंग से गिरकर मिस्त्री की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● परिजनों ने ठेकेदार व कंपनी के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया

ग्रेटर नोएडा के थाना रबूपुरा क्षेत्र में बन रही सुपरटेक बिल्डर की निर्माणाधीन इमारत की 13वीं मंजिल से गिरकर राजमिस्त्री की मौत हो गई। राजमिस्त्री की मौत के बाद परिजनों ने ठेकेदार व सुपरटेक कंपनी के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना रबूपुरा में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम निलोनी निवासी रमेश कुमार ने बताया कि वह और उसका भाई सुरेश चंद रबूपुरा क्षेत्र के सेक्टर.22 डी में बन रही सुपरटेक बिल्डिंग गोल्फकंट्री में राजमिस्त्री का काम करता था। 7 जनवरी को सुरेश सी वन टावर के 13वें फ्लोर पर काम कर रहा था। इस दौरान सुपरटेक कंपनी के कर्मचारियों ने जल्दी.जल्दी काम करने का दवाब बनाना शुरू कर दिया। सुरेश चंद जिस शाफ्ट में काम कर रहा था वहां ग्रिल को सही तरीके से नहीं लगाया गया था। इस कारण उसका भाई अचानक 13वीं मंजिल से नीचे आ गिरा।

सुरेश को गंभीर स्थिति में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों से मृत घोषित कर दिया। रमेश कुमार के मुताबिक कंस्ट्रक्शन साइट पर कंपनी के सुपरविजन स्टाफ ने मजदूरों को कोई भी सेफ्टी बेल्ट हेलमेट आदि नहीं दे रखे थे। इसके अलावा कंस्ट्रक्शन साइट पर सुरक्षा जाल भी नहीं लगवाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करा रहे साइन दीप कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक बीसी गुप्ता एवं सुपरटेक कंपनी के अधिकारी तथा कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से उसके भाई की मौत हुई है।

ड्यूटी से गायब 28 पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

● नोएडा की पुलिस कमिश्नरने 6 दरोगा, 15 हेड कांस्टेबल और 7 आरक्षियों को लाइन हाजिर किया

पायनियर समाचा सेवा। नोएडा

नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह।

नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने लापरवाह पुलिस कर्मचारियों को सबक सिखाते हुए 6 दरोगा, 15 हैड कांस्टेबिल तथा 7 आरक्षियों को लाइन जाहिर कर दिया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह ने सोमवार की सुबह साढ़े नौ बजे से 11 बजे के बीच यातायात पुलिस के ड्यूटी प्वाइंट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लिंक स्टेडियम चौक, राय रेजिडेंसी, अट्टा चौक, एडोब चौक, सेक्टर.49, 100, 105 व 107 चौक इत्यादि ड्यूटी प्वाइंट पर यातायात कर्मी उपस्थित नहीं मिले। जिस पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए 6 उपनिरीक्षक, 15 हैड कांस्टेबल तथा 7 आरक्षियों को ड्यूटी से गैरहाजिर होने एवं अनुशासनहीनता बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी यातायात व सहायक पुलिस आयुक्त पवन कुमार व राजीव कुमार गुप्ता को समय करीब साढ़े दस बजे तक अपने क्षेत्र में उपस्थित नहीं मिलने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

चोरी की बाइक पर ट्रक का फर्जी नंबर लगाया

नोएडा। नोएडा थाना.39 पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की बाइक व चाकू बरामद हुआ है। चोरी की बाइक पर ट्रक का फर्जी नंबर था।

थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर.98 कट के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार पुलिस को देखकर भाग निकला संदेह के आधार पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम सोनू हालदार पुत्र मधु हालदार निवासी छालेरा बताया।

फोनरवा चुनाव में योगेंद्र शर्मा ने मारी हैट्रिक

फोनरवा चुनव में जीत के बाद माला पहनें योगेंद्र शर्मा व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

फोनरवा चुनाव में अध्यक्ष पद पर योगेंद्र शर्मा ने तीसरी बार जीत हासिल की। पैनल ने दूसरी बार चुनाव जीता। पैनल में सबसे ज्यादा 155 वोट योगेंद्र शर्मा को मिले। दूसरे नंबर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी अशोक मिश्रा को 151 वोट मिले। चुनाव में 227 में से 225 वोट पड़े। 43 में से 21 प्रत्याशियों की जीत की घोषणा की गई।

अध्यक्ष पद पर योगेंद्र शर्मा ने 155 वोट प्राप्त कर प्रतिद्वंदी राजीव गर्ग को 89 मतों से शिकस्त दी। राजीव गर्ग को 66 मत मिले। महासचिव पद पर केके जैन ने हैट्रिक बनाकर 130 वोट हासिल किए। उन्होंने सुखदेव शर्मा को 46 मतों से हराया। महासचिव पर राजीव चौधरी छह मत लेकर तीसरे स्थान पर रहे।कोषाध्यक्ष पद पर पवन यादव ने 143 मत लेकर ओमवीर बंसल को 68 मतों से हराया।

राजीव गर्ग पैनल में सर्वाधिक 95 मत वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी जेपी उप्पल और दूसरे नंबर पर संयुक्त सचिव पद के प्रत्याशी रहे गौरव यादव को 91 वोट मिले। फोनरवा के दो वर्ष का कार्यकाल 31 जुलाई 2023 को समाप्त हो गया था। लेखा जोखा पूरी नहीं होने की वजह से फोनरवा के पदाधिकारियों का कार्यकाल तीन महीने के लिए ओर बढ़ा दिया गया था। अक्टूबर के अंतिम तीसरे सप्ताह में चुनाव की घोषणा की गई और चौथे सप्ताह में चुनाव कार्यक्रम जारी किया था। पूर्व में 19 नवंबर 2023 को चुनाव कराने की घोषणा की गई थी।

बोर्ड बैठक में बजट का पूरक प्रस्ताव होगा पेश

गाजियाबाद। नगर निगम बोर्ड की बैठक होने जा रही है। कार्यकारिणी बोर्ड की बैठक में दो तरह के प्रस्ताव भेजे गए है। प्लान है कि नगर निगम बोर्ड की बैठक में पहले खास प्रस्ताव पेश किये जाएंगे। जिनमें कई विकास योजनाओं का प्लान लागू किया जाएगा। नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में पूरक बजट के लिए प्रस्ताव एकाउंट विभाग की और से तेयार किया जाएगा। इसके लिए भी बजट के पूरक प्रस्ताव के प्लान को भी प्रत्येक पार्षदों को भेजा गया है। निगम के एकाउंट विभाग के पार्षदों को डेटा दिया गया है।

पेंशन बहाली की मांग को लेकर रेलकर्मियों ने शुरू किया अनशन

गाजियाबाद। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर नार्दन रेलवे मैन्स यूनियन, कोर्डिनेशन कमेटी व पुरानी पेंशन योजना बहाली मंच के आहवाहन पर गाजियाबाद शाखा के रेलवे कर्मियों ने गाजियाबाद रेलवे स्टेशन स्थित लोको लॉबी पर क्रमिक अनशन शुरू किया। पहले दिन कोर्डिनेटर लोकेन्द्र सिंह, अध्यक्ष पहलवान विजय चौधरी, सचिव स्वतंत्र यादव के नेत्रत्व में रेल कर्मियों ने सुबह नौ बजे से धरना शुरू किया। लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि यह आंदोलन कर्मचारियो के हित का है। रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों का एकमात्र सहारा पेंशन है, सरकार की नैतिक जिम्मेदरी है कि वो अपने उन कर्मचारियों को जिन्होंने अपने जीवन को सरकार की सेवा करते बिताया, उनके रिटायर होने पर वह सम्मान जनक जीवन जी सके उसकी व्यवस्था करें।

नोएडा में क्रिकेट की पिच पर निकला इंजीनियर का दम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर 135 में क्रिकेट ग्राउंड पर मैच खेलने के दौरान रन लेने के लिए भाग रहा इंजीनियर अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। साथी खिलाड़ी उसे उपचार के लिए जेपी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकत्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है।

उत्तराखंड निवासी 36 वर्षीय विकास पुत्र सत्येंद्र नोएडा की एक कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। रविवार को वह अपने साथियों के साथ नोएडा के सेक्टर 135 के क्रिकेट ग्राउंड में क्रिकेट मैच खेल रहा था। इस दौरान रन लेते समय वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। साथी खिलाड़ी उसे तुरंत नजदीक के जे पी अस्पताल लेकर पहुंचे। परीक्षण के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने आशंका जताई कि संभवत हार्ट अटैक की वजह से उसकी मौत हुई है। थाना प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। खेलते समय विकास की आकस्मिक मौत से उसके परिजन व साथी हैरान है।

पत्नी ने हथौड़ी मारकर पति की हत्या की

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● पति के चरित्र पर शक को लेकर हुए विवाद के बाद क्रोधित पार्वती ने कर दिया हमला

सांकेतिक फोटो

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गांव रोजा जलालपुर में एक महिला को अपने पति के चरित्र पर शक हुआ। जिसके बाद दोनों थोड़ी सी बहस हुई। इस बहस के दौरान पति ने एक छोटी सी बात कह दी, जिसे सुनकर पत्नी ने अपने पति के सिर में हथौडी से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट आने की वजह से शख्स की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज करके हत्यारोपी पत्नी को जेल भेज दिया है।

ग्रेटर नोएडा की बिसरख पुलिस के अनुसार, मूल रूप से हमीरपुर के गांव माचा के रहने वाले कामता राजमिस्त्री था। वह रोजा जलालपुर गांव में पत्नी पार्वती के साथ किराये पर रहता था। रविवार, 7 जनवरी की सुबह कामता की अपनी पत्नी पार्वती के साथ कहासुनी हो गई।

कहासुनी की वजह पति के चरित्र पर शक होना था। बताया जाता है कि पार्वती ने अपने पति कामता से कहा कि तुम्हारे किसी और महिला के साथ संबंध है। यह बात कामता को नागवार गुजरी और उसने पार्वती से कहा कि अपने काम से काम रखो ज्यादा दिमाग पर मत चलाओ। यह सुनते ही पार्वती आग बबूला हो गई और अपने पति कामता पर हथौड़ी से हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से कामता गंभीर रुप से घायल हो गया।

उपचार के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने कामता को मृत घोषित कर दिया। कामता के परिजनों की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी पत्नी पार्वती को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

दो घरों में चोरों ने लगाई सेंध

नोएडा। नोएडा के अलग.अलग स्थान पर चोरों ने दो घरों में चोरी की दो वारदातों को अंजाम दिया। चोर जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर ले गए। ग्राम चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर. 22 में रहने वाले मोहित बैरागी ने वह 6 जनवरी की रात्रि को अज्ञात चोरों ने उनके घर से लाखों रुपए के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर 24 पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। इसके अलावा थाना बिसरख क्षेत्र के विकास एनक्लेव ओल्ड हैबतपुर में रहने वाले मनीष चौरसिया ने पुलिस से की शिकायत में बताएं कि वह बीते दिनों अपनी नाइट ड्यूटी पर चला गया था इस दौरान चोरों ने उसके घर में घुसकर दो गैस सिलेंडर दो छोटे सिलेंडर सगाई के कपड़े मेकअप का सामान ग्राइंडर मशीन ड्रिल मशीन मिक्सर मशीन बैग आदि चोरी कर लिया।

दहेज नहीं देने पर ससुराल वाले दे रहे दूसरी शादी की धमकी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के थाना दादरी में एक विवाहिता ने अपने ससुरालवालों के खिलाफदहेज के लिए उत्पीड़न करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करा है। पीड़िता का कहना है कि ससुराल वाले उसे धमकी दे रहे हैं कि अगर वह मायके से 10 लाख रुपये नहीं लेकर आई तो वह अपने बेटे की दूसरी जगह शादी कर देंगे।

ग्रेटर नोएडा के ही थाना जारचा में भी एक विवाहिता ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज के लिए उत्पीड़न करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना दादरी में दर्ज कराई रिपोर्ट में साजिया काल्पनिक नाम में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2013 में उत्तरांचल एनक्लेव कमालपुर बुराड़ी, दिल्ली निवासी इमरान के साथ हुई थी।

सांकेतिक फोटो

शादी के समय उसके पिता ने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था, लेकिन इससे ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने उस पर मायके से 10 लाख रुपये नगद और स्कॉर्पियो गाड़ी लाने का दबाव डालना शुरू कर दिया। उसके इनकार करने पर पति व ससुवाले उसका उत्पीड़न करने लगे। आए दिन उसके साथ मारपीट की जाती थी। ससुराल वालों के अत्याचारों से दुखी होकर अपने तीन बच्चों को लेकर अपने मायके चली आई। इस दौरान कई बार पंचायत हुई और समाज के सम्मानित लोगों के कहने पर वह एक बार फिर अपनी ससुराल वापस चली आई। पीड़िता के मुताबिक कुछ दिनों बाद उसके पति इमरान वह उसके परिजन उसे पर फिर मायके से पैसे लाने का दबाब बनाना शुरू कर दिया। वर्ष 2021 में उसे एक बार फिर मारपीट कर घर से निकाल दिया गया।

लोन चुकाने के लिए ससुरालवालों से मांगा दहेज

एक अन्य मामले में थाना जारचा में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके शादी वर्ष 2020 में ब्रह्मपुरी दादरी निवासी ऋषभ मिश्रा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसे पर 11 लाख रुपये मायके से लाने का दवाब बनाया जाने लगा। संजना के मुताबिक ससुराल वालों ने अपने मकान पर लोन ले रखा था। इस लोन को चुकाने के लिए वह उस पर मायके से पैसे लाने का दबाब बना रहे थे। उसके इनकार करने पर ससुसाल वाले उसके साथ मारपीट करने लगे। 20 अगस्त वर्ष 2023 को उसके साथ ससुरालवालों ने मारपीट की जिसके बाद वह किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग कर अपने घर आई। पीड़िता ने अपने पति ऋषभ मिश्रा, ससुर कृष्ण मिश्रा, सास सुनीता मिश्रा, देवर हर्ष मिश्रा तथा ननद महक मिश्रा के खिलाफ दहेज के लिए उत्पन्न करने का आरोपी मुकदमा दर्ज कराया है।

नियमित रूप से एंटीबायोटिक्स लेने से बढ़ सकता है पार्किंसन रोग का खतरा

आप में से बहुत से लोग एंटीबायोटिक्स दवाओं का सेवन करते होंगे। एंटीबायोटिक्स दवाएं वैसे आपकी सेहत के लिए बुरी नहीं हैं, लेकिन किसी भी चीज की अधिक मात्रा स्वास्थ्य के लिए बुरी है। ठीक इसी प्रकार एंटीबायोटिक्स हैं, यह बैक्टीरिया को मारकर रिकवरी को बढ़ावा देते हैं, लेकिन केवल तब ही जब यह एक विनियमित मात्रा में लिया जाता है। इनका अधिक एक्सपोजर आगे चलकर किसी व्यक्ति को पार्किंसन रोग होने की संभावना को बढ़ाता है।

हेलसिंकी विश्वविद्यालय, फिनलैंड के शोधकर्ताओं ने इस पर शोध किया और अपने निष्कर्ष पाया कि एंटीबायोटिक्स के अधिक सेवन से पार्किंसन रोग यानि तंत्रिका तंत्र से जुड़ा रोग हो सकता है। पार्किंसन रोग में रोगी के हाथ-पैर और शरीर कंपन होती है। शोधकर्ताओं की एक टीम ने पार्किंसन रोग के लगभग 14,000 रोगियों की मेडिकल रिपोर्ट की जांच की थी। जिसमें लगभग 40,000 स्वस्थ लोगों के साथ इस डेटा की तुलना करने पर, टीम ने पाया कि कुछ मौखिक एंटीबायोटिक दवाओं के सेवन से अच्छे आंत बैक्टीरिया को नुकसान पहुंचा है। जिससे पार्किंसन जैसे न्यूरोडीजेनेरेटिव विकारों का खतरा बढ़ गया। उनकी अंतिम रिपोर्ट 'मूवमेंट डिसऑर्डर' प्रकाशित भी हुई थी। इस मसले पर कुछ साल पहले हेलसिंकी यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल के सीनियर रिसर्चर फिलिप शेपरजंस ने कहा, 'हमारे नतीजे बताते हैं कि आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले कुछ एंटीबायोटिक्स, जो आंत के माइक्रोबायोटा को जोरदार तरीके से प्रभावित करने के लिए जाने जाते हैं। यह इसका एक कारक हो सकता है।'

फिलिप के अनुसार, इन दिनों अधिकांश बीमारियां आंत के स्वास्थ्य से जुड़ी हुई हैं। यदि आपकी आंत स्वास्थ्य सही नहीं है, तो आप कई बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। इस तरह न्यूरोडीजेनेरेटिव विकारों और उच्च एंटीबायोटिक जोखिम के बीच संबंध हो सकता है। कठोर मांसपेशियों, सुस्ती, हाथ-पैरों में कंपन और हिलाना इन विकारों के कुछ लक्षण हैं, जो विकार से बहुत पहले उत्पन्न होते हैं। पार्किंसन से जुड़ी पेट संबंधी अन्य समस्याएं कब्ज और आंत्र सिंड्रोम हैं। फिलिप शेपरजंस ने कहा, एंटीबायोटिक प्रतिरोध की समस्या के अलावा, एंटीमाइक्रोबियल प्रिस्क्राइबिंग को आंत माइक्रोबायोम और कुछ बीमारियों के विकास पर उनके संभावित लंबे समय तक चलने वाले प्रभावों को भी ध्यान में रखना चाहिए।' इस प्रकार, मामूली स्वास्थ्य समस्याओं के लिए एंटीबायोटिक दवाओं पर भरोसा नहीं करने की सलाह दी जाती है। शरीर को अपने आप ठीक होने दें, क्योंकि कई बार ये दवाएं आपको अन्य गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं के खतरे में डाल सकती हैं। डॉक्टर एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग को नियंत्रित करने की सलाह देते हैं, जब तक कि यह आवश्यक न हो और चिकित्सक द्वारा निर्धारित न किया जाए।

> हाल में हुए शोध के अनुसार, एंटीबॉयोटिक्स दवाओं का अधिक सेवन पार्किंसन से जुड़ा है। नियमित रूप से एंटीबायोटिक्स के सेवन से पार्किंसन का खतरा बढ़ता है।

आपकी आंत स्वास्थ्य सही नहीं है, तो आप कई बीमारियों के शिकार हो सकते हैं।

शोध

चाय-कॉफी नहीं सर्दी में इन पांच तरीकों से पीएं दूध, सुधरेगी सेहत

सर्दी के मौसम में अक्सर लोग खुद को गर्म रखने के लिए चाय या कॉफी ज्यादा पीते हैं। भारत के ज्यादातर हिस्सों में दूध वाली चाय या कॉफी ही पी जाती है। ज्यादा मात्रा में चाय और कॉफी आपके शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकती है। इसके अलावा चाय या कॉफी के साथ रिफाइंड चीनी मिलाकर पीने से आपको कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं। सर्दियां सेहत बनाने के लिए बेस्ट मौसम है। इस मौसम में गर्माहट और ताजगी पाने के लिए जरूरी नहीं कि आप चाय या कॉफी ही पीएं, बल्कि अलग-अलग तरीकों से दूध पीकर भी आप खुद को तरो-ताजा रख सकते हैं। खास बात ये है कि दूध काफी हेल्दी होता है। मगर हम आपको बता रहे हैं ऐसे पांच तरीके, जिनसे आप दूध को और ज्यादा पौष्टिक बना सकते हैं। सर्दियों के दौरान दिन में 2-3 बार एक-एक कप दूध इन तरीकों से पीने पर आपकी सेहत में बहुत सुधार आएगा और आपको सभी जरूरी पोषक तत्व भी मिलेंगे।

2 खजूर के साथ एक कप दूध: खजूर को सुपरफूड माना जाता है। खजूर में ढेर सारे पोषक तत्व होते हैं, जो आपके पूरे शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। खजूर में आयरन की मात्रा अच्छी होती है और नेचुरल शुगर होने के कारण इसका मीठापन आपको नुकसान नहीं पहुंचाता है। इसलिए सर्दी में जब भी आपको लगे कि आप दोबारा एनर्जी पाने की जरूरत है, तो आप दो खजूर खाकर एक कप दूध पी सकते हैं। इससे आपके शरीर में तुरंत एनर्जी आएगी। इसके अलावा आप चाहें तो अपने साथ सूखे खजूर (छुआरे) का पाउडर भी रख सकते हैं। इसे दूध में मिलाकर पी सकते हैं।

हल्दी डालकर पीएं : हल्दी में एक खास तत्व होता है, जिसे कर्क्युमिन कहते हैं। ये तत्व आपके शरीर को कैंसर, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से बचाता है। इसके अलावा हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेट्री गुण भी होते हैं। सर्दियों में आपके लिए हल्दी वाला दूध पीना बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसे आप सुबह ब्रेकफास्ट में, शाम को स्नेक्स के साथ और रात में सोने से पहले पी सकते हैं।

नट्स का पाउडर डालकर पीएं दूध : अपने मनपसंद नट्स जैसे- काजू, बादाम, पिस्ता, अखरोट आदि को पीसकर एक एयर टाइट कंटेनर में रख लें। अब जब भी आपको थकान या नींद से छुटकारा चाहिए, तुरंत एक कप या एक ग्लास दूध में 2-3 चम्मच नट्स पाउडर मिलाकर पी लें। नट्स के एंटीऑक्सीडेंट्स आपके शरीर को स्वस्थ भी रखेंगे और आपकी बॉडी भी बनाएंगे।

> सर्दी के मौसम में बार-बार चाय और कॉफी पीने की आदत सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। इसकी जगह आप इन पांच तरीकों से दूध पीएंगे, तो आपको ज्यादा लाभ मिलेंगे।

अदरक वाला दूध

सर्दी-जुकाम होने पर अक्सर इससे राहत पाने के लिए लोग अदरक वाली चाय पीते हैं। मगर यदि आप चाहें तो आप चाय के बजाय अदरक वाला दूध भी पी सकते हैं। अदरक में एक खास तत्व जिंजेरॉल होता है, जो आपको कई बीमारियों से बचाता है। अदरक की तासीर गर्म होती है। अदरक

वाला दूध बनाने के लिए थोड़ा सा अदरक कूटकर दूध में मिलाएं और उबाल आने तक दूध को पकाएं। इसके बाद छानकर पी लें। रोजाना रात में ऐसा करने पर आपका पेट सुबह साफ रहेगा और आपको जुकाम-खांसी की समस्या नहीं होगी।

सीड्स पाउडर के साथ दूध

नट्स पाउडर की ही तरह आप कुछ हेल्दी सीड्स को पीसकर भी इसका पाउडर बना सकते हैं। कई तरह के सीड्स हैं, जिन्हें सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा अच्छी होती है, जैसे-कद्दू के बीज (Pumpkin Seeds), सूरजमुखी के बीज (Sun Flower Seeds), अलसी के बीज, चिया के बीज आदि। इन सभी को बराबर मात्रा में मिलाकर पीस लें और दूध पीते समय इसमें दो चम्मच डालकर पीएं। इससे दूध का टेस्ट भी बढ़ जाएगा और पोषक तत्व भी कई गुना ज्यादा बढ़ जाएंगे।

कई रोगों में लाभकारी है बेलपत्र जानिए इसके बेमिसाल 11 फायदे

बेलपत्र के बारे में तो आप जानते ही होंगे, लेकिन अगर आप समझते हैं कि इसका इस्तेमाल केवल शिवलिंग पर चढ़ाने व पूजा में किया जाता है तो आप गलत सोच रहे हैं। दरअसल, बेलपत्र का इस्तेमाल कई रोगों को मिटाने के लिए जड़ी बूटी के तौर पर भी किया जाता है। आइए, जानते हैं बेलपत्र के इस्तेमाल से होने वाले 11 बेमिसाल फायदे।

01 बेल के रस को हल्के गुनगुने पानी में मिलाएं और इसमें शहद की कुछ बूंदें डालें। इस घोल का नियमित सेवन करने से खून साफ होने में मदद मिलती है।

02 कहते हैं कि बेलपत्र की मदद से सफेद दाग भी ठीक होते हैं। बेल के गूदे में सोरलिन नामक तत्व पाया जाता है, जो त्वचा की धूप सहने की क्षमता बढ़ाता है, साथ ही इसमें कैरोटीन भी पाया जाता है, जो सफेद दाग हल्के करने में मदद करता है।

03 बेलपत्र पित्त की समस्या, खुजली और त्वचा के दाग-छब्बों को भी दूर करने में सहायक है। इसके लिए बेल के रस में जीरा मिलाकर पीएं।

04 सिर और बालों से संबंधित समस्या को भी बेलपत्र की सहायता से दूर किया जा सकता है। इसके लिए बेल के पके हुए फल के छिलके लें, उन्हें साफ करके उनमें तिल का तेल और कपूर मिलाएं। अब इस तेल को रोजाना सिर में लगाएं, इससे सिर में जूं खत्म होने के अलावा अन्य समस्याओं में भी फायदा होता है।

05 बेलपत्र बालों को झड़ने से रोकने में भी मददगार है। इसके लिए रोजाना एक बेल के पत्ते को धोकर खा सकते हैं। जल्द ही आपको फर्क दिखना शुरू हो जाएगा।

06 अगर बेल के पके फल को शहद और शकर मिलाकर खाया जाएं, तो खून साफ होने में मदद मिलती है।

07 शरीर से आ रही दुर्गंध को खत्म करने के लिए भी बेलपत्र का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए बेल के पत्तों का रस पूरे शरीर पर लगाकर कुछ देर रखें फिर एक घंटे बाद नहा लें।

08 मुंह के छाले ठीक करने के लिए पके हुए बेल के गूदे को पानी में उबाल कर ठंडा कर लें। अब इस पानी से कुल्ला करें।

09 बेलपत्र का काढ़ा नियमित पीने से दिल मजबूत रहता है और हार्ट अटैक की आशंका कम होती है।

10 बेल पत्तियों का रस बनाकर नियमित रूप से सेवन करने से सांस से जुड़ी बीमारियों में लाभ होता है।

11 तेज बुखार होने पर बेलपत्र का काढ़ा पीने से राहत मिलती है।

शहद और आंवले का मिश्रण बनाएं और 5 गजब के फायदे पाएं

शहद और आंवला दोनों ही सेहत और सौन्दर्य गुणों से भरपूर होते हैं। इन दोनों का ही सेवन आपके लिए बेहद लाभकारी होता है। शहद और आंवले का मिश्रण तैयार करके इन्हें साथ में लेने से इसके फायदे दोगुने हो जाते हैं। आइए, जानते हैं शहद और आंवले का मिश्रण कैसे तैयार कर सकते हैं?

किसी जार को आप आधा शहद से भर लीजिए और फिर इसमें कुछ आंवले डालकर ढक्कन बंद कर दें। इस जार को कुछ दिन ऐसे ही छोड़ दें। कुछ दिनों बाद आप पाएंगे कि बिलकुल घर में बने मुरब्बे जैसा मिश्रण तैयार हो चुका है। अब हम आपको बताते हैं कि शहद और आंवले के मिश्रण को किस प्रकार इस्तेमाल करने से आपको लाभ मिल सकते हैं।

- इस मिश्रण को बालों में लगाने से बाल सुंदर, मुलायम और मजबूत होने लगते हैं। आप इस मिश्रण को कंडीशनर के तौर पर भी बालों में लगा सकते हैं।
- शहद और आंवले के मिश्रण का नियमित रूप से सेवन करने पर आपको सौंदर्य फायदे मिलते हैं, जैसे चेहरे से झुर्रियों और फाइन लाइन मिटने लगती है और बढ़ती उम्र का प्रभाव चेहरे पर नहीं मालूम पड़ता।
- शहद और आंवले के मिश्रण का नियमित रूप से सेवन करने पर लिवर स्वस्थ रहता है।
- इस मिश्रण के सेवन से एसिडिटी से राहत मिलती है। भूख बढ़ती है और पाचन में भी मदद मिलती है।
- इसकी मिश्रण की एक बड़ी चम्मच खाने से सर्दी, खांसी और गले में खराश से जल्द राहत मिलती है और संक्रमण दूर होते हैं।

आठ घंटे बैठे रहने से याददाश्त कमजोर होती है

तीन घंटे खड़े रहें, इससे लंबा जीवन जीने में मदद मिलती है

ऑफिस में लंबी सिटिंग इन दिनों आम बात हो गई है। चाहे दफ्तर हो या रिमोट वर्किंग, वयस्क काम के दौरान आठ घंटे तक गतिहीन होकर एक ही जगह बैठे-बैठे बिता रहे हैं। लंबे समय तक बैठे रहने का असर अब लोगों के दिमाग पर पड़ने लगा है। इससे याददाश्त कमजोर होती है, जिससे कई बार आप कई जरूरी बातें भूल जाते हैं।

हाल ही में हुए एक शोध में सामने आया कि ऐसे लोगों को दिन में करीब 3 घंटे तक खड़े रहना जरूरी है। इससे लंबा जीवन जीने में मदद मिलती है। शोध के अनुसार खड़े रहने से ब्लड में शुगर का स्तर कम होता है। दिल की बीमारी का जोखिम कम हो जाता है और उन लोगों की तुलना में कम तनाव और थकान होती है, जो आठ घंटे या उससे ज्यादा समय तक बैठे रहते हैं।

न्यूयॉर्क के ग्लोबल वेलबीइंग लीड के माइलार्ड हॉवेल बताते हैं कि लगातार बैठे रहने से समय के साथ मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त पर नकारात्मक असर पड़ता है। खड़े होने से न्यूरल एजिंग के मुद्दों से लड़ने में मदद मिल

सकती है, जैसे मेडियल टेम्पोरल लोब बिगड़ना, जो दिमाग का वह क्षेत्र है, जिसमें मेमोरी होती है।

बैठे रहने से पैरों में अपंगता तक आ सकती है

इसके अलावा लंबे समय तक बैठने से शरीर के सभी हिस्सों में रक्त का संचार प्रभावित होता है। मस्तिष्क में रक्त का संचार ठीक ढंग से न होने पर दिमाग की कोशिकाओं में ऑक्सीजन व पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। लेकिन लंबे समय तक एक जगह पर टिककर बैठे रहने से यह पूरी प्रक्रिया प्रभावित होती है। इसका असर हमारे पैरों पर भी पड़ता है। एक ही स्थिति में बैठे रहने से पैरों में अपंगता तक आ सकती है।

आधे घंटे में 2 मिनट उठकर टहलना बेहद जरूरी

दिमाग की सेहत बनाए रखने के लिए व्यक्ति को हर आधे घंटे में दो मिनट के लिए जरूर उठकर टहलना चाहिए। ऐसा करने से दिमाग में रक्त का संचार बढ़ जाता है। इससे ब्रेन व्यक्ति को चीजों की पहचान करने में मदद करता है।

बच्चे की असफलता नहीं, कोशिश पर ध्यान दें

आजकल के पेरेंट्स बच्चों को बिना जरूरत के ही सभी सुविधाएं मुहैया करवा रहे हैं। वे बच्चों पर हमेशा अच्छी रैंक से पास होने के लिए दबाव भी बनाते हैं। इस तरह की हेलिकॉप्टर पेरेंटिंग से बच्चे चिंता और अवसाद का शिकार हो रहे हैं, लेकिन हाल ही में हुई एक रिसर्च में सामने आया कि असफलता बच्चों के लिए अच्छी होती है।

पेरेंट्स बच्चों को असफलता पर जज न करें

चाइल्ड माइंडसेट के क्लीनिकल साइकॉलिजिस्ट डेविड एंडरसन का कहना है कि बच्चों के लिए असफलता बहुत कॉमन है। बच्चों की क्षमताएं परखे बगैर उन्हें जज करने की आदत से वे मानसिक रोगी बन रहे हैं। नतीजा यह है कि वे फेल होने से डरने और डटकर मुकाबला करने की बजाय इससे बचते नजर आ रहे हैं। लिहाजा, बच्चों की कठिनाई दूर करने के लिए उनपर ध्यान देना चाहिए।

जिंदगी में फेलियर जरूरी सक्सेस के प्रेशर से वे डिप्रेशन में जा सकते हैं

फेलियर नहीं, कोशिश पर ध्यान दें

जब बच्चा एक कागज पर फेल के साथ घर आता है, तो उसके साथ कुछ समय बिताएं, ताकि आप अपनी प्रतिक्रिया देने से बच सकें। तत्काल सजा या उनकी विफलता आपको कैसा महसूस कराती है, इसकी अभिव्यक्ति की बजाय, उनके विचारों को जानें। असफलता क्या सिखा सकती है, इसके बजाय बच्चे ने कैसा प्रदर्शन किया, इस पर ध्यान केंद्रित करने से निश्चित मानसिकता पैदा होती है।

बच्चों के मामले में दोषारोपण के खेल से बचें। संघर्ष को दूर करने के लिए बिना जाने मदद के लिए

कदम न बढ़ाएं। यदि आप देखते हैं कि बच्चे को किसी प्रोजेक्ट में कठिनाई हो रही है, या वह असमर्थता व्यक्त कर रहा है, तो बस दूर से देखें। तब तक मदद न करें, जब तक वे स्पष्ट रूप से मदद न मांगे।

बच्चों को संघर्ष से बचाने की जगह उनके साथ खड़े रहें

एंडरसन कहते हैं, छोटे बच्चों के लिए यह महत्वपूर्ण होता है कि आप उसे संघर्ष करते देख रहे हैं। समस्याओं के समाधान के लिए बिना सोचे-समझे उसकी मदद न करें। कुछ पल इंतजार करें। ऐसा करना वास्तव में मददगार होगा।

संक्षिप्त समाचार

ब्राजील ने महान फुटबॉलर जगालो को अंतिम विदाई दी

रियो डी जिनेरियो। प्रशंसकों, खिलाड़ियाऔर कोचों ने रविवार को ब्राजील में महान फुटबॉलर मारियो जगालो को अंतिम विदाई दी जब एक खिलाड़ी और मैनेजर दोनों के रूप में विश्व कप जीतने वाले पहले व्यक्ति को रियो डी जिनेरियो कब्रिस्तान में दफनाया गया। जगालो ने अपने स्वभाव और कौशल से वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल की। श्रद्धांजलि की शुरुआत सार्वजनिक सभा के साथ हुई और ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) के संग्रहालय में दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में निजी तौर पर अंतिम संस्कार हुआ। बाद में उनके ताबूत को एक दमकल गाड़ी पर रियो ले जाया गया। यह ताबूत फीफा, दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल संस्था कोनमेबोल और सीबीएफ के झंडों से ढका हुआ था। साओ जोआओ बतिस्ता कब्रिस्तान में पहुंचने पर ताबूत पर केवल ब्राजील का राष्ट्रीय ध्वज था। इस दौरान परिवार के सदस्यों के साथ दर्जनों प्रशंसक और महान फुटबॉल काफू जैसे पूर्व खिलाड़ी जगालो को विदाई देने पहुंचे। जगालो ने खिलाड़ी के रूप में 1958 और 1962 में दो विश्व कप जीते। वह 1970 में कोच और 1994 में सहायक कोच के रूप में भी विश्व कप जीतने में सफल रहे। शुक्रवार देर रात 92 साल की उम्र में कई अंगों के काम करना बंद करने के कारण उनका निधन हो गया था।

यूबैंक्स और मोनफिल्स पहले दौर में हारे

ऑकलैंड। अमेरिका के क्रिस यूबैंक्स और फ्रांस के दिग्गज गेल मोनफिल्स को एटीपी ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में सोमवार को यहां हार का सामना करना पड़ा। पांचवीं वरीयता प्राप्त यूबैंक्स मांसपेशियों में चोट के बाद बोटिक वैन डेर जैडस्चुल्प की चुनौती से पार नहीं पा सके। उन्होंने मैच के बीच में इलाज के बाद अपना खेल जारी रखा लेकिन 6-7, 2-6 से हार गए। फ्रांस के 37 साल के मोनफिल्स के खेल पर भी उम्र हावी दिखी। हंगरी के फैबियन मरोज्सन के खिलाफ वह तीन सेट के संघर्षपूर्ण मुकाबले को 2-6, 7-6, 6-7 से गंवा बैठे।

देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात

नई दिल्ली। अमेच्योर गोल्फ की विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल इकलौती भारतीय अवनि प्रशांत के लिए अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। 17 साल की अवनि इस महीने दो अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत की अगुआई करेंगी। वह नौ से 12 जनवरी तक दक्षिणी गोल्फ क्लब में ऑस्ट्रेलियाई मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैम्पियनशिप में भाग लेगी।

ओलंपिक वर्ष की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेंगे बैडमिंटन खिलाड़ी

मलेशिया ओपन आज से: अप्रैल तक शीर्ष 16 में जगह बनाने पर रहेगा फोकस

एजेंसी। कुआलालंपुर

पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन पर नजरें टिकाए बैठे एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन जैसे भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियाको मंगलवार से यहां शुरू हो रहे मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के साथ नए सत्र की प्रभावी शुरुआत करने की उम्मीद होगी।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए अगले चार महीने में काफी कुछ दांव पर लगा होगा और इस दौरान उनकी नजरें व्यस्त कार्यक्रम के बीच अप्रैल के अंत तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में जगह बनाकर पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी। ओलंपिक में जगह बनने की दौड़ में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय आगे चल रहे हैं। उनके लिए पिछला सत्र शानदार रहा जिसमें उन्होंने विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में पहली बार कांस्य पदक और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में खिताब जीता। वह ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 में भी

फाइनल में पहुंचे। यह आठवीं वरीयता प्राप्त 31 वर्षीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन के खिलाफ करेगा और उन्हें अपनी शानदार फॉर्म जारी रखने की उम्मीद होगी। एंटोनसन ने 2023 में कोरिया ओपन जीतकर चोट से सफल वापसी की थी। सभी की निगाहें लक्ष्य और किदांबी श्रीकांत पर भी होंगी जो शीर्ष 16 में आने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पिछले साल कनाडा ओपन सुपर 500 का खिताब जीता लेकिन इसके बाद अपनी फॉर्म गंवा दी। श्रीकांत की विश्व रैंकिंग 24वीं हैं और वह 2023 में सिर्फ चार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे।

सेन और श्रीकांत के लिए चीजें आसान नहीं होने वाली हैं क्योंकि उन्हें यहां शुरुआती दौर में क्रमश: चीन के वेंग होंग यैंग और इंडोनेशिया के छठी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी जैसे कड़े प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना है। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शानदार फॉर्म में दिख रहे हैं। वे 2023 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रहे। उन्होंने 12 महीने की अवधि में एशियाई खेलों में स्वर्ण और इंडोनेशिया में सुपर 1000 टूर्नामेंट का खिताब जीतने के अलावा कोरिया ओपन सुपर 500 और स्विस ओपन सुपर 300 जीता तथा कुछ समय के लिए दुनिया की नंबर एक जोड़ी भी बने।

21 वें स्थान पर है अश्विनी और तनीषा की जोड़ी

पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंची सात्विक और चिराग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी अपना अभियान मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बगास मौलाना की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ शुरू करेगी। दिसंबर में तीन फाइनल में जगह बनाने के बाद आत्मविश्वास से भरी अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला युगल जोड़ी अब इस सत्र में विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में जगह बनाने की कोशिश करेगी। यह जोड़ी अभी ओलंपिक खेलों की क्वालीफिकेशन रैंकिंग में 21वें स्थान पर है। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी 27वें स्थान पर है। गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली अश्विनी और तनीषा का सामना शुरुआती दौर में अमेरिका की फ्रांसेस्का कॉर्बेट और एलिसन ली से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू घुटने की चोट से उबर रही हैं जिसके कारण महिला एकल में भारत का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा।

एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारत को बड़ी सफलता

वरूण और ईशा ने ओलंपिक कोटा पर साधा निशाना

10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किए

एजेंसी। जकार्ता

भारत के युवा निशानेबाजों वरूण तोमर और ईशा सिंह ने सोमवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर की क्रमश: पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दो ओलंपिक कोटा हासिल किए।

इन दोनों के ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के साथ भारत के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के 15 कोटा हासिल कर लिए हैं और इसके साथ ही तोक्यो खेलों में सबसे अधिक निशानेबाज उतारने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी कर ली। भारतीय निशानेबाजों के पास बाकी क्वालीफायर स्पर्धाओं के जरिए भी इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले खेलों में जगह बनाने का मौका होगा। भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पहले दिन दो टीम स्वर्ण सहित कुल छह पदक के साथ अपने अभियान का आगाज किया। बीस साल के तोमर ने फाइनल में 239.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि उनके हमवतन अर्जुन चीमा ने 237.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। मंगोलिया के देवाखु एंखताइवान (217.2) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले तोमर (586), अर्जुन (579)

और उज्जवल मलिक (575) की भारतीय टीम कुल 1740 अंक के साथ टीम स्पर्धा में शीर्ष पर रही थी। ईरान और कोरिया ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। महिला वर्ग में 18 साल की ईशा ने फाइनल में 243.1 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

पाकिस्तान की किशमाला तलत (236.3) ने रजत जबकि ईशा की हमवतन रिदम सांगवान (214.5) ने कांस्य पदक जीता। ईशा, रिदम और सुरभि राव की भारतीय तिकड़ी ने कुल 1736 अंक के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीता। ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम और 25 मीटर पिस्टल टीम के साथ विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पेरिस ओलंपिक के लिए कुल 16 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। पुरुषों और महिलाओं के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में चार कोटा हैं जिसमें से अधिकतम तीन भारतीय निशानेबाजों को मिल सकते हैं। इस प्रतियोगिता में 26 देशों के लगभग 385 निशानेबाज पेरिस कोटा हासिल करने के अलावा 256 पदक (84 स्वर्ण, 84 रजत और 88 कांस्य पदक) जीतने के लिए जकार्ता की सेनायन निशानेबाजी रेंज में चुनौती पेश करेंगे। भारत इस प्रतियोगिता से पहले राइफल, पिस्टल और शॉटगन स्पर्धाओं में 13 ओलंपिक कोटा स्थान हासिल कर चुका है।

सौरभ के नक्शेकदम पर चलता चाहते हैं वरुण

नई दिल्ली। उभरते हुए निशानेबाज वरुण तोमर हमेशा से अपन रिश्ते के भाई ओलंपिक निशानेबाज सौरभ चौधरी के नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं। तोमर शुरुआत से कई बार के विश्वकप स्वर्ण पदक विजेता और 2018 एशियाई खेलों के चैंपियन सौरभ के साथ उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में उनकी घरेलू रेंज में अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्वर्ण पदक उन्हें 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा।

महिला हॉकी टीम को लगातार तीसरी बार ओलंपिक में जगह बनाने का भरोसा: कौर

एजेंसी। रांची

अटैकिंग मिडफील्डर नवनीत कौर ने सोमवार को कहा कि भारतीय महिला टीम लगातार तीसरी बार ओलंपिक कोटा हासिल करने को लेकर आश्वस्त है और यहां की परिस्थितियों की जानकारी आठ टीम के हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर से पहले मेजबान टीम को अच्छी स्थिति में रखेगी।

सविता पूनिया के नेतृत्व में भारतीय टीम ने पिछले साल नवंबर में यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। मेजबान टीम ने फाइनल में जापान को 4-0 से हराकर प्रतियोगिता में अपना लगातार दूसरा खिताब जीता था। नवनीत ने कहा, रांची में जल्दी पहुंचने से हमें मुख्य पिच (मैदान) पर कुछ सत्र अभ्यास का मौका मिला और इससे हमें मौसम के अनुकूल ढलने में भी मदद मिली।

उन्होंने कहा, हम महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भी इस स्थल पर खेल चुके हैं इसलिए हम पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं। तोक्यो ओलंपिक खेलों में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम ने परिस्थितियों को समझने के लिए लगभग एक सप्ताह बिताया। भारतीय टीम ने खूंटी जिले के कुछ और स्थलों पर भी प्रशिक्षण लिया। नवनीत ने कहा, हमने खूंटी जिले

में भी जाकर प्रशिक्षण लिया जो हमारे कुछ साथियों का घर है और उन बच्चों के चेहरे पर उत्साह देखना अविश्वसनीय था जो हमारी हौसलाअफजाई करने आए थे।

भारत को पूल बी में रखा गया है और वह अपना अभियान शनिवार को अमेरिका के खिलाफ शुरू करेगा और इसके अगले दिन न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। एक दिन के आराम के बाद 16 जनवरी को भारत का मुकाबला इटली से होगा। पूल ए में विश्व नंबर पांच जर्मनी, एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य को जगह मिली है। प्रत्एक पूल से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और शीर्ष तीन में रहने वाली टीमों को पेरिस ओलंपिक 2024 में जगह मिलेगी। सेमीफाइनल 18 जनवरी को होंगे जबकि फाइनल और कांस्य पदक का प्ले ऑफ मुकाबला 19 जनवरी को होगा।

क्रेसिकोवा और हदाद माइया पहले दौर में हारे

एडीलेड। फ्रेंच ओपन की पूर्व चैंपियन बारबरा क्रेसिकोवा और बीट्रिज हदाद माइया को सोमवार को यहां एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर अन्ना केलिन्सकाया ने 2021 की फ्रेंच ओपन विजेता और चौथी वरीय क्रेसिकोवा को 7-5, 3-6, 7-5 से शिकस्त दी। केलिन्सकाया तीसरे और निर्णायक सेट में जब 6-5 से आगे थी तो उन्हें क्रेसिकोवा की सर्विस पर तीन मैच प्वाइंट मिले जिसमें से तीसरे पर अंक जुटाकर उन्होंने मैच अपने नाम किया। पूर्व में फ्रेंच

ओपन के फाइनल में जगह बना चुकी पावलुचेनकोवा ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए मुख्य वर्ग में जगह बनाते हुए पांचवीं वरीय हदाद माइया को 6-3, 6-4 से हराया। पहले दौर में एक अन्य मुकाबले में एना बोगडन ने केटी बोल्टर को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। दूसरी तरफ होबार्ट इंटरनेशनल डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय एलिस मर्टेन्स ने डेनियल कोलिन्स को 6-2, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

आर्सेनल की मुश्किलें बरकरार

एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट में लिवरपूल ने हराया

एजेंसी। लंदन

आर्सेनल को एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दौर में लीवरपूल के खिलाफ रविवार को यहां 0-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

आर्सेनल की टीम खराब फॉर्म से जूझ रही है और सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले सात मैच में से चार मैच गंवा चुकी है। टीम ने लगातार तीन मैच गंवाए हैं। लीवरपूल के खिलाफ आर्सेनल के डिफेंडर याकुब किवियोर ने 80वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जबकि लुई डियाज ने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। मैनचेस्टर सिटी ने एक अन्य मैच में दूसरे टीयर की टीम हडर्सफील्ड पर 5-0 की आसान जीत दर्ज की।

सिटी के केविन डीब्रून ने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण लगभग पांच महीने के बाद इस मुकाबले के साथ वापसी की। मैनचेस्टर सिटी की ओर से फिल फोडेन (33वें और 65वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि जूलियन अल्वारेज (37वें मिनट) और जेरेमी डोकु (74वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। हडर्सफील्ड के बेन जैकसन ने आत्मघाती गोल भी किया। रेक्सहैम ने जीत दर्ज की जबकि प्रीमियर लीग टीम वेस्टहैम, नॉटिंघम फॉरेस्ट और ल्युटन के मुकाबले ड्रॉ रहे।

हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट से संन्यास लिया

चार मैच के टेस्ट कॅरियर में 104 रन बनाए

एजेंसी। प्रिटोरिया

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है जिससे लाल गेंद के प्रारूप में उनका संक्षिप्त करियर खत्म हो गया। रांची में 2019 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 32 साल के क्लासेन ने अपने संक्षिप्त टेस्ट करियर में चार मैच खेले।

वह अपना आखिरी टेस्ट पिछले साल जोहानिसबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले थे। क्लासेन ने अपने टेस्ट करियर में 13.00 के औसत से 104 रन बनाए और सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 35 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही। क्लासेन हालांकि सफेद गेंद के प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस बल्लेबाज ने बयान में कहा, मैं सही फैसला

कर रहा हूं या नहीं इसे लेकर कुछ दिन नींद नहीं आई। मैंने लाल गेंद के क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। क्लासेन ने कहा, मैंने यह मुश्किल फैसला किया है क्योंकि यह खेल का मेरा सबसे पसंदीदा प्रारूप है। मैंने मैदान के अंदर और बाहर जो लड़ाई लड़ी उसने मुझे वह क्रिकेटर बनाया जो मैं आज हूं।

मुंबई मैराथन के ब्रांड दूत बने मेब

मुंबई। एथेंस ओलंपिक 2004 के रजत पदक विजेता और लंबी दूरी के जाने माने धावक मेब केफलेजिगी को रविवार को 19वीं टाटा मुंबई मैराथन का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया।

यह विश्व एथलेटिक्स की गोल्ड लेबल की रेस है और प्रोकैम इंटरनेशनल इसका प्रमोटर है। एरीट्रिया में जन्में अमेरिकी केफलेजिगी ने उस समय इतिहास रचा था जब वह ओलंपिक पदक (2004), न्यूयॉर्क सिटी मैराथन (2009) और बोस्टन मैराथन (2014) जीतने वाले पहले धावक बने थे। वह 2009 में 1982 के बाद न्यूयॉर्क मैराथन जीतने वाले पहले अमेरिकी भी बने। वह अपने करियर में कुल आठ बार न्यूयॉर्क मैराथन में शीर्ष 10 में शामिल रहे।

रणजी ट्राफी: कर्नाटक की पंजाब पर बड़ी जीत

एजेंसी। हुबली

कर्नाटक में सोमवार को यहां एलीट ग्रुप सी के एकतरफा मुकाबले में पंजाब को 7 विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

कर्नाटक ने पंजाब के पहली पारी के 152 रन के जवाब में 8 विकेट पर 514 रन बनाकर अपनी पारी घोषित की थी। पंजाब प्रभसिमरन सिंह के 100 रन और अभिषेक शर्मा की 91 रन की पारी की बदौलत अपनी दूसरी पारी में 413 रन बनाने में सफल रहा। इस तरह से कर्नाटक के सामने केवल 52 रन का लक्ष्य था जो उसने मैच के चौथे दिन तीन विकेट खोकर हासिल कर दिया। पंजाब की दूसरी पारी में कर्नाटक की तरफ से रोहित कुमार और शुभांग हेगडे ने तीन-तीन विकेट लिए। वलसाड में खेले गए ग्रुप सी के एक अन्य मैच में गुजरात ने तमिलनाडु को 111 रन से हराकर 6 अंक हासिल किए।

तमिलनाडु में चौथे दिन अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 32 रन से आगे बढ़ाई लेकिन 299 रन के लक्ष्य के सामने उसकी टीम 187 रन पर आउट हो गई। गुजरात की तरफ से अर्जन नागासवाला ने 34 रन देकर चार विकेट लिए। इसी ग्रुप में अगरतला में खेले गए मैच में गोवा के विकेटकीपर बल्लेबाज कृष्णमूर्ति सिद्धार्थ ने नाबाद 151 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज जीतने उतरेगा भारत

मुंबई में तीसरा टी-20 मुकाबला आज

एजेंसी। नवी मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम लंबे और मिश्रित सफलता वाले घरेलू सत्र का अंत मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम मुकाबले में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्वदेश में पहली बार टी-20 श्रृंखला जीतकर करना चाहेगी।

तीन मैच की सीरीज 1-1 से बराबर चल रही है और हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2024 टी20 विश्व कप के साल की शुरुआत इस प्रारूप में जीत के साथ करने का मौका है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच द्विपक्षीय

टी20 श्रृंखलाओं में से केवल एक में जीत दर्ज की है जबकि चार में उसे हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने एकमात्र श्रृंखला 2015-16 में ऑस्ट्रेलिया में जीती थी और इस टीम के खिलाफ उसकी उपलब्धियों में यह शीर्ष पर है। भारत ने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड नौ विकेट से हराया था लेकिन दूसरे मैच में मेजबान टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए हरमनप्रीत की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। भारतीय कप्तान सभी प्रारूपों में पिछले 10 मैच में अर्धशतक जड़ने के नाकाम रही है। वह पिछली 11 पारियों में सात बार दोहरे अंक में पहुंचने में नाकाम रही हैं। दूसरे मैच में ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन भारत को जीत दिलाने में नाकाम रहीं। शुरुआती दो मुकाबलों की पिच पर बल्लेबाजों को स्वच्छंद होकर खेलने का मौका नहीं मिला है विशेषकर पहली पारी में जिससे गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला। रविवार को दूसरे टी-20 में मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं ऑस्ट्रेलिया की किम गार्थ ने कहा, यह बल्ले और गेंद के बीच वास्तव में अच्छा मुकाबला रहा है, इसमें बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए कुछ ना कुछ है। दीप्ति को भी दूसरे मैच की पिच बल्लेबाजी के लिए चुनौतीपूर्ण लगी।

दोनों टीम के खिलाड़ी

भारत: हरमनप्रीत (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यस्तिका भाटिया, रिचा घोष, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सेइका इशाक, रेणुका, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका और मीनू मणि।

ऑस्ट्रेलिया: डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली (कप्तान), जेस योनासेन, एलेना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिस पैरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वेयरहैम।

समय: शाम 7:00 बजे से

भारत की अनाहत ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट में उप विजेता रहीं

एजेंसी। बर्मिंघम

भारत की उभरती हुई खिलाड़ी अनाहत सिंह यहां ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के लड़कियों के अंडर-17 वर्ग में उप विजेता रहीं।

अनाहत को बर्मिंघम विवि में 68 मिनट चले कड़े फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीय नादीन अलहमामी के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत की 15 साल की अनाहत ने पहला गेम 11-7 से जीत लिया था लेकिन इसके बाद नादीन ने जोरदार वापसी करते हुए अगले दो गेम टाईब्रेक में 13-11 और 12-10 से जीतकर 2-। की बढ़त बना ली। अनाहत ने चौथा गेम 11-5 से जीतकर स्कोर 2-2 किया लेकिन मिस्र की खिलाड़ी ने पांचवां और निर्णायक गेम 11-9 से जीतकर खिताब अपने नाम किया।

पिछले महीने अनाहत ने स्कॉटिश जूनियर ओपन के अंडर-19 वर्ग का खिताब जीता था। इस बीच अमेरिकी जूनियर ओपन के लड़कों के अंडर-15 वर्ग के गत चैंपिन आर्यवीर दीवान लड़कों के अंडर-15 वर्ग में तीसरे स्थान

पर रहे। सेमीफाइनल में मिस्र के शीर्ष वरीय फिलोपेटर सालेह के खिलाफ।-3 की शिकस्त के बाद आर्यवीर ने तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में जीत दर्ज की। प्रतिभावान आदया बुधिया को लड़कियों के अंडर-13 क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की शीर्ष वरीय विविएन एसजे के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।